जेष्ठ मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 139, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 16 जून 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### ममता ने गोपाल गांधी और फारुक अब्दुल्ला का नाम प्रपोज किया, 16 दलों के नेता बोले- पूरे विपक्ष का एक ही कैंडिडेट होगा

# राष्ट्रपति चुनाव पर विपक्ष एकजुट

**नई दिल्ली:** दिल्ली में बुधवार को हुई अपोजिशन की अहम बैठक में राष्ट्रपति चुनाव के लिए दो नाम प्रपोज किए गए हैं। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ये बैठक बुलाई थी। करीब 2 घंटे की बैठक के बाद उन्होंने गोपाल गांधी और फारुक अब्दुल्ला का नाम प्रपोज किया। इसके बाद शरद पवार ने भी कहा कि हम नाम पर रायशुमारी कर रहे हैं। बैठक में शिवसेना और कांग्रेस समेत 16 दल शामिल थे। आम राय यह बनी कि पूरे विपक्ष का एक ही कैंडिडेट होगा। इस बैठक में आम आदमी पार्टी ने हिस्सा नहीं लिया। उधर, न्योता न मिलने पर असदुद्दीन ओवैसी भी नाराज हो गए। बैठक में कांग्रेस, सीपीआई, सीपीआई (एम), सीपीआईएमएल, आरएसपी, शिवसेना, एनसीपी, राजद, एसपी, नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीडीपी, जद (एस), डीएमके, आरएलडी, आईयूएमएल और झामुमो के लीडर्स शामिल हुए।

**येचुरी ने पहले मना किया फिर मीटिंग में आए:** ममता बनर्जी और एनसीपी चीफ शरद पवार बैठक में शामिल होने के लिए मंगलवार शाम को ही दिल्ली पहुंच गए थे। 14 जून को दिल्ली में ममता ने एनसीपी चीफ शरद पवार और प्रफुल्ल पटेल से मुलाकात की। उधर, माकपा के सीताराम येचुरी ने स्पष्ट किया कि एनसीपी नेता शरद पवार राष्ट्रपति पद के लिए विपक्ष के उम्मीदवार नहीं होंगे। उन्होंने ये भी कहा कि ममता के नेतृत्व में होने वाली इस बैठक में



माकपा का शीर्ष नेतृत्व हिस्सा नहीं लेगा। हालांकि, बुधवार को हुई बैठक में वे खुद शामिल हुए।

**ममता ने 22 नेताओं को लिखी थी चिट्ठी:** ममता ने विपक्ष के 8 सीएम सहित 22 नेताओं को चिट्ठी लिखकर बैठक में शामिल होने का अनुरोध किया था। खास बात यह है कि इस बैठक में कांग्रेस भी शामिल हुई। कांग्रेस की ओर से इस बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे शामिल हुए। देश में 18 जुलाई को राष्ट्रपति का चुनाव होना है जिसको लेकर विपक्ष भाजपा के खिलाफ लामबंद हो रहा है।

**आप-टीआरएस ने झाड़ा पल्ला**

ममता की योजना को झटका उस वक्त लगा, जब इस बैठक से आम आदमी पार्टी, टीआरएस और बीजद ने किनारा कर लिया। बताया जा रहा है कि बैठक में मल्लिकार्जुन खड़गे, रणदीप सुरजेवाला, शरद पवार, एचडी देवगौड़ा, अखिलेश यादव, महबूबा मुफ्ती, जयराम रमेश समेत कई दिग्गज नेता मौजूद थे।

**गजट नोटिफिकेशन जारी:** 16वें राष्ट्रपति चुनाव के लिए गजट नोटिफिकेशन जारी किया गया। इसके मुताबिक, देश में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव 16 जुलाई को कराए जाएंगे। उम्मीदवारों के नामांकन की आखिरी तारीख 29 जून तय की गई है।

### बैठक में शरद पवार और खड़गे का भी नाम उछला

**बैठक** में शरद पवार और खड़गे का भी नाम उछला विपक्षी दल राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के लिए एनसीपी नेता शरद पवार के नाम पर सहमत नजर आ रहे हैं। शरद पवार से पहले कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे को भी राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाने की खबरें आ रही थीं।

बैठक में न बुलाए जाने से ओवैसी नाराज

ममता बनर्जी और एनसीपी चीफ शरद पवार बैठक में शामिल होने के लिए मंगलवार शाम को ही दिल्ली पहुंच गए थे। 14 जून को दिल्ली में ममता ने एनसीपी चीफ शरद पवार और प्रफुल्ल पटेल से मुलाकात की। उधर, माकपा के सीताराम येचुरी ने स्पष्ट किया कि एनसीपी नेता शरद पवार राष्ट्रपति पद के लिए विपक्ष के उम्मीदवार नहीं होंगे। उन्होंने ममता के नेतृत्व में होने वाली इस बैठक में माकपा का शीर्ष नेतृत्व हिस्सा नहीं लेगा। वहीं ओवैसी बैठक में आमंत्रित न किए जाने से नाराज है। इससे पहले खबरें आ रही थीं कि विपक्षी दल राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के लिए एनसीपी नेता शरद पवार के नाम पर सहमत नजर आ रहे हैं। शरद पवार से पहले कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे को भी राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाने की खबरें आ रही थीं।

4 जुलाई को खत्म हो रहा है राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का कार्यकाल

18 जुलाई को राष्ट्रपति चुनाव के लिए वोटिंग होनी है, वहीं 21 जुलाई को नतीजे आएंगे।

# बिहार के युवाओं को पसंद नहीं आई 'अग्निपथ योजना'

### बवाल: सेना की नई भर्ती स्कीम के खिलाफ मुजफ्फरपुर में प्रदर्शन

**पटना:** सेना में भर्ती के लिए केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना का बिहार में विरोध शुरू हो गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा अग्निपथ योजना की घोषणा करने के अगले ही दिन, यानी बुधवार को जगह-जगह प्रदर्शन शुरू हो गया। प्रदर्शनकारियों ने बक्सर में रेलवे ट्रैक जाम किया तो मुजफ्फरपुर के माड़ीपुर में आगजनी की और सड़क जाम कर दी। इसके अलावा आरा में भी जमकर बवाल मचाया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को समझाने का भी प्रयास किया, लेकिन वे योजना को वापस लेने की मांग पर अड़े हुए हैं।

**जनरल वी के सिंह बोले- मुझे योजना के बारे में ज्यादा नहीं मालूम:** अग्निपथ योजना से सेना का ढांचा ही बिगड़ जाएगा? मीडिया के इस सवाल पर पूर्व आर्मी चीफ और केंद्रीय मंत्री जनरल वी के सिंह ने कहा कि कोई भी नई चीज आती है तो उसके बारे में तब तक पता नहीं चलता जब तक वो जमीन पर नहीं आती। मैं इस योजना को बनाने



वाली टीम में शामिल नहीं हूं, मुझे इसके बारे में ज्यादा मालूम नहीं है। योजना अभी अनाउंस हुई है, देखते हैं समय पर क्या होता है और क्या नहीं।

**आर्मी रिक्रूटमेंट ऑफिस के सामने प्रदर्शन:** मुजफ्फरपुर में बुधवार को सैकड़ों लोग लाठी-डंडा लेकर सड़क पर उतर गए और हंगामा और प्रदर्शन करने लगे। सबसे पहले प्रदर्शनकारी (आर्मी रिक्रूटमेंट ऑफिस) पर पहुंचे। वहां पर विरोध जताया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने माड़ीपुर में आगजनी कर रोड जाम कर दिया। साथ ही सड़क के आसपास लगे बोर्ड और होर्डिंग में तोड़फोड़ का भी प्रयास किया। प्रदर्शनकारियों को समझाने के लिए सदर और काजी मोहम्मदपुर पुलिस मौके पर पहुंची, हालांकि वे नहीं मानें। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जब तक सेना का कोई अधिकारी उन लोगों की समस्या नहीं सुनेंगे वे सड़क से नहीं हटेंगे।

## पंजाब: केजरीवाल-मान ने वॉल्वो बसों को दिखाई हरी झंडी

**चंडीगढ़:** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल व पंजाब के सीएम भगवंत मान ने बुधवार दोपहर को जालंधर से दिल्ली एयरपोर्ट तक जाने वाली सरकारी वॉल्वो बस को हरी झंडी दिखाई। जालंधर बस स्टैंड के भीतर एक बड़ा मंच बनाया गया है। इस पर अरविंद केजरीवाल, भगवंत मान के अलावा जालंधर के विधायक व परिवहन मंत्री मौजूद रहे।

**पंजाब में अब ईमानदार सरकार:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मैं विपक्ष से पूछता हूं, क्या मान साहब अपने साथ गैंगस्टर लाए हैं? ये गैंगस्टर पिछली सरकारों में पैदा हुए थे। गैंगस्टरों, राष्ट्रविरोधी तत्वों की रक्षा कोई नहीं कर सकता। पटियाला झड़प के आरोपी 24 घंटे के अंदर पकड़े गए। पंजाब पुलिस ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को गिरफ्तार किया है।

## देश का निर्यात मई में 20.55 फीसदी बढ़कर 38.94 अरब डॉलर पर

**नई दिल्ली: रूस**-यूक्रेन जंग के बीच निर्यात के मोर्चे पर अच्छी खबर है। स्वदेशी वस्तुओं का निर्यात मई, 2022 में 20.55 फीसदी बढ़कर 38.94 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इस दौरान आयात 62.83 फीसदी बढ़कर 63.22 अरब डॉलर रहा। हालांकि, इस दौरान व्यापार घाटा बढ़कर रिकॉर्ड 24.29 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को आंकड़े जारी करके बताया कि देश का निर्यात वित्त वर्ष 2022-23 में मई, 2022 में 20.55 फीसदी बढ़कर 38.94 अरब डॉलर रहा है।

# नफरत और बदले की राजनीति कर रही है केंद्र सरकार: पायलट

**नई दिल्ली:** राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने राहुल गांधी से प्रवर्तन निदेशालय की पूछताछ को साजिश करार दी है। उन्होंने केन्द्र सरकार पर नफरत और बदले की राजनीति करने का आरोप लगाया है। पायलट ने कहा भाजपा असत्य, अन्याय और अनीति से सत्य को दबाने की कोशिश कर रही है। लेकिन इसमें वह कभी सफल नहीं होंगे। पायलट ने कहा कि सरकार के पास हमारी आवाज दबाने का अधिकार तो नहीं हैं लेकिन मोदी सरकार कांग्रेस के शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर रोक लगा रही है। ईडी द्वारा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से पूछताछ के



विरोध में बुधवार को दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस नेता सचिन पायलट को भी पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। इस दौरान पाइलट ने कहा कि जिस प्रकार से कांग्रेस नेता राहुल गांधी को परेशान करने के लिए जांच एजेंसियों का इस्तेमाल किया जा रहा है। वह स्वस्थ्य लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। हम इसका विरोध करते हैं। पायलट ने आरोप लगाया है कि दिल्ली पुलिस पार्टी मुख्यालय में घुस कर लाठीचार्ज कर रही है। साथ ही उनके नेताओं को नजरबंद कर रही है। उल्लेखनीय है कि ईडी धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) की आपराधिक धाराओं के तहत राहुल गांधी से आज तीसरे दिन पूछताछ कर रही है। ईडी के इस कदम के विरोध में कांग्रेस बीते दिनों से दिल्ली में प्रदर्शन कर रही है। इसी क्रम में आज कांग्रेस नेता सचिन पायलट को भी दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ली है।

# कानपुर हिंसा: पैसे देकर बच्चों से कराई पत्थरबाजी



**कानपुर:** कानपुर में 3 जून को हुई हिंसा के दौरान बच्चों ने भी जमकर पथराव और बमबाजी की थी। सीसीटीव फुटेज और वायरल फोटो-वीडियो की जांच से इस बात की पुष्टि हुई है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के आदेश पर पुलिस ने जांच शुरू की, तो चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। बच्चों को पैसे देकर नई सड़क पर हिंसा कराई गई थी। हिंसा से पहले कई बार बिरयानी भी बांटकर बच्चों को खिलाई गई। साथ ही बच्चों को मजहबी कट्टरता का भी पाठ पढ़ाया गया था। कश्मीर में पत्थरबाजी करने के लिए आतंकी ऐसा करते रहे हैं। इलाके के मदरसे में पढ़ने वाले छात्र भी पुलिस के रडार पर हैं। इसके अलावा एक बार फिर से हिंसा के आरोपियों को पांच दिन की रिमांड लेने के लिए कोर्ट में अर्जी दी गई है।

**चैनल बनाकर बच्चों को बांटे गए रुपए:** जेसीपी आनंद प्रकाश तिवारी ने बताया कि बच्चों का हिंसा में शामिल होना गंभीर बात है। एनसीपीसीआर ने भी इसका संज्ञान लेते हुए कानपुर पुलिस कमिश्नर विजय सिंह मीणा को जांच का आदेश दिया था। पुलिस की जांच में सामने आया कि नाबालिग बच्चों को रुपए बांटकर हिंसा के लिए डायवर्ट किया गया। बच्चों तक फंड सीधे नहीं, बल्कि अलग चैनल से भेजे गए। यानी इलाके के नेताओं और गली-मोहल्ले के लोगों से रुपए बंटवाए गए। तय समय पर सैकड़ों नाबालिग हाथ में पत्थर लेकर सड़कों पर उतर आए थे और जमकर पथराव किया था।

**जांच के दायरे में इलाके के मदरसों के छात्र:** हिंसा में शामिल बच्चों की जांच कर रही टीम के रडार पर इलाके के मरदसे भी हैं। वायरल वीडियो और सीसीटीवी में कैद बच्चों का फोटो और मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों की शिनाख्त कराई जा रही है। फिलहाल अभी तक इस तरह का कोई मामला सामने नहीं आया है। हिंसा प्रभावित क्षेत्र में एक-दो नहीं छह से अधिक बड़े मदरसे चलते हैं। इसमें कानपुर के अलावा कई जिलों के बच्चे पढ़ाई करते हैं।

## डॉलर के मुकाबले 13 पैसे टूटा रूपया

**नई दिल्ली:** घरेलू शेयर बाजारों में सुस्ती और लगातार विदेशी कोषों के बहिर्वाह से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई है। इसके चलते बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 13 पैसे टूटकर 78.17 (अनंतिम) के अब तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में भारतीय मुद्रा 77.99 पर खुली और अंत में 78.04 के अपने पिछले बंद के मुकाबले 13 पैसे नीचे 78.17 के अपने सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुई।

**फेड रिजर्व बढ़ा सकता है दरें:**



मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के फॉरेक्स एंड बुलियन एनालिस्ट गौरांग सोमैया ने कहा कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक द्वारा ब्याज दरों में 50 बीपीएस तक बढ़ाए जाने की संभावना है। हॉकिश टिप्पणियों से डॉलर को निचले स्तरों पर समर्थन मिल सकता है।

### दिल्ली-मुंबई और दिल्ली-हावड़ा रूट पर लगेगा कवच, दो ट्रेनों की टक्कर होने से बचाएगा

# 3000 किमी रेलवे ट्रैक को मिलेगा कवच

**नई दिल्ली:** रेलवे ने घोषणा की है कि दिल्ली-मुंबई और दिल्ली-कोलकाता मेन लाइन पर रेल प्रोटेक्शन सिस्टम 'कवच' लगाया जाएगा। कुल दूरी 3000 किलोमीटर होगी। एक रेलवे अधिकारी के मुताबिक, कवच के इंस्टॉलेशन पर कुल 1000 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसका मकसद ट्रेन ऑपरेशन्स को फूल प्रूफ सिक्योरिटी देना है। इससे एक ही पटरी पर आने वाली दो ट्रेनों की टक्कर को रोका जा सकेगा। ऐसा करने से यात्री अब और ज्यादा सुरक्षित रह सकेंगे। इसे मिशन



रफ्तार के तहत लगाया जाएगा।

**10 हजार साल में एक बार ही खराब होगा कवच:** रेलवे अधिकारियों के मुताबिक- इस कवच सिस्टम के 10 हजार साल में एक बार ही खराब होने की संभावना है। आत्मनिर्भर भारत के एक हिस्से के रूप में फाइनेंशियल ईयर 2022-23 में सुरक्षा और क्षमता वृद्धि के लिए 2,000 किलोमीटर नेटवर्क को कवच के तहत लाया जाएगा।

अभी कवच को 1098 किमी रूट पर दक्षिण सेंट्रल रेलवे में लगाया गया है। हर साल करीब 4000 से 5000 किलोमीटर रेल रूट पर कवच को लगाने का लक्ष्य है।

**760 रेल इंजनों में फिट किया जाएगा कवच:** रेलवे ने 3000 किमी से ज्यादा और 760 रेल इंजनों में इस तकनीक को फिट करने के लिए 11 टेंडर मंगाए हैं।

# ईडी की पूछताछ: कई सवालों ने बढ़ाई राहुल गांधी की मुश्किलें

**नई दिल्ली:** नेशनल हेराल्ड केस में कांग्रेस पार्टी के लोकसभा सांसद राहुल गांधी के लिए मुश्किलें बढ़ सकती हैं। जैसे-जैसे पूछताछ का समय बढ़ता जा रहा है, राहुल की गिरफ्तारी का खतरा मंडराता जा रहा है। ईडी के विश्वस्त सूत्रों के मुताबिक, राहुल गांधी से हो रही तीसरे दिन की पूछताछ में कई सवाल, बार-बार दोहराए जा रहे हैं। वजह, जांच एजेंसी को उनका सटीक जवाब नहीं मिल सका है। करीब दस सवाल ऐसे हैं, जिन्होंने राहुल गांधी को 'असहज' स्थिति में ला दिया है। दूसरी तरफ बुधवार को राहुल गांधी की पेशी के दौरान दिल्ली पुलिस की कार्रवाई कुछ नया इशारा कर रही है। तीसरे दिन की पेशी पर दिल्ली पुलिस ने कांग्रेस मुख्यालय एवं दूसरे मार्गों की जबरदस्त



किलेबंदी की है। हरियाणा से राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा को उनके आवास से बाहर नहीं निकलने दिया गया। वहां पर उनके सैंकड़ों समर्थक भी मौजूद रहे। इसी तरह से कई दूसरे नेताओं की घेराबंदी की गई। ईडी के पूर्व अधिकारी का कहना है, अभी सोनिया गांधी से पूछताछ बाकी है। संभव है कि उसके बाद किन्हीं दस्तावेजों के आधार पर या कोर्ट के आदेश पर राहुल को गिरफ़्तार किया जा सकता है।

**ईडी ने पूछे ये सवाल:** ईडी सूत्रों ने बताया, राहुल गांधी से लगातार यह सवाल पूछा जा रहा है कि यंग इंडिया की प्रॉपर्टी का पैसा कौन इस्तेमाल कर रहा है। हालांकि राहुल ने इस बाबत वही जवाब दिया, जिसे पार्टी नेता रणदीप सुरजेवाला अपनी प्रेसवार्ता में दोहरा चुके थे। दूसरा सवाल यह पूछा गया कि जिस कंपनी से लोन लिया गया है, उससे उनका क्या रिश्ता है। इस सवाल के कई उप भाग भी रहे। जैसे इस कंपनी को किसने बनाया है। इसके बोर्ड ऑफ डायरेक्टर कौन हैं। क्या वे अब बदल गए हैं।

# 15 अगस्त को 'हर घर झंडा' अभियान शुरू करने का फैसला

**नई दिल्ली:** केंद्र सरकार ने 15 अगस्त को 'हर घर झंडा' अभियान शुरू करने का फैसला किया है, जिसके तहत स्वतंत्रता दिवस पर लोगों को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। यह पहल आजादी का अमृत महोत्सव का एक हिस्सा होगी, जो भारत की आजादी के 75 साल पूरे होने के जश्न के रूप में मनाई जाएगी। वहीं उत्तर प्रदेश इस अभियान का सबसे बड़ा हिस्सेदार होगा। मंत्रालय ने लोगों से आग्रह



किया है कि वे 15 अगस्त को अपने घरों, संस्थानों और प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराएं और परिवार के साथ मिलकर राष्ट्रगान भी गाएं। वहीं आम लोगों को तकनीकी सहायता भी दी जाएगी, ताकि वे अपने ऐप के जरिए फोन पर 'जन गण मन' डाउनलोड करके बजा सकें।

## खबर संक्षेप

### सीओडी छिवकी की बाउंड्री के पास झाड़ियों में लगी भीषण आग से हडकंप

**नैनी,प्रयागराज।** नैनी क्षेत्र के केद्रीय आयुद्य भंडार सीओडी, छिवकी के बांउड्री के पास झाड़ियों में मंगलवार की शाम अचानक आग लग गई। जिससे अफरा-तफरी मच गई। आग ने धीरे-धीरे विकराल रूप धारण कर लिया। हालांकि समय रहते सीओडी छिवकी व नैनी फायर स्टेशन की आधा दर्जन से अधिक गाड़ियों ने कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।सीओडी छिवकी की बाउंड्री वाल के पास मंगलवार की शाम अचानक झाड़ियो में आग लग गई। आग धीरे-धीरे बढ़ने लगी। जिसकी सूचना मिलते ही सीओडी छिवकी के जवानों ने फौरन अपनी अग्निशमन वाहन ने आग पर काबू पाना शुरू कर दिया। सूचना पर नैनी फायर स्टेशन की दमकल की भी मौके पर पहुंच गई। इंस्पेक्टर नैनी सुरेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि झाड़ियों में आग लगी थी। जिसे समय रहते बुझा लिया गया। इस आग पर काबू पाने में सीओडी छिवकी की छह व नैनी फायर स्टेशन की दो गाड़ियां लगी।

# रिश्तेदारी में गर्मी की छुट्टी बिताने आए दो बालकों की गंगा में डूबकर मौत

अखंड भारत संदेश

**हंडिया।** जनपद प्रयागराज के हंडिया थाना अंतर्गत आने वाले बाहरपुर गंगा घाट पर दो युवक स्नान करने गए थे। जहां डूबने से दोनों की मौत हो गई। अनुज यादव उम्र 18 वर्ष पुत्र तुलसीराम यादव निवासी डुबकी खुर्द हंडिया अपनी रिश्तेदारी में ग्राम बाहरपुर गया था। वहीं दूसरा लड़का सौरव यादव पुत्र पारसनाथ यादव उम्र 18 वर्ष निवासी ग्राम दुमदूमा भी बाहरपुर स्थित रिश्तेदारी में आया था।दोनों युवक सुबह गंगा स्नान करने बाहरपुर गंगा घाट पर गए थे। वहीं पर स्नान करते समय गहरे पानी में जाने से अनुज यादव और सौरव यादव की डूबने से मौत हो गई। आसपास के लोगों द्वारा काफी बचाने का प्रयास किया गया लेकिन बचाया नहीं जा सका। बाहर खड़े लोगों ने दोनों युवकों को डूबते देखा तो शोर मचाया। शोर की आवाज सुनकर मल्लाहो ने तुरंत नदी में छलांग लगाया युवकों को बाहर निकाला लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी।



गंगा में डूबे बालकों के रोते बिलखते परिजन तथा इन्सेट में डूबे दोनो बालकों की फाइल फोटो

### कोतवाल बोले- परिजनों ने थाने में नहीं दी जानकारी

हंडिया कोतवाल ने बताया कि घटना के बारे में दोनों मृतक के परिजनों द्वारा थाने पर कोई जानकारी नहीं दी गई है। परिजन हिंदू रीति रिवाज के अनुसार उनका क्रिया कर्म करने की तैयारी की जा रही है। अन्य कोई शांत वयवस्था संबंधी समस्या नहीं है स्थिति पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है । वहीं इस घटना की सूचना के बाद गांव में चारों तरफ चीत्कार की आवाज सुनाई दे रही है। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। पूरे गांव में मातम छाया हुआ है। गर्मी का मौसम शुरू होते ही अब तक यह तीसरी घटना है जब हंडिया दो लोगों की एक साथ डूबने से मौत हुई है।

### संसारपुर की साईं बस्ती बदहाली पर बहा रहा आँसू

**लेडियारी।** कोरांव तहसील अंतर्गत ग्राम सभा संसारपुर में साईं बस्ती है जहाँ पर कई जाति समुदाय के लोग निवास करते हैं । यह बस्ती 20 से 25 वर्ष पूर्व से बसी है जो आज तक सरकारी सुविधाओं से वंचित है। यहाँ के स्थानीय लोगों का कहना कि इस बस्ती से बाहर या नजदीकी महुली बाजार तक आने जाने वालों को गहरे नाले का सामना करना पड़ता है । इस बस्ती में आने जाने के लिए कोई मार्ग भी नही है । कच्चे पग डंडी रास्तों से होकर नाले को पारकर लोगों को गुजरना पड़ता है। सूखे मौसम मे तो किसी भी तरह चल भी सकते हैं लेकिन बारिश के मौसम मे लोगों का निकलना दुस्सवार हो जाता है। अगर कोई व्यक्ति बीमार हो जाता है तो उसे चारपाई मे लेटाकर चार आदमियों के कंधे के सहारे गहरे नाले को पारकर बड़ी ही मसक्कत से अस्पताल पहुँचाया जाता है। मार्ग और पुलिया के अभाव मे शादी /विवाह मे भी बाधा उत्तपंन होता है , रिश्ते करने वाले भी रिश्ता करने से कतराते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बीमार पुलिया न होने से बारिश के मौसम मे घर पर ही दम तोड़ चुके हैं। बस्ती के लोगों अनुसार शासन प्रशासन के अधिकारियों, नेताओं व वर्तमान)/ निवर्तमान विधायकों को कईयों बार लिखित अवगत भी करा चुके हैं परन्तु अभी तक उनकी समस्याओं का निस्तारण नही हो पाया है। अंततः बस्ती के वासिंदगारों ने यूपी मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ से अपनी फरियाद करते हुए नाले पर पुलिया और मार्ग के बनवाने की माँग की है।

# बिजली कटौती से नाराज ग्रामीणों ने किया पावर हाउस का घेराव

अखंड भारत संदेश

### 5 से 6 घंटे ग्रामीण क्षेत्र में की जा रही विधुत आपूर्ति



आक्रोशित ग्रामीणों को समझाते एसडीओ ट्रांसमिशन

**हनुमानगंज।** बिजली कटौती से नाराज ग्रामीणों ने मंगलवार की देर रात अबूसा मोड़ स्थित 132 केवी पावर हाउस का घेराव करते हुए सारी सप्लाई बंद करा दी। घंटों सप्लाई बाधित होने के बाद मौके पर पहुंचे ट्रांसमिशन एसडीओ व जेई के आश्वासन पर ग्रामीण लौटे और चेतावनी दी कि विद्युत कटौती बंद नहीं की गई तो पावर हाउस का घेराव होता रहेगा। पड़ रही बिकट गर्मी में कुछ दिनों से ग्रामीण क्षेत्र के कोटवा, उमरी, मालवा आदि पावर हाउस से संचालित होने वाले दर्जनों गांवों में अघोषित बिजली कटौती की जा रही है। 24 घंटे में 5 से 6 घंटे ही बिजली मिल रही है वह भी एक मुश्त नही। बिजली कटौती की वजह से ग्रामीणों के आक्रोश का शिकार हो चुके एसडीओ ग्रामीण पवन कुमार ने उच्च अधिकारियों को अवगत भी कराया था। जिसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो मंगलवार को कोटवा फीडर से जुड़े दर्जनों गांव के लोग भारी संख्या में हबूसा मोड़ पावर हाउस पर पहुंच गए और चल रही सारी सप्लाई बंद कराकर धरने पर बैठ गए सूचना पर सरायइनायत पुलिस भी मौके पर पहुच गई। घंटो सप्लाई बंद रहने के बाद एसडीओ ट्रांसमिशन व जेई मौके पर पहुचे उनसे ग्रामीणों 18 घंटे आपूर्ति को मांग करते हुए कहा कि जब तक समस्या है रात में ग्रामीण क्षेत्र में हो रही बिजली कटौती बंद की जाए। अधिकारियो के आश्वासन पर लोग माने और कहा कि अगर रात में बिजली कटौती की गई तो फिर हम लोग रात में ही पावर हाउस का घेराव करेगे।

### जिला कचहरी से लौट रहे वृद्ध की रास्ते में लू लगने से मौत

**नैनी,प्रयागराज।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के लेप्रोसी चौराहे के पास मंगलवार की दोपहर एक बुजुर्ग बैठे-बैठे बोहोश हो गए। स्थानीय लोगो ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बुजुर्ग को नजदीगी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांज उन्हे मृत घोषित कर दिया।चौकी प्रभारी जेल रोड सुमित त्रिपाठी के मुताबिक लेप्रोसी चौराहे पर मंगलवार की दोपहर एक 77 वर्षीय बुजुर्ग बैठे थे। उसी दौरान वह अचानक बेहोश हो गए। सूचना पर उन्हे चिकित्सको के पास ले जाया गया। जहां उन्हे मृत घोषित कर दिया गया। मृतक के जेब से मिले आईडी एवं मोबाइल नंबर के जरिए उनकी पहचान अवध नारायण पांडेय 77 वर्ष निवासी थाना कौंधियारा, भमोखर गांव के रूप में हुई।अवध नारायण सुबह कचहरी गए हुए थे। वापस लौटते समय लेप्रोसी चौराहे पर बैठ गए थे। लू के चलते उनकी मौत का अदेंशा लगाया जा रहा है।

# गैस गोदाम मे दिन दहाड़े छिनैती से मचा हड़कंप

अखंड भारत संदेश

**कुण्डा।** ।गैस गोदाम मे सेल्समैन से हुई दिनदहाड़े लाखो रुपए की छिनैती से हड़कंप मच गया है। कुण्डा कोतवाली क्षेत्र के चौसा मे मा अष्टभुजी इण्डेन गैस सर्विस की गैस गोदाम है।जिसके मालिक कोतवाली क्षेत्र के शहाबपुर मनोहरा गांव निवासी विद्या शंकर पाण्डेय है।जो प्रयागराज मे रहते है।

मानिकपुर थाना क्षेत्र के कुशाहिल डीह गांव निवासी विजय यादव पुत्र रामशंकर यादव मा अष्टभुजी इण्डेन गैस सर्विस मे सेल्स मैन का काम करते है।बुधवार की दोपहर मे सेल्समैन विजय पैसे लेकर ग्राहकों को गैस दे रहा था।इसी बीच पल्सर सवार नकाबपोश बदमाश गैस गोदाम पहुंचे और सेल्स मैन विजय यादव की कनपटी पर तमंचा सटा कर रूपयो से भरा बैग छीन लिया।नकाबपोश बदमाश का एक साथी पहले से ही पल्सर बाइक स्टार्ट करके सड़क पर खड़ा था।नकाबपोश बदमाश ने जैसे ही पैसों से भरा बैग छीनकर बाहर निकला पहले से ही तैयार साथी ने गाड़ी पर बिठाकर भाग निकला।जब तक सेल्स मैन हल्ला मचाया तब तक बदमाश भाग चुके थे।घटना की सूचना कुण्डा पुलिस को दी गई।सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी कुण्डा अजीत कुमार सिंह, मानिकपुर थानाध्यक्ष मनीष पाण्डेय ,हल्का दरोगा भूपेश नाथ सिंह व विनय सिंह मय फोर्स के पहुंचे और घटना की जानकारी सेल्समैन से ली।सेल्समैन ने बताया कि 160 गैस सिलेंडर का दाम 168800 रुपए नगद बैग मे रखा था।जिसे बदमाश लेकर भाग गए।पूरा मामला सीसीटीवी कैमरे मे कैद है।घटना की जानकारी होने पर अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी रोहित मिश्रा भी शाम लगभग तीन बजे पहुंचे और घटना की जानकारी ली।कुण्डा पुलिस बदमाशों की तलाश मे जुटी है।

# मनरेगा मजदूरों के खाते में रुपया न आने से मायूस

अखंड भारत संदेश

### जेसीबी मशीन लगवा कर खन्ती को कराया गया ध्वस्त

**लेडियारी।** ग्राम पंचायत चांद खभरिया बिकास खन्ड मेजा मजदूरों से पन्द्रह दिन कार्य कराने के बाद अब तक खाते में मजदूरी न आने से मजबूत पहुंचे भुखमरी के ओर प्राप्त जानकारी के अनुसार तालाब संख्या 188 में मजदूरों ने मिट्ठी की खुदाई पुरुष एवं महिलाएं ने कार्य किए थे लेकिन प्रधान के गुर्गो द्वारा तालाब में जेसीबी मशीन लगा कर खनी हुई खन्तियो की नष्ट करा दिया गया और खुदाई करा कर मोटी रकम लेते हुए ट्रेक्टरो से मिट्टी को ग्रामीणों के द्वार एवं खलिहान के जगहो पर गिरा दिया गया । यही नही तालाब के किनारे कई पेड़ वृक्ष थे उसे भी मोंटी रकम लेते हुए एक ट्रक लकड़ी को बेच दिया गया कुछ तो छाया दार पेड़ों के नीचे गर्मी से बचने हेतु ग्रामीण लोग बैठते थे उसको भी कटा दिया गया है। जांप कार्ड धारकों ने बताया कि हमारे गांव के हमारे कोल बिरादरी से मिलान करने वाले प्रधान निर्वाचित हुए थे ओर कान से कम सुनते हैं इसका फायदा उठाकर सिगरेट्री राजेश तिवारी ने अपने हिसाब से दो लोगों को कार्य देखने को लेकर आदेशित करदिए है इसका फायदा उठाते हुए ये लोग गरिबों को भुखमरी की ओर लाने को मजबूर कर दिए हैं।इस प्रकरण को लेकर चांद खभरिया के श्रमिक मजदूरों ने सामुहिक रूप से जिलाधिकारी प्रयागराज, मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार,नरेगा आयुक्त प्रयागराज, मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश, एवं मुख्य बिकास अधिकारी प्रयागराज के यहा प्रार्थना पत्र दिया गया है।

प्रार्थना पत्र देने वालों में बाके कोल पुत्र रामबिलास कोल,साबित्रीदेबी पत्नी बांके,राम दुलारी पत्नी पंन्चराज,झुलूर पुत्र राम विलास कोल, मिठाई लाल पुत्र राम बिशाल श्याम लाल पुत्र श्रीं नाथ, चन्द्र कली पत्नी मिठाई लाल ,छैल बिहारी पुत्र वाके लाल,बन्दना देबी पत्नी गुलाब,राम लली पत्नी राजा,फुलकली पत्नी कमलेश आदि लगभग अडतालीस लोगों द्वारा पर् प्रार्थना पत्र उच्च अधिकारियों को दिया गया है। मनरेगा मजदूरो ने उच्च अधिकारियों का इस ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए तालाब में कार्य करने को लेकर मजदूरी खाते में भेजवाने एवं तालाब के किनारे बृक्ष की मोटी रकम को गांव सभा में लगाने की मजदूरों ने मांग किये है।

# पेट्रोल पम्पौ पर अव बोतलों में नहीं मिलेगे पेट्रोल!

अखंड भारत संदेश

### बोतलों में पेट्रोल डालने की तस्वीर छपती हैं तो रजिस्ट्रेशन होंगें रद्द



**लेडियारी।** कोरांव क्षेत्र में जितने पेट्रोल पम्प चल रहे हैं उन मालिकों के लिए सरकार द्वारा गाइड लाइन जारी कर दी गई है यदि गाड़ीयों के अलावा बोतलों में पेट्रोल डालते है तो मालिकान के खिलाफ रजिस्ट्रेशन रद्द करने का आदेश की कापियां एवं बैनर लगाने को लेकर आदेश जारी हो गया है।आप को बताते चले पेट्रोल पम्प का जब रजिस्ट्रेशन जारी किया जाता है तब निर्देश जारी किया जाता है लेकिन पेट्रोल पम्प मालिकों द्वारा मूल सुबिधा को भूल कर पेट्रोल एवं डीजल बेचने का काम कर रहे हैं। जैसे,हवा मशीन सुलभ सौचालय यात्रियों के बैठने की व्यवस्था आदि है लेकिन तीन पट्रोल पम्प पर सुबिधा दिखाई दे रही है। यहि एक पम्प खीरी बाजार में है इनके पास कोई सुबिधा दिखाई नहीं देती हवा महल मशीन देखने को लगाई गयी हैं। लेकिन हवा भरने की कोई सुविधा नहीं है।इसी प्रकार बडोखर क्षेत्र में मूल सुबिधा के लिए ग्राहक परेशान नजर आ रहे हैं।कई पट्रोल पम्प मालिक नेता गिरि का फायदा उठाकर आम राहगिरो को मूल सुबिधा नहीं दे रहे हैं। उच्च अधिकारियों का इस ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए कोरांव क्षेत्र के छुट गव भइमा नेता बनें पेट्रोल पम्प मालिकों की जांच कर कार्रवाई कराने को लेकर क्षेत्रीय लोगों ने मांग किया है।

### शातिर लुटेरा पुलिस की गिरफ्त मे

**नैनी।** औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने शातिर लुटेरा उज्जवल सिंह निवासी रामपुर थाना औद्योगिक क्षेत्र को मंगलवार को बीपीसीएल कंपनी के पास स्थित एक कॉलोनी से गिरफ्तार किया है। एसओ संजीव चौबे ने बताया कि उज्जवल सिंह शातिर लुटेरा है। उसपर औद्योगिक क्षेत्र मे विभन्न धाराओं में चार मामले दर्ज है। कुछ दिन पहले क्षेत्र में हुई लूट की रकम मे से पांच हजार रूपए उसके पास से बरामद किया गया है।

# अब ग्राम पंचायतों में ही बनेगी बाल संरक्षण योजना, नहीं होगा बालश्रम

अखंड भारत संदेश

### पंचायत विकास योजना बनाने के लिए कार्यशाला आयोजित




**शंकरगढ़।** विकास खंड सभागार शंकरगढ़ में बुधवार को ग्राम पंचायत विकास योजना पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में पंचायत विकास योजना में गांवों से सभी तरह का बाल शोषण रोकने ,बाल श्रम समाप्त करने और बाल संरक्षण के लिए योजनाएं तैयार करने पर चर्चा की गई। कार्यशाला का आयोजन स्वयंसेवी संगठन प्रगति ग्रामोउद्योग एवं समाज कल्याण संस्थान ने पंचायती राज विभाग के सहयोग से किया। कार्यशाला का उद्घाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरगढ़ के प्रभारी डॉ शैलेंद्र सिंह ने किया।

पीजीएस के जिला समन्वयक शहजाद अख्तर और हेमंत सिंह नेगी ने बाल श्रम रोकने के लिए चल रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। बताया कि स्वास्थ्य बीमा के लिए आयुष्मान योजना, आजीविका हेतु मनरेगा का किस तरह से सभी पात्रों को लाभ दिलाकर,गांव के 6 से 14 वर्ष के सभी बच्चों का स्कूल में नामांकन, ड्रॉपआउट रेट शून्य कर और बाल संरक्षण का लाभ दिलाकर पंचायतें किस तरह अपने गांव को बालश्रम युक्त बना सकती हैं। एडकवोकेट रोशन लाल ने गांव में बालशोषण की स्थिति और संस्था द्वारा बाल संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों की विस्तार से जानकारी दी।परियोजना प्रबंधक संजय जायसवाल ने बाल संरक्षण के लिए ग्राम पंचायत विकास योजना में बाल संरक्षण के विभिन्न कार्यों को चरणबद्ध तरीके से कैसे कैसे सम्मिलित करें इस पर प्रोजेक्टर के माध्यम से विस्तार से समझाया। सहायक विकास अधिकारी पंचायत प्रेमचंद्र ने ग्राम पंचायत विकास योजना के सभी बिंदुओं की जानकारी दी और कहा कि अभी तक पंचायतें बालसंरक्षण के लिए विभिन्न विभागों की कल्याणकारी योजनाओं को ही पंचायत विकास योजना में सम्मिलित करती थी, अब पीजीएस संस्था के सहयोग से जनपद की सभी पंचायतों में बाल संरक्षण के लिए सीधे धन भेजा जा रहा है, ग्राम पंचायत विकास योजना 2023-24 में इसका इस्तेमाल कर अच्छी योजना तैयार करें । उन्होंने पंचायतों से पूरक प्लान बना कर बालसंरक्षण को पंचायत विकास योजना में सम्मिलित करने को कहा, जिससे बाल शोषण पूरी तरह से रोका जा सके। कार्यशाला का संचालन जिला समन्वयक सूबेदार सिंह ने किया। इस अवसर पर जन जागृति संस्थान के सचिव प्रभाकर सिंह ,ग्राम प्रधान कामता सिंह, दयाशंकर ,अमित पांडेय चुन्नीलाल, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी प्रदुम कुमार, दिवाकर सिंह ,आशीष सिंह, प्रवीण कुमार सोनकर, शशीकांत पटेल, पंकज सिंह, राजेश कुमार मौर्या , शिवानंद, रवि शंकर ,सुधीर केहरी, संतोष कुमार,विजय शंकर, राम अवध आदि लोग सम्मिलित रहे।

### मजदूरी से मुक्त करवाए गए 35 किशोर श्रमिक

**श्रम प्रवर्तन विभाग ने चलाया चेकिंग अभियान, बच्चों से काम करवाने वालों को दी चेतावनी**

**प्रयागराज।** 12 जून से 20 जून तक चलाए जा रहे 'बचपन बचाओ आंदोलन' के तहत बीते दो दिनों में 35 बाल श्रमिकों को मुक्त करवाया गया। इस दौरान सेवायोजकों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए चेतावनी दी गई। सहायक श्रमायुक्त लालाराम ने बताया कि यदि इसके बाद भी सेवायोजकों के रवैये में सुधार नहीं होता है तो उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। श्रम प्रवर्तन अधिकारी आलोक रंजन, अवनीश कुमार त्रिपाठी, शिवेंद्र प्रताप सिंह, एएचटीयू व एजेपीयू की संयुक्त टीम द्वारा कुल 16 बच्चों को, श्रम प्रवर्तन अधिकारी दिनेशचंद्र सरोज, निरंकार सिंह के द्वारा आठ और श्रम प्रवर्तन अधिकारी महंथ प्रजापति एवं ज्ञानेंद्र सिंह व एएचटीयू व एजेपीयू की संयुक्त टीम द्वारा कुल चार बच्चों को बाल श्रम से मुक्ति दिलाई गई और सेवायोजकों के विरूद्ध कार्यवाही की गई। इसी क्रम में एक दिन पहले श्रम प्रवर्तन विभाग की टीम ने छापा मारकर सात किशोर श्रमिकों को मुक्त करवाया और छह सेवायोजकों के खिलाफ कार्यवाही की। सहायक श्रमायुक्त ने बताया कि बाल श्रम से मुक्त करवाए गए किशोरों को शैक्षिक एवं आर्थिक पुनर्वासन के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक विकास पर बल दिया जाएगा। किशोर श्रमिकों को प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से लाभांवित किया जाएगा इसके अलावा बाल श्रमिक विद्या योजना का लाभ दिलाया जाएगा।

## न्यूज झरोखा

### परदेश कमाने गए युवक की गांव पंहुची लाश मचा कोहराम



**बारा।** बारा तहसील क्षेत्र के लालापुर थाना अंतर्गत सोनवे गांव निवासी अजय कुमार दुबे रोजी रोटी की जुगाड में कमाने तीन साल पहले ग्वालियर चला गया था, अजय किसी प्राइवेट कंपनी में काम करता था । उसका गांव बहुत कम आना होता रहा अजय अपने परिवार में तीन भाई बहनों में दूसरे नंबर का था अजय के माता पिता ने बहन की शादी कर दी गांव में अजय के पिता गणेश दुबे माता कलावती भाई अनुज गांव में रहते हैं 13 जून की रात में अजय ने फोन कर अपने परिवार वालों को बताया कि उसकी तबियत ठीक नहीं है दूसरे दिन अजय की मौत का खबर उसके घर वालों को हुई तो पूरे घर में कोहराम मच गया अजय के परिजन तुरंत प्राइवेट साधन से ग्वालियर के जिला अस्पताल पहुंचे जहां अजय का पोस्टमार्टम हो चुका था डॉक्टरों ने उसकी मौत का कारण जहरीला पदार्थ खाने से होना बताया अजय ने किस कारण जहर खाया इसकी जानकारी नहीं हो पाई परिजन लाश लेकर गांव पंहुचे तो पूरे गांव में मातम छा गया परिजनों ने शव का पूरे रीति रवाज से अंतिम संस्कार कर दिया।

### मकान में बृद्ध दंपति का शव मिलने से हड़कंप मचा



**सिरसा।** मेजा कोतवाली क्षेत्र के सिरसा पुलिस चौकी अंतर्गत खानपुर ग्राम सभा में मकान में वृद्ध दंपति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। जैसे जैसे इसकी खबर फैलती गई वैसे ही भारी भीड़ जुट गई। ग्रामीणों की सूचना पर इलाकाई पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर जांच में जुटी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मेजा कोतवाली क्षेत्र के खानपुर (कोल्ड स्टोर) निवासी हरि प्रसाद गुप्ता (80) पुत्र बेनी प्रसाद और उनकी पत्नी लक्ष्मी देवी (76) अपने मकान में मृत अवस्था में पाए गए। लगभग 7:00 बजे दूध देने वाला घर पंहुचा, काफी देर तक बुलाने पर जब आवाज नहीं आई तो उसे अनहोनी की आशंका हुई। आसपास के लोगों को सूचना दी। किसी ने इलाकाई पुलिस को सूचना दी तो हड़कंप मच गया। दोनो के शव अलग अलग कमरे में मिले पड़ोसियों के अनुसार मृतक हरी प्रसाद गुप्ता के लडके बाहर रहते हैं और बेटियां ससुराल में रहती है। सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस। दोनों मृतकों का शव अलग अलग कमरे में पाया।तत्पश्चात पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भिजवाते हुए विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है। फिलहाल मामले में कोतवाल मेजा धीरेंद्र सिंह ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद हत्या व आत्महत्या की गुत्थी सूलक्ष पाएगी। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### महिला ने एंबुलेंस में दिया बच्चे को जन्म, दोनों स्वस्थ



**मेजा रोड।** बुधवार को एक प्रसव पीड़िता को घर से अस्पताल लाते समय तेज प्रसव पीड़ा होने पर एम्बुलेंस कर्मियों ने बीच रास्ते में गाड़ी रोक कर परिजनों की मदद से सुरक्षित प्रसव कराया। उसके पश्चात उपचार के लिए जच्चा-बच्चा को अस्पताल में भर्ती कराया। कॉलर मंजू शुक्ला आशा द्वारा एंबुलेंस को सूचना प्राप्त हुई कि अफसाना बेगम पत्नी खालिद निवासी कोटहा ब्लॉक उरुवा को प्रसव पीड़ा हो रही है। सूचना मिलने के तुरंत पश्चात गाड़ी प्रसूता के घर पहुंची। उन्हें लेकर अस्पताल के लिए रवाना हो गई, किंतु रास्ते में ही अफसाना को तेज प्रसव पीड़ा होने लगी।पायलट दिनेश कुमार और ई एम टी अजीत कुमार यादव ने सूझबूझ का परिचय देते हुए गाड़ी को सुरक्षित सड़क के किनारे लगा कर आशा कार्यकर्त्री मंजू शुक्लाऔर परिजनों की सहायता से एंबुलेंस के अंदर ही दोपहर लगभग एक बजे सुरक्षित प्रसव कराया। जिसमें जच्चा व बच्चा दोनों सुरक्षित है। जिसमें अफसाना ने एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया।

### सहसों गोल चौराहे पर साप्ताहिक योग कार्यक्रम का शुभारंभ



**सहसों।** विश्व योग दिवस के अवसर पर सप्ताह भर चलने वाला योगासन का कार्यक्रम 15 जून बुधवार से शुभारंभ हो गया है जोकि मंगलवार तक नियमित प्रातः काल साढ़े 5 बजे से 7 बजे तक छत्रपति शाहू जी महाराज पार्क सहसों गोल चौराहा पर संपन्न हो रहा है। जिसमें क्षेत्र के समाजसेवियों, व्यापारियों, दुकानदारों, किसान, मजदूर, युवाओं, विद्यार्थियों एवं गांव के बालक, वृद्धों से इस योगासन कार्यक्रम में सम्मिलित होने का आह्वान किया गया है। कार्यक्रम के निवेदक शिक्षक सत्येंद्र सिंह ने कहा कि अधिक से अधिक लोग प्रतिदिन आकर विभिन्न योगाचारों से प्रशिक्षण लेकर अपने शरीर को स्वस्थ बनाएं, मस्तिष्क विकारों को दूर भगाएं और अपने शरीर की स्टेमिना को मजबूत करें। उन्होंने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक स्वास्थ्य के लिए आलस्य को दूर करते हुए नियमित कम से कम प्राणायाम, कपाल भांती का योगासन जरूर करना चाहिए। इस अवसर पर योग कार्यक्रम में सत्येंद्र सिंह, प्रेम सिंह, मनीलाल, अजीत सिंह, वीरेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह, लालजी सिंह, धीरेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

### योग दिवस : प्रतिभाग के लिए कराया जा रहा योगाभ्यास



**जसरा।** विकास खंड जसरा परिसर में आठवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस में प्रतिभाग के लिए ब्लॉक व क्षेत्र के समस्त लोगों को योगाभ्यास योग गुरू आशीष जायसवाल द्वारा कराया गया। विकास खंड स्तर से समस्त ग्राम पंचायतों में योगाभ्यास सुबह 7 बजे से सुबह आठ बजे तक प्रतिदिन 20जून तक कराया जाना प्रस्तावित है। एडीओ पंचायत श्याम लाल तिवारी ने बताया कि योगाभ्यास का आज दूसरा दिन है। योगाभ्यास में प्रतिभागियों नेआसन,ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, प्राणायाम,कपालभाति,अनुलोम, विलोम जो शासन द्वारा दिये गए प्रोटोकॉल के अनुरूप है। मास्टर ट्रेनर आशीष जायसवाल सभी प्रतिभागियों को योगाभ्यास कराया। इसी तरह तातारगंज,परसरा, पचखरा,छिड़िया, बुदांवा अमरेहा आदि दर्जनों गांवों में योगाभ्यास कराया गया। इस अवसर पर श्यामलाल तिवारी,उपेंद्र कुमार द्विवेदी, सुधांशु मिश्र,दिलीप तिवारी,अमरजीत यादव,जीतेंद्र गौड़,दारासिंह पटेल,राजकुमार,रमेन्द्र द्विवेदी,प्रधान राम मनोहर कुशवाहा,बृजेश सोनकर, आशीष सोनकर, सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### प्रा.वि. बसरिया में 6 दिवसीय योग शिविर का आयोजन



**करछना।** ब्लाक करछना के प्राथमिक विद्यालय पर 6 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का बुधवार से आरंभ हुआ टेनर विद्यालय के शिक्षा मित्र सिध्द राज सिंह ,व एडीओ पंचायत विवेक कुमार मिश्रा विकास खंड करछना, प्रधान समर जीत यादव के नेतृत्व में ग्रामीणो ने योगाभ्यास किया और ध्यान के महत्व और होने वाले शारीरिक मानसिक आध्यात्मिक और बौद्धिक लाभ की जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, वज्रासन, उष्ट्रासन, उत्तान मंडूकासन, वक्रासन और शवासन का अभ्यास कराया गया।

# महिला आयोग की सदस्या श्रीमती अनीता सचान ने जनसुनवाई में सुनी पीड़ित महिलाओं की समस्याएं

## महिला जनसुनवाई में कुल 24 प्रकरण सुनवाई के लिए आएं जिनमें से 2 प्रकरणों का मौके पर ही किया गया निस्तारण

**अखंड भारत संदेश**



जन सुनवाई में उपस्थित महिलाएं

**प्रयागराज।** मा. सदस्या, उ.प्र. राज्य महिला आयोग श्रीमती अनीता सचान के द्वारा बुधवार को सर्किट हाऊस में महिलाओं से सम्बंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं विषयक जागरूकता शिविर एवं महिला जनसुनवाई की गयी। जनसुनवाई में घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, योजनाओं का लाभ न मिलने, अवैध कब्जे से सम्बंधित शिकायतों सहित अन्य कई शिकायतें सुनवाई के लिए आयी। उन्होंने कहा कि महिला आयोग का गठन पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए ही हुआ है। यदि किसी महिला को न्याय मिलने में कोई परेशानी आ रही है तो वे अपनी समस्या को लेकर महिला जनसुनवाई में जरूर आये। जनसुनवाई में पीड़ित महिलाओं की पूरी सहायता की जायेगी। महिला जनसुनवाई में कुल 24 प्रकरण सुनवाई के लिए आये, जिनमें से 2 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।जनसुनवाई में प्रियंका श्रीवास्तव पुत्री विजय कुमार श्रीवास्तव निवासी झूलेलाल कालोनी, लूकरगंज ने अपने ससुराल वालों पर दहेज के लिए गाली-गलौज मारपीट करने तथा घर से निकाल देने की शिकायत की, जिस पर सदस्या ने सम्बंधित थाने को मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए कहा है। शिवांगी निषाद पत्नी नरेन्द्र कुमार पुत्री अम्बिका प्रसाद निवासी नेवादा हाउसिंग स्कीम, अशोक नगर थाना कैंट ने अपने पती आरक्षी यातायात पुलिस एवं अपने जेठ पर दहेज उत्पीड़न एवं मारपीट किए जाने के सम्बंध में शिकायत की, जिसपर महिला आयोग की सदस्या ने सम्बंधित प्रकरण पर प्राथिंर्नी के पती से फोन पर बात की व मामले का आपस में बैठकर समाधान करने के लिए कहा है। इसके बाद भी यदि सुलह नहीं हो पाती है, तो उचित कार्रवाई की जायेगी। मीना देवी पत्नी बच्चा लाल वर्मा निवासी ग्राम कांटी थाना घूरपुर ने अपनी जमीन पर जबरन कब्जा किये जाने की शिकायत की, जिसपर सदस्य ने घूरपरु थाने को आवश्यक कार्रवाई करने के लिए कहा है। प्रार्थी शाहीद अली पुत्र शाकिर अली निवासी बहादुरगंज ने शिकायत की कि उनकी जमीन मौजा महेवा पट्टी, नैनी पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जा किये जाने व जान से मार देने की धमकी दिए जाने की शिकायत की।

प्रार्थी ने यह भी बताया कि मामले की शिकायत पुलिस थाने में की, परंतु कोई कार्रवाई नहीं की गयी, जिसपर सदस्या ने सम्बंधित थाने को प्रकरण की जांच कर त्वरित कार्रवाई करते हुए अवगत कराये जाने के निर्देश दिए। प्रियंका केशरवानी पुत्री बृजलाल केशरवानी निवासी नैनी ने घरेलू हिंसा की शिकायत की। प्राथिंर्नी ने सदस्या को बताया कि उसने इससे सम्बंधित शिकायत थाने पर भी की, परंतु अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गयी है, जिसपर सदस्या ने नैनी क्षेत्र से आ रही ज्यादातर शिकायतों पर नाराजगी व्यक्त की तथा सम्बंधित थाने को निर्देशित किया कि महिलाओं से सम्बंधित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने सम्बन्धित सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई महिला अगर शिकायत लेकर थाने में जाती है, तो पूरी गम्भीरता/संवेदना के साथ महिलाओं की शिकायतों को सुनते हुए आवश्यक कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ता को संतुष्ट किया जाये। उन्होंने कहा कि इसमें किसी प्रकार की शिथिलता, लापरवाही न बरती जाये। उन्होंने कहा कि महिला जन सुनवाई में आने वाले शिकायती प्रकरणों के निस्तारण की मानिटरिंग सुनवाई के बाद नियमित रूप से आयोग के स्तर पर की जाती है इसलिए प्रकरणों को बेवजह लम्बित करने तथा पीड़ित महिलाओ को न्याय दिलाने में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये। सदस्या ने बैठक में उपस्थित सभी थानों के पुलिस अधिकारियों को यह हिदायत दी कि जनसुनवाई में पूर्व में आये हुए प्रकरणों के निस्तारण की कृत कार्रवाई से अवगत करायें साथ मे हुई कार्रवाई की आख्या लेकर आयें। इस अवसर पर सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# मजिस्ट्रेट के समन आदेश को रद्द नहीं कर सकता है सत्र न्यायालय

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि सत्र न्यायालय पुनरीक्षण शक्ति का प्रयोग करते हुए मजिस्ट्रेट द्वारा पारित संज्ञान और समन आदेश को रद्द नहीं कर सकता है। कोर्ट ने कहा कि सत्र न्यायालय का पुनरीक्षण क्षेत्राधिकार बहुत सीमित है। यह आदेश न्यायमूर्ति शमीम अहमद की पीठ ने प्रभाकर पांडेय की पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया।कोर्ट ने कहा कि यदि सत्र न्यायालय को पुनरीक्षण न्यायालय के रूप में कार्य करते समय कोई अनियमितता या क्षेत्राधिकार में त्रुटि मिलती है तो कार्यवाही को रद्द करने के बजाय उसे केवल मजिस्ट्रेट के आदेश में त्रुटि को इंगित करके निर्देश जारी करने की शक्ति है। मामले में शिकायतकर्ता ने विरोधी पक्ष के खिलाफ आईपीसी की धारा 147, 504, 506, 427, 448, 379 के तहत एक एफआईआर दर्ज कराई थी। मामले में जांच अधिकारी ने एक रिपोर्ट प्रस्तुत की।इसके बाद मजिस्ट्रेट ने विरोध याचिका पर विचार करने और मामले के रिकॉर्ड को देखने के बाद आरोपी को अप्रैल 2001 में धारा 379 सीआरपीसी के तहत तलब किया। इस आदेश को जिला एवं सत्र न्यायाधीश कन्नौज के समक्ष चुनौती दी गई। सत्र न्यायालय ने जांच अधिकारी द्वारा प्रस्तुत अंतिम रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया और मजिस्ट्रेट के समन आदेश को रद्द कर दिया। इसलिए याची ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश कन्नौज के आदेश को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में पुनर्विचार याचिका दाखिल की।कोर्ट ने कहा कि आरोप पत्र दाखिल होने के बाद मजिस्ट्रेट के पास चार तरीकों होंगे और उनमें से किसी एक को वह आगे की कार्रवाई के लिए अपना सकता है। कोर्ट ने आदेश में उन तरीकों का भी जिक्र किया है। कहा कि मामले में सत्र न्यायालय का आदेश पूरी तरह से आरोपी की दलील पर आधारित था। इसलिए मजिस्ट्रेट के समन आदेश को रद्द करना विधिक तौर पर सही नहीं है।

# राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम की रैली निकाल किया जागरूक

**अखंड भारत संदेश**




जागरूकता रैली निकालते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कार्यकर्ता

**प्रयागराज।** मंगलवार को उपकेंद्र कोड़ सर सोरांव प्रयागराज उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत किशोर स्वास्थ्य दिवस का आयोजन विश्व रक्तदान दिवस के रूप में जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया ,यह आयोजन अधीक्षक डॉ विजय कुमार पाठक स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी विजय प्रकाश मौर्या जिला कार्यक्रम प्रबंधक विनोद कुमार सिंह आरकेएसके जिला किशोर सलाहकार मनु राय के मार्गदर्शन में मनाया गया इस दौरान किशोर / किशोरी स्वास्थ्य परामर्शदाता एवं आरकेएसके कोऑर्डिनेटर ओम सिंह जी के द्वारा आए हुए समस्त किशोर/ किशोरियों को समस्त पियर एजुकेटर्स एवं उनके माता-पिताओं को जागरूक किया गया कि आप सभी बढ़-चढ़कर रक्तदान करें, और जीवनदान बचाएं ओम जी ने कहा कि रक्तदान महादान रक्तदान जीवनदान ,रक्तदान अपनाओ ,जीवन बचाओ , रक्तदान करना बहुत जरूरी है ,जिससे कि समय आने पर किसी भी व्यक्ति की जान बचाई जा सके, साथ ही ओम जी ने कहा कि पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ ,पेड़ों से हमें ऑक्सीजन मिलती है, और हम लोग स्वस्थ रहते हैं, साथ ही कहा कि जीवन को स्वस्थ रखने के लिए योग करना बहुत जरूरी है ।सब रोगों की दवाई व्यायाम करना है योग कर-के ही हम जीवन लंबा जी सकते हैं और स्वस्थ रह सकते हैं इस मौके पर समस्त आंगनवाड़ी बहन जी समस्त आशा बहनजी गांव के बहुत सारे लोग उपस्थित रहे जैसे कि नेहा सिंह विनोद सिंह इसने प्रभा जी राजकुमारी जी मनोज कुमार सिंह बब्बू सिंह सोराव विकास खण्ड की एन वाई वी कुसुम कुशवाहा बबिता मौर्या आदि लोग उपस्थित रहे।

## घर में अकेली रहती थी सिपाही की माँ का कमरे में मिला शव

**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मुरारपट्टी गांव में घर में अकेली रह रही सिपाही की 70 वर्षीय माँ कमरे में मृत पाई गई। पुलिस की माने तो शव कई दिन पुराना है। दुर्गंध आने के बाद पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुची पुलिस ने दरवाजा तोड़ शव को कब्जे में लेकर मृतक के बेटे को सूचना दिया। मुरारपट्टी गांव विनोद कुमार यादव पुलिस में सिपाही है इन दिनों उनकी पोस्टिंग हमीरपुर में है वह परिवार के साथ वही रहते हैं गांव में मां अकेली रहती थी। बताया जाता है कि विनोद परिवार के साथ गांव आए हुए थे बीते शनिवार को वह परिवार के साथ हमीरपुर लौट गए। जिसके बाद से विनोद की मां सुखी देवी किसी को बाहर नजर नहीं आई 2 दिन से घर से बदबू भी आ रही थी बुधवार की दोपहर पड़ोसी छत पर गए तब सुग्गी देवी की मौत की जनकारी हुई। सूचना पर पहुची पुलिस दरवाजा तोड़ अंदर गई तो देखा की सुग्गी देवी का शव कमरे में पड़ा था वह काफी गल चुका था। सूचना मिलने पर कुछ घंटों बाद मृतका का बेटा विनोद भी अपने परिवार के साथ पहुच गया।

# प्रयागराज हिंसा : जारी किए गए 59 आरोपियों के पोस्टर

## माफी का कोई कॉलम नहीं, फरार आरोपियों के घर होगी कुर्की, प्रयागराज हिंसा में पत्थर फेंकने, आग लगने वाले 40 लोगों की तलाश जारी

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** बीते शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद हिंसा करने वाले 59 आरोपियों के पोस्टर बुधवार को जारी कर दिए गए। पोस्टर को शहर की सड़कों पर लगाया जाएगा और सोशल मीडिया पर भी शेयर किया जाएगा। वीडियो, सीसीटीवी फुटेज में जो भी ईंट-पत्थर फेंकते और आग लगाते हुए कैद हुआ है, वह हार्डकोर माना जा रहा है। जो अभी भी फरार चल रहे हैं, उनके खिलाफ वारंट जारी होगा। यदि वह गिरफ्तार नहीं होते या न्यायालय में हाजिर नहीं होते तो उनके खिलाफ कुर्की की कार्यवाही की जाएगी।

मीडिया से बातचीत के दौरान आज एसएसपी ने कहा कि बीते शुक्रवार को हुई घटना को देखते हुए आगामी शुक्रवार के लिए पूरी तैयारी की जा रही है। लोगों से संवाद जारी है। धर्मगुरुओं से अपील की जा रही है कि वह शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग दें। सभी को समझाया जा रहा है कि किसी भी बेकसूर की गिरफ्तारी नहीं होगी। एसएसपी अजय कुमार ने बताया कि हिंसा के आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एक कमेटी बनाई गई है, कमेटी डिसाइड कर रही है कि कौन बेकसूर है और कौन आरोपी, किसी बेकसूर को गिरफ्तार नहीं किया जाएगा। प्रयागराज हिंसा के मास्टरमाइंड जावेद पंप की बेटी के कुछ वीडियो के सवाल पर एसएसपी ने कहा कि उक्त वीडियो प्रयागराज के नहीं हैं। उक्त हिंसा में बेटी की संलिप्तता की भी जांच की जा रही है। कहा कि, इस प्रकरण में माफी का कोई कॉलम नहीं है। हिंसा में हुए नुकसान की भरपाई आरोपियों से ही की जाएगी। इसमें राज्य सरकार के साथ-साथ आम लोगों की भी भारी क्षति हुई है। इसके बाद बिगड़े हालात को संभालने के लिए अलग से फोर्स को लगाना पड़ रहा है। इन सब पर जितना भी व्यय हो रहा है, पूरी की भरपाई आरोपियों से ही की जाएगी। बताया कि उक्त प्रकरण में 92 लोगों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। 40 लोग अभी भी फरार चल रहे हैं, यदि वह जल्द ही हाजिर नहीं होते तो उनके खिलाफ वारंट जारी कर धारा 82-83 के तहत कार्यवाही की जाएगी।

## कानून से न खेलें, इसमें खुद का ही नुकसान : एसएसपी

**पुलिस अधीक्षक ने की अफवाहों से बचने की अपील, माहौल खराब करने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्यवाही**



**प्रयागराज।** समाज में गलत संदेश प्रसारित करने, साजिश रचने, किसी भी धर्म के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने, माहौल खराब करने वालों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा। बेहतर यही होगा कि लोग कानून का पालन करें। किसी भी तरह की समस्या होने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें। कानून को हाथ में लेने की जरूरत नहीं है। हर किसी की सुरक्षा को पुख्ता करने के लिए प्रयागराज पुलिस हर समय तत्पर है। जनपद वासियों से शांति बनाए रखने की अपील करते हुए एसएसपी ने कहा कि माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। जनपद के शांतिप्रिय नागरिक मौकापरस्तों के बहकावे में न आएं। कुछ तथाकथित लोग स्वार्थ की रोटी सेंकने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्म का सहारा लेकर अफवाह फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है, चाहे व किसी भी दल-बल या संगठन से ताल्लुक रखते हों। एसएसपी ने बताया कि सोशल मीडिया की निगरानी के लिए एक पूरी टीम लगी हुई है। जो लगातार मॉनिटरिंग कर रही है। कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर दौड़े नहीं, तत्काल सूचना दें। उन्होंने सभी जनपद वासियों से अपील की है कि वह किसी भी तरह की समस्या होने पर इन नंबरों (9454402863, 9454400248,8941001786) पर सूचित करें। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी बेकसूर के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की जाएगी, लेकिन किसी भी दोषी को छोड़ा भी नहीं जाएगा। दस तारीख को हुई घटना की वीडियो फुटेज एवं सीसीटीवी फुटेज में संदिग्ध दिखने वाले हर व्यक्ति से पूछताछ की जाएगी, लेकिन गिरफ्तारी उसी की होगी, जिसका दोष पाया जाएगा।

## व्यवसायिक विवादों के समाधान हेतु फैसिलिटेशन काउन्सिल हेतु करें आवेदन

**प्रयागराज।** संयुक्त आयुक्त उद्योग सुधांशु तिवारी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि माइक्रो एण्ड स्माल इण्टरप्राइजेज के व्यवसायिक विवादों के समाधान हेतु गठित मण्डलीय फैसिलिटेशन काउन्सिल प्रयागराज के विधिक कार्यो में जैसे-एवार्ड स्कूटनाइज करना, विधिक अभिमत आदि प्रदान करने वास्ते उ0प्र0 सरकार द्वारा निर्गत नियमावली-2007 में की गयी व्यवस्था की परिधि में एल0एल0एम0, कम्पनी का आब्रीटेशन में कम से कम 10 वर्षों का अनुभव, आब्रीर्टेशन एण्ड कन्सीलिएशन एक्ट-1996 एमएसएमईडी एक्ट-2006 के संशोधित एक्ट में विशेषज्ञता, सेवानिवृत्त एच0जे0एस0 अधिकारी को वरीयता एवं फैसिलिटेशन काउन्सिल के साथ कार्य करने के अनुभव को वरीयता दी जायेगी। अर्हता धारित इच्छुक आब्रीटेशन विशेषज्ञ अपना आवेदन प्रोफाइल पंजीकृत डाक व ई-मेल से दिनांक 19.06.2022 तक संयुक्त आयुक्त उद्योग, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज, 67 लाउदर रोड, प्रयागराज, 211002 के पते पर प्रेषित कर सकते है। इच्छुक अधिवक्तागण पूर्ण पते, ई-मेल के साथ अपनी प्रोफाइल उपरोक्त पते पर पंजीकृत डाक व ई-मेल से प्रेषित कर सकते है।

# घूरपुर थाने में किन्नरों के दो गुट भिड़े, घंटो हंगामा

**अखंड भारत संदेश**




थाने में किन्नरों की जुटी भीड़ व पूछ ताछ करते ए एस पी चिराग जैन

**घूरपुर।** घूरपुर थाने में बुधवार की शाम किन्नरो का एक गुट दूसरे गुट के ऊपर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए शिकायत करने पहुंचा । इसी बीच किन्नरों का एक गुट किन्नर अखाड़ा प्रयागराज की मंडलेश्वर टीना मां के साथ दर्जनों की संख्या में थाने पहुंच गए । इस बीच दोनो गुट आपस मे मारपीट पर आमादा हो गए । मामला देखते ही प्रभारी चिराग जैन ने दोनो पक्षो को संभाला और पूंछतांछ शुरू की । जहां एक पक्ष दूसरे पक्ष के ऊपर मारपीट का आरोप लगा रहा था ,और दूसरा पक्ष मारपीट जैसी कोई घटना से इनकार कर रहा था । दूसरे पक्ष की ओर से पहुंचे किन्नर अखाड़ा प्रयागराज के मंडलेश्वर टीना मां ने बताया कि उक्त किन्नर लोग उनके इलाके में अतिक्रमण करते हुए वसूली कर रहे थे ,और गलत तरीके से कुछ लड़कों को लड़की का कपड़ा पहनाकर उनसे वसूली कराते हैं । जिसका विरोध किन्नर अखाड़ा करता है तो ऊल जुलूल आरोप लगाकर शिकायत करते है । दोनो की शिकायतों को गम्भीरता से एएसपी चिराग जैन ने सुना और मारपीट घटना की जांच की। थाने में घंटो हंगामा चलता रहा। दूसरे पक्ष किन्नर बने लोगों की जांच किया तो युवक नकली पाए गए जिसे कुछ किन्नरों ने उसे जमकर पिटाई भी कर दिया था। जिसे मंडलेश्वर टीना मां ने बचाया। आक्रोशित किन्नरों की भीड़ का शिकार एक होमगार्ड भी हो गया। वहीं थाने के अंदर एक दरोगा को भी किन्नरों की एक गुट ने घेर लिया। जिसे कई सिपाहियो ने बीच बचाव कर बचा लिया। एएसपी चिराग जैन ने बताया कि दोनो गुटों में इलाके को लेकर विवाद है ,जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# जीटी रोड से फल और सब्जी विक्रेताओं की बेदखली पर हस्तक्षेप से इन्कार

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने चंदौली में जीटी रोड से पटरी दुकानदारों की बेदखली नोटिस के खिलाफ याचिका पर हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया है। साथ ही कहा कि याची विपक्षी अधिकारियों के समक्ष पुनर्वास के लिए अर्जी दे जिस पर वह नियमानुसार निर्णय लें। यह आदेश न्यायमूर्ति एमके गुप्ता व न्यायमूर्ति समीर जैन की खंडपीठ ने सुजीत कुमार व 25 अन्य फल सब्जी विक्रेताओं की याचिका को निस्तारित करते हुए दिया है।

**सड़क पटरी का आवंटन नहीं बल्कि बिक्री का लाइसेंस :** याचीगण का कहना था कि मंडी समिति ने उन्हें सड़क, पटरी पर फल व सब्जी बेचने का लाइसेंस दिया है। इसके बावजूद उन्हें दुकान हटाने का निर्देश दिया गया है। ऐसा न करने पर दुकान हटाकर खर्च वसूली की चेतावनी दी गई है। पुनर्वास की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। कोर्ट ने कहा कि उन्हें आवंटन नहीं किया गया है। फल, सब्जी बेचने का लाइसेंस दिया गया है। टीन की दुकान बनाने का अधिकार नहीं दिया गया है।सड़क किनारे कब्जा करने का लाइसेंस नहीं है। इसलिए अधिकारियों से पुनर्वास का अनुरोध करें।

## नगर आयुक्त ने उपद्रव वाले क्षेत्र का किया निरीक्षण

**प्रयागराज।** नगर आयुक्त का कार्यभार संभालने के बाद चंद्रकांत गर्ग ने बुधवार को उपद्रव वाले क्षेत्र अटाला का निरीक्षण किया। नगर आयुक्त बुधवार सुबह अधिकारियों के साथ आजाद सर्किट हाउस में मीटिंग करने वाले थे। देर रात मीटिंग टालते हुए नगर आयुक्त ने निरीक्षण का निर्णय लिया। नगर आयुक्त शौकत अली मार्ग पर दुकानदारों की ओर से हटाए जा रहे अतिक्रमण का निरीक्षण किया। मुख्य मार्ग से जुड़ी उन गलियों में गए जहां मंगलवार शाम ईंट-पत्थर जब्त किए गए। इसके बाद नगर आयुक्त ने करेलाबाग स्थित नगर निगम क कर्मशाला का दौरा कर अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की।




बीजेपी कार्यालय पर केक काटकर जन्मदिन मनाते कार्यकर्ता

## लाल सिंह आर्य व अजीत रावत का बीजेपी कार्यालय में मनाया गया जन्म दिवस

**प्रयागराज।** सिविल लाइन क्षेत्र स्थित भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय प्रयागराज महानगर में बुधवार को जिला अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा राजेश कुमार सोनकर की अगुवाई में तथा समस्त महानगर व मंडल की टीम ने मिलकर राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा माननीय लाल सिंह आर्य एवं काशी क्षेत्र अध्यक्ष माननीय अजीत रावत जी का जन्मोत्सव जिला कार्यालय पर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित पदाधिकारी अजय कुमार जिला महामंत्री, रितेश त्यागी जिला महामंत्री,एडवोकेट रणविजय सिंह, जिला उपाध्यक्ष राहुल, मंडल अध्यक्ष संजय पासवान, मंडल अध्यक्ष चौधरी अनुराग सोनकर, मंडल अध्यक्ष रवि भारतीय, मंडल अध्यक्ष दिलीप पासी, डीआर, शेष कुमार,हरीश पासवान, संजय पासी मंडल अध्यक्ष, शशांक महानगर मीडिया प्रभारी, धीरज गिहारवाल,व कौशल जी उपस्थित रहे।

# बारा में बेटी ने परिजनों पर लगाए गंभीर आरोप !

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** आपने ऐसे कई दलालों के बारे में सुना होगा, जो लड़कियों को बेचकर पैसा कमाते है, लेकिन जब खुद के मां-बाप ही बेटी को बेचने की बात करें तो फिर समाज में उन लोगों को हेय द्दष्टी से देखा जाता है। कुछ इसी तरह का मामला बारा के कौंधियारा थाना क्षेत्र से सुनने को मिला है।दरअसल, एक बेटी ने अपने परिजनों पर आरोप लगाते हुए बताया है कि उसके मां-बाप उसे चार लाख रुपये में बेचना चाहते हैं। जब युवती ने परिजनों से इस बात का विरोध किया तो उसे मारा-पीटा गया। जिसके बाद युवती ने गांव के ही एक युवक से शादी कर ली।

**चार लाख में बेटी को बेचना चाहते थे परिजन :** जानकारी के अनुसार, मामला कौंधियारा थाना क्षेत्र के माही गांव का है। जहां की रहने

**बेटी ने कहा 4 लाख में बेचना चाहते थे माता-पिता, माता पिता के डर से गांव के ही लड़के से युवती ने की शादी**

वाली रेशमा पुत्री भारगव प्रसाद भारतीया के द्वारा अपने ही मां बाप पर यह आरोप लगाया गया कि उसके मां-बाप उसे मेरठ के किसी व्यक्ति के हाथ चार लाख रुपए में बेच रहे थे। जब उसने मना किया तो उसके साथ मारपीट की गई।

**बेचने के डर से युवती ने की गांव के युवक से शादी :** रेशमा ने यह भी बताया कि इसी डर से उसने अपने गांव के ही एक युवक से शादी कर ली। जब यह बात लड़की के पिता को पता चली तब उन्होंने इस बात की शिकायत कौंधियारा थाने में की। जिस पर युवती ने थाने में पहुंचकर थाना प्रभारी को सारी हकीकत बताई।

**सच्चाई जानने के बाद थाना प्रभारी ने पीड़िता के पिता को लगाई फटकार :** पीड़ित युवती द्वारा सच्चाई जानने के बाद थाना प्रभारी ने युवती के पिता को फटकार लगाई तो अपने आप को फंसता हुआ देख युवती के पिता ने तत्काल ही सुलह की बात करते हुए जिस लड़के से युवती ने शादी की थी उसके परिजनों से बातचीत कर आपसी सुलह कर लिया। जबकि जिस युवक से युवती ने शादी की है उसका नाम अनिल कुमार पुत्र लालबाबू है।वही दोनों पक्षों के द्वारा फिर आपस में बैठकर एक सुलहनामा भी लिखकर पुलिस को दे दिया गया। इस बात की चर्चा कौंधियारा क्षेत्र में भी है कि कुछ लोग अपनी बेटियों को पैसे लेकर मथुरा, हाथरस व मेरठ आदि जिलों में शादी करने के लिए लेकर जाते हैं।

## 10 हजार रुपये रिश्वत लेते लेखपाल गिरफ्तार

### पैमाइश के लिए किसान से मांगी थी रकम, बालसन चौराहे से हुआ गिरफ्तार

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश सतर्कता अधिष्ठान की टीम ने बुधवार को बालसन चौराहे के पास एक लेखपाल को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ लिया। उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। उससे पूछताछ की गई तो वह रोने लगा। इसकी रिपोर्ट बनाकर प्रशासनिक अधिकारियों को भी भेजी गई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार लेखपाल को वाराणसी की भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की कोर्ट में पेश किया जाएगा। फूलपुर तहसील के सेहुवाडीह बहरिया निवासी किसान रामफेर को पट्टे की जमीन की पैमाइश करानी थी। उसने क्षेत्रीय लेखपाल मसूद अहमद से संपर्क किया। आरोप है कि मसूद अहमद ने जमीन की पैमाइश के लिए उससे दस हजार रुपये मांगे। इसकी शिकायत रामफेर ने उप्र सतर्कता अधिष्ठान के एसपी से की। एसपी ने प्रारंभिक जांच की जिसमें आरोप सही पाया गया। इसके बाद लिखित शिकायत लेकर ट्रैप टीम का गठन किया गया। शिकायतकर्ता से टीम के सदस्यों ने बातचीत की और फिर लेखपाल को फोन लगाने के लिए कहा गया।

### जैसे ही थामी नोटों की गड्डी, ट्रैप टीम ने लेखपाल को दबोचा

रामफेर ने मसूद अहमद से बात की और उसे रुपये देने के लिए बालसन चौराहे पर बुलाया। लेखपाल यहां पहुंचा तो कुछ ही देर में रामफेर भी आ गया। आसपास उप्र सतर्कता अधिष्ठान की टीम के सदस्य भी तैनात हो गए। जैसे ही रामफेर ने लेखपाल मसूद अहमद को दस हजार रुपये दिए, वैसे ही टीम ने लेखपाल को पकड़ लिया। उसके खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्जकर उसे थाने की हवालात में डाल दिया गया है।

## राज्य विवि की परीक्षा में पकड़े गए 30 नकलची

**प्रयागराज।** प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षा में उड़ाका दलों ने बुधवार को कुल 30 छात्रों को नकल करते पकड़ा। प्रयागराज, कौशाम्बी, फतेहपुर, प्रतापगढ़ के 392 परीक्षा केंद्रों पर 1885 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

## सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरी यूपी बोर्ड हाई स्कूल वर्ष 2012 अनुक्रमांक 2195146 व इंटर मीडिएट वर्ष 2014 अनुक्रमांक 1536269 का अंकपत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है।

**निधि जयसवाल पुत्री ज्ञानेंद्र जयसवाल निवासी गढ़िया कला जारी बाजार इलाहाबाद प्रयागराज।**


# अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अधिक से अधिक जनसहभागिता सुनिश्चित की जाए: डीएम

### समस्त विकास खण्डों में योग प्रशिक्षण कार्यक्रम किये गये आयोजित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने अमृत योग सप्ताह (14 जून से 20 जून तक) कार्यक्रम आयोजित करने के सम्बन्ध में बताया है कि समस्त विकास खण्डों में 15 जून तक विकास खण्ड सभागार में योग प्रशिक्षण के कार्यक्रम आयोजत किये जायेगें, जिसमें समाज के सभी वर्गो के लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करायी जाये।

अमृत योग सप्ताह कार्यक्रम के तहत 16 जून को जिला कारागार में, 17 जून को जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा समस्त आंगनबाड़ी केन्द्र पर, 18 जून को उपायुक्त स्वतः रोजगार विभाग द्वारा विकास खण्ड स्तर पर व 18 जून को ही व्यापार मण्डल स्तर पर, 19 जून को मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा आरोग्य मेलों में, 20 जून को जिला



योग प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहभागिता करते अधिकारीगण।

विद्यालय निरीक्षक व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के द्वारा विद्यालयों में एवं उप कृषि निदेशक द्वारा समस्त बीज गोदामों में पर योग प्रशिक्षण के कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। इसी प्रकार अमृत योग सप्ताह के अन्तर्गत अष्टम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को जनपद स्तर व अन्य स्थलों पर योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। उन्होने बताया है कि अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का जनपद स्तर पर पुलिस लाइन में आयोजित किया जायेगा। इसके अलावा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम जिला कारागार, कालाकांकर एवं मानिकपुर गंगाघाट, समस्त बीज गोदामों पर, समस्त विकास खण्डों में, समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में, समस्त ग्राम पंचायत कार्यालय पर, विद्यालय/स्कूल स्तर पर, समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों पर, ग्राम पंचायत स्तर पर, व्यापार मण्डल स्तर पर आयोजित किये जायेगें। जिलाधिकारी ने कहा है कि अमृत योग सप्ताह व अन्तर्राष्ट्रीय दिवस के कार्यक्रम में अधिक से अधिक जनसहभागिता सुनिश्चित की जाये। जिलाधिकारी ने जनपद के नागरिकों से अपील करते हुये कहा कि जनपद में मनाये जाने वाले अमृत योग सप्ताह प्रशिक्षण कार्यक्रम व अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में सम्मिलित हो, योग एक जीवनशैली है जिसके माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है। अमृत योग सप्ताह कार्यक्रम के अन्तर्गत समस्त विकास खण्डों में प्रातः 7 बजे से प्रातः 8 बजे तक योग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में समस्त खण्ड विकास अधिकारी व विकास खण्ड के अन्य अधिकारीगण/कर्मचारीगण तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने योग का प्रशिक्षण प्राप्त किया। योग प्रशिक्षक द्वारा व्यक्तियों को योग के अनगिनत लाभों से अवगत कराते हुये योग के प्रति जागरूक किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया ने बताया है कि समस्त विकास खण्डों में योग प्रशिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया एवं योग के लाभों के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की गयी। सभी विकास खण्डों में हजारों महिलाओं एवं पुरूषों ने प्रतिभाग किया।

## रोजगार मेले में 38 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला सेवायोजन कार्यालय परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया जिसमें 230 से अधिक अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। रोजगार मेले में 38 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। मेले में निजी क्षेत्र की मैपल स्टाफिंग साल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड एवं ब्राइटफ्यूचर ऑर्गेनिक हर्बल्स एण्ड आयुर्वेदिक कम्पनी द्वारा विभिन्न पदों हेतु प्रतिभाग किया गया। ब्राइटफ्यूचर ऑर्गेनिक हर्बल्स एण्ड आयुर्वेदिक द्वारा डिस्ट्रिक्ट हेड, ब्लाक हेड एवं क्लस्टर हेड पदों हेतु तथा मैपल स्टाफिंग सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा हेल्पर, वेल्डर, ग्राइंडर मैन, प्रेस आपरेटर, क्रेन आपरेटर इत्यादि टेक्निकल/नॉन टेक्निकल रिक्त पदों हेतु अभ्यर्थियों का चयन किया गया। मेले से पूर्व अभ्यर्थियों की कैरियर काउंसलिंग भी की गई जहां उन्हें निजी क्षेत्रों में उपलब्ध सम्भावनाओं से अवगत कराया गया। इस अवसर पर जिला सेवायोजन अधिकारी विजय बहादुर सिंह सेंगर सहित स्टाफ अनुभव त्रिपाठी, शुभम श्रीवास्तव सहित अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

## आज से खुल रहे स्कूल, बीएसए ने जारी किये निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रतापगढ़ द्वारा सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों को विज्ञप्ति जारी कर निर्देशित किया गया है कि 16 जून से विद्यालय खुल रहा है। सभी अधिकारी विद्यालयों का निरीक्षण कर विद्यालय की साफ-सफाई, पेयजल, मिड डे मील आदि की व्यवस्थाएं पूर्ण करा ली जाएं। विद्यालय का समय सुबह साढे.सात बजे से डेढ़ बजे तक रहेगा जिसमें बच्चे सुबह साढे. सात बजे से साढे. बारह बजे तक स्कूल में रहेंगे तथा शिक्षक-शिक्षणेत्तर कर्मचारी डेढ़ बजे तक रहेंगे।

## युवा रचनाकार कहानी, कविता एवं निबन्ध प्रतियोगिता हेतु प्रविष्टियॉ 30 जून तक भेजे: डीएम

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने बताया है कि युवा रचनाकारों (18 से 30 वर्ष) को प्रोत्साहित करने हेतु उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा कहानी, कविता एवं निबन्ध प्रतियोगिता हेतु प्रविष्टियॉ 30 जून 2022 तक निदेशक, उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान, राजर्षि पुरूषोत्तमदास टण्डन हिन्दी भवन, 6-महात्मा गांधी मार्ग हजरतगंज लखनऊ-226001 के पते पर भेजे। प्रविष्टि के लिफाफे पर कहानी, कविता, निबन्ध प्रतियोगिता लिखना अनिवार्य है। उन्होने बताया है कि प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार पाने वाले युवा रचनाकार को 7000 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 5000 रुपए, तृतीय पुरस्कार 4000 रुपए एवं सांत्वना पुरस्कार (संख्या-दो) 2000 रुपए से पुरस्कृत किया जायेगा। उन्होंने बताया है कि कहानी, कविता, निबन्ध तीन प्रतियों में कम्प्यूटर टाइप ए-4 आकार में भेजनी होगी। कहानी अधिकतम 2500 शब्द व कविता अधिकतम 500 शद (एक ओर टंकित) हो।

## फतनपुर थाना परिसर में हुआ सुंदरकांड, हुआ प्रसाद वितरण

### हवन पूजन कर लोक कल्याण की हुई कामना

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** थानाध्यक्ष उमेश सिंह के नेतृत्व में माँ सर्वेश्वरी धाम पर पूजन हवन कार्यक्रम का आयोजन 2020 में हुआ था। बता दें कि 2020 में फतनपुर थानाध्यक्ष उमेश सिंह के नेतृत्व में थाना परिसर में एक छोटा सा सर्वेश्वरी माता का मंदिर बना था जिसका जीर्णोद्धार कर भव्य रूप दिया गया था।

बता दें कि इस समय उमेश सिंह बाँदा जनपद के कमासिन थानाध्यक्ष हैं। प्रति वर्ष की भांति इस बार भी थानाध्यक्ष उमेश सिंह पूरे परिवार सहित वार्षिकोत्सव मनाने फतनपुर थाना परिसर धाम पर पहुँचे। मंदिर पर लोक कल्याण के लिए सुंदर कांड, हवन पूजन कर भगवान सत्यनारायण व्रत कथा सुनी। उन्होंने बताया कथा में ईश्वर की आराधना करते हुए सबके सुखमय जीवन की कामना की गई है। श्री सत्यनारायण



थाना परिसर में हवन पूजन करते लोग।

व्रत कथा के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र के संत महात्माओं के साथ ही पुलिस कर्मियों ने प्रसाद ग्रहण किया व लोगों को भी प्रसाद वितरण किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन अर्चन किया गया है।

### गैस एजेंसी के इंचार्ज से डेढ़ लाख की छिनैती

**प्रतापगढ़।** असलहा दिखा दिनदहाड़े हुई लगभग डेढ़ लाख रुपये की छिनैती से हड़कंप मच गया। बता दें कि कुण्डा कोतवाली खेत्र के चैसा गांव के पास माँ अष्टभुजी गैस ऐजेंसी के गोदाम इंचार्ज विजय यादव को असलहा सटा बदमाशों ने की करीब डेढ़ लाख रुपये की लूट। दो बदमाश पल्सर गाड़ी पर सवार होकर आए थे। छिनैती की सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## जगह जगह हुआ नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी का स्वागत

### जमकर हुई आतिशबाजी, सांसद ने इन्दिरा जी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के निर्वाचित होने के बाद बुधवार को रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र में प्रथम आगमन पर कार्यकताओं ने अगई मोड़ पर गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। समर्थकों ने उन्हे फूल-मालाओं से लाद दिया। साथ ही खूब जमकर आतिशबाजी की।

राजस्थान से निर्वाचित राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी के बुद्धवार को रामपुर खास में प्रथम आगमन पर समर्थकों में काफी उत्साह देखा गया। रायबरेली-प्रतापगढ़ की सीमा में अगई मोड़ पर आते ही नवानिर्वाचित राज्यसभा सांसद को कार्यकताओं ने फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। इस दौरान खूब जमकर आतिशबाजी भी की गई। रानीगंज कैथौला, रायपुर, नया पुरवा, वर्मा नगर से

### जनपद की सीमा मे प्रवेश करते ही फूल-मालाओं से हुआ भव्य स्वागत



सांसद प्रमोद तिवारी का स्वागत करते कांग्रेसीगण।

लेकर लालगंज तक जगह-जगह समर्थकों ने स्वागत किया। उसके बाद राज्यसभा सांसद ने लालगंज चैराहे पर स्थित इन्दिरा जी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। लालगंज इन्दिरा चैक पर कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना की अध्यक्षता में स्वागत सभा का आयोजन हुआ।

इस दौरान अधिवक्ताओं, व्यापारियों व पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा प्रमोद तिवारी को सांसद निर्वाचित पर सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, आशीष उपाध्याय, अमित सिंह पंकज, पूर्व प्रमुख ददन सिंह, अरूण सिंह, प्रमोद सिंह, संतोष द्विवेदी, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बब्लू, केडी मिश्र, भुवनेश्वर शुक्ल, सुधाकर पाण्डेय, द्दगपाल यादव, कुँवर ज्ञानेन्द्र सिंह, रामबोध शुक्ल, लालजी यादव, रघुनाथ सरोज, लल्लन सिंह, रिंकू सिंह परिहार, अरविंद सिंह, ददन सिंह, पप्पू तिवारी, छोटे लाल सरोज, त्रिभु तिवारी, अम्बुज मिश्र, सिंटू मिश्र, ओम पाण्डेय, अंशुमान तिवारी, प्रीतेन्द्र ओझा, शास्त्री सौरभ, जितेन्द्र द्विवेदी, भूपेन्द्र तिवारी काजू, विनय पाण्डेय, शिव बहादुर सरोज, जय सिंह, राम सिंह पटेल, देवेन्द्र सिहं, रवीन्द्र मिश्र, सुनील त्रिपाठी, शैलेन्द्र मिश्र, उदयशंकर दुबे, अनिल महेश, विकास मिश्र आदि रहे।

## देश में सभी को अपनी मातृभाषा में मिले न्याय: अरुण भारद्वाज

### संविधान में संशोधन की उठी मांग, वीरांगना न्यायाग्रह यात्रा पहुंची बेल्हा, हुआ स्वागत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भारतीय भाषा आंदोलन के तत्वाधान में वीरांगना न्यायाग्रह यात्रा प्रतापगढ़ पहुंची। यात्रा काशी से आरंभ होकर ग्वालियर तक जाएगी। यात्रा का प्रतापगढ़ में उच्च न्यायालय लखनऊ के वरिष्ठ अधिवक्ता और कार्यक्रम संयोजक सत्यांशु ओझा द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

यात्रा के प्रतापगढ़ नगर स्थित तुलसी सदन में पहुंचने पर वहां उपस्थित जन समुदाय ने भारत माता के जयकारे के साथ स्वागत किया। यात्रा में राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण भारद्वाज, राष्ट्रीय महासचिव आशीष राय, महिला प्रमुख पूनम गौड़ सहित सैकड़ों की संख्या में मातृशक्ति और जन समुदाय उपस्थित रहा। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए भारतीय भाषा आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण भारद्वाज ने कहा कि देश में सभी को अपनी मातृभाषा में न्याय मिलना चाहिए। इसके लिए भारतीय भाषा आंदोलन के माध्यम से अनुच्छेद 348 समाप्त करने की मांग की गई

महामंत्री आशीष राय ने कहा कि भारतीय भाषा आंदोलन को गति प्रदान करने की आवश्यकता है। यह जन-जन का आंदोलन बने, इसके लिए विभिन्न सामाजिक और है, और इसके लिए देश के प्रबुद्ध समुदाय का समर्थन प्राप्त हो रहा है। कार्यक्रम के आरंभ में कार्यक्रम के संयोजक उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता सत्यांशु ओझा ने



वीरांगना न्यायाग्रह यात्रा के सदस्य पहुंचे तुलसी सदन।

है, जिससे स्थानीय भाषा में सभी को न्याय मिल सके। भारतीय भाषा आंदोलन के माध्यम से यह मांग की गई है कि सर्वोच्च न्यायालय में सभी 22 भाषाओं में कार्य की अनुमति हो। इसी क्रम में राष्ट्रीय राजनीतिक दलों का भी समर्थन प्राप्त हुआ है।

राष्ट्रीय महिला प्रमुख पूनम गौड़ ने कहा कि भारतीय भाषा आंदोलन का मुख्य उद्देश्य जनता को न्याय जनता की भाषा में मिले आमंत्रित अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्षता कर रही नगर पालिका अध्यक्ष प्रेमलता सिंह ने इस आंदोलन को एक सार्थक कार्य बताते हुए हर संभव सहयोग करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचार प्रमुख प्रभाशंकर पांडेय द्वारा किया गया। आभार विभाग संपर्क प्रमुख कार्तिकेय द्विवेदी ने किया। इस अवसर पर सहसंयोजक सूर्यकांत निराला, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह डॉ सौरभ पाण्डेय, शिशिर खरे, हरि प्रताप सिंह, डॉ अखिलेश पाण्डेय, डॉ पीयूष कांत शर्मा, बी के द्विवेदी, रमेश पटेल, रमाशंकर शुक्ल, शीतांशु ओझा, दिनेश सिंह दिन्नू, शरद केसरवानी, मुरलीधर केशरवानी, पूर्णांशु ओझा, संजीव आहूजा, दिनेश अग्रहरि, अजय पांडेय, अनिल तिवारी, प्रेम यादव, सत्य प्रकाश पांडेय, विनय सिंह, संतोष कुमार, अजय सिंह, विजय सिंह पटेल, पंकज तिवारी, प्रभात मिश्र, संजीत कुमार, विनोद कुमार, रमेश आदि उपस्थित रहे।

## जूबाए पुरातन के अध्यक्ष पद पर हुए कुल तीन नामांकन

### महामंत्री पद पर हुए पांच नामांकन, आज होगी नामांकन पत्रों की जांच व वापसी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जूनियर बार एसोसिएशन पुरातन के चुनाव में आज नामांकन का अंतिम दिन होने के नाते ज्यादा गहमा-गहमी देखने को मिली। अंतिम दिन तक हुए नामांकन में अध्यक्ष पद के लिये कुल तीन नामांकन हुए जिसमें अशोक कुमार पाण्डेय, इंद्रभूषण मिश्र व करुणा शंकर मिश्र ने नामांकन किया।

जबकि महामंत्री पद के लिये पांच अधिवक्ताओं ने नामांकन किया है जिसमें संतोष नारायण मिश्र, पुष्पराज सिंह, विवेक त्रिपाठी, संजय कुमार पाण्डेय व त्रिभुवननाथ मिश्र शामिल हैं। इसी प्रकार उपाध्यक्ष पद के लिये कमलेश कुमार गौतम, राघवेन्द्र प्रताप सिंह, रवि कुमार



जूबाए पुरातन के पद के लिये नामांकन करते अधिवक्ता।

द्विवेदी, राम अवध मिश्र, शिव प्रकाश मिश्र व शरद चंद्र मिश्र का नामांकन हुआ। कोषाध्यक्ष पद के लिये संतोष कुमार पाण्डेय, शैलेश कुमार गुप्ता व जय प्रकाश पाल का नामांकन हुआ। गुरुवार को नामांकन पत्रों की जांच व नाम वापसी होगी। इसके बाद सात जुलाई को जूबाए के पदाधिकारियों का मतदान होगा। उसके दूसरे दिन आठ जुलाइ को मतपत्रों की गणना कर परिणाम घोषित किया जाएगा।

## जिला मजिस्ट्रट ने तीन लोगों के शस्त्र लाइसेंस को किया निरस्त, तीन गुण्डों का किया जिला बदर

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जनपद के शस्त्र लाइसेंसी जो आपराधिक क्रियाकलाप में लिप्त होने एवं शस्त्र अनुज्ञा-पत्र की शर्तो का उल्लंघन करने के दोषी पाये गये 03 व्यक्तियों के शस्त्र लाइसेंस को जिला मजिस्टेज्ट डा0 नितिन बंसल ने निरस्त कर दिया है।

जिला मजिस्टेज्ट ने थाना संग्रामगढ़ अन्तर्गत ग्राम नेवानी नरई के राजेश उर्फ नेपोलियन पुत्र रमाकान्त पाण्डेय के शस्त्र राइफल व थाना नवाबगंज अन्तर्गत ग्राम अस्थान के राधेश्याम पाण्डेय पुत्र स्व0 सूर्य पाल के शस्त्र एसबीबीएल, ग्राम झोकवारा के अजय कुमार सिंह पुत्र शिव प्रताप सिंह के शस्त्र पिस्टल व शस्त्र डीबीबीएल को निरस्त कर दिया है।इसके अलावा जनपद प्रतापगढ़ के जिन व्यक्तियों का आस-पास के क्षेत्रों में आतंक व भय व्याप्त है और उनके विरूद्ध कोई भी व्यक्ति कुछ बोलने अथवा साक्ष्य देने का साहस नही करता है ऐसे 03 व्यक्तियों को जिला मजिस्टेज्ट डा0 नितिन बंसल ने गुण्डा नियंत्रण अधिनियम की धारा-3(3) के तहत जनपद की सीमा से 06 माह के लिये निष्कासित कर दिया है। उन्होने थाना फतनपुर ग्राम बीरापुर के रिजवान अली पुत्र मोसिम अली, थाना पट्टी ग्राम शोभवा के इन्द्रपाल उर्फ कुलही पुत्र पॉचू राम तथा थाना आसपुर देवसरा ग्राम नचरौरा के गिरजा शंकर गिरी पुत्र लखपति गिरी को 06 माह के लिये जिला बदर किया है।

## सूखी नहरें चिढ़ा रही मुंह, अन्नदाता पस्त, सरकार मस्त

### विद्युत महकमा भी उदासीन, विद्युत कटौती से सिंचाई पर असर

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतपगढ़।** धान की नर्सरी डालने के बाद पट्टी तहसील में सूखी हुई नहरें अन्नदाताओं को मुंह चिढ़ा रही है। पट्टी तहसील में हजारों किसान ऐसे है जिनके सिंचाई का साधन सिर्फ नहरे हैं।

ज्यादातर किसान धान की नर्सरी डाल चुके हैं और अब उन्हें इंतजार है कि नहर में पानी आए तो किसी तरह अपने खेतों की सिंचाई करते धान की रोपाई करें लेकिन नहर में उड़ती हुई धूल अन्नदाताओं के चेहरे की सिकन को और भी गहरी कर रही हैं। यहां के किसानों का कहना है कि उन्हें



हर बार नहर से धोखा ही मिलता है।

पट्टी से नगर शारदा सहायक खंड 36 गुजरी हुई है। शारदा सहायक की सहायक छोटी नहरे आस-पास के गांव में जाकर किसानों की सिंचाई का मुख्य साधन बन जाती है, लेकिन जून का आधा महीना समाप्त हो जाने के बाद भी किसान पानी की एक बूंद के लिए तरस रहे हैं।

पट्टी के समीप छतेडी, सिरनाथपुर, उपाध्यायपुर, भरोखन, अमापुर ,रमईपुर नेवादा उमरडीहा सहित ऐसे सैकड़ों गांव के किसान इस बार नहर ना आने से परेशान नजर आ रहे हैं। किसानों का कहना है कि देर से धान की रोपाई होने से धान की खेती प्रभावित हो जाती है जिससे काफी नुकसान उठाना पड़ता है। जहां एक तरफ नहर में उड़ती हुई धूल किसानों की चिंता का कारण बनी हुई है तो दूसरी तरफ सिंचाई ट्यूबवेल से करने की सोच रखने वाले किसानों को विद्युत महकमे की तरफ से निराशा हाथ लग रही है क्योंकि बिजली का कोई समय निर्धारित ना होने से सुचारू रूप से खेती नहीं हो पा रही है किसानों को नहर में पानी ना आने से एक उम्मीद थी कि ट्यूबबेल से बेहतर तरीके से वे अपने खेतों की सिंचाई कर सके लेकिन विद्युत महकमा भी उन्हें धोखा दे रहा है।



आसिफ सिद्दीकी का माला पहनाकर स्वागत करते अधिवक्तागण।

## आसिफ सिद्दीकी निर्विरोध निर्वाचित हुए कार्यकारिणी सदस्य

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** ऑल इंडिया रूलर्स बार एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी आसिफ सिद्दीकी एडवोकेट को निर्विरोध कार्यकरणी सदस्य जूनियर बार एशोसिएशन (पुरातन) घोषित होने पर संकट मोचन धाम में माला पहनाकर कर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान जूनियर बार के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा, रूलर्स बार के प्रदेश अध्यक्ष मुक्कू ओझा, जिलाध्यक्ष अंजनी सिंह बाबा, उमेश चंद्र मिश्र,विपेंद्र सिंह,दिनकर दुबे, अनुपम श्रीवास्तव, अमजद भाई सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# कौशाम्बी संदेश

## खबर संक्षेप

### जांच के नाम पर पहुंची विद्युत टीम वसूली तक सीमित

**भरवारी कौशांबी।** विद्युत चोरी रोकने के लिए शासन स्तर से विद्युत टीम गठित की गई है बुधवार को भरवारी कस्बा और उसके आसपास विद्युत टीम जांच करने पहुंची घूम घूम कर कस्बे और आसपास क्षेत्र में विद्युत टीम के सदस्यों ने उपभोक्ताओं के परिसर की जांच की तमाम परिसर में विद्युत चोरी करते हुए टीम के सदस्यों ने उपभोक्ताओं को पकड़ा लेकिन विद्युत टीम भी सहायक अभियंता और अवर अभियंता की तरह वसूली करने तक सीमित रह गयी विद्युत चोरी की जांच के दौरान दर्जनों परिसर से मोटी रकम लेकर विद्युत टीम वापस लौट गई है जिससे विद्युत टीम को जांच के लिए भरवारी कस्बा भेजना बेकार साबित हुआ है कई ग्राहकों ने विद्युत टीम के सदस्य पर वसूली का आरोप लगाया है।

### दो वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना चरवा पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त प्रवीण कुमार कुशवाहा पुत्र गया प्रसाद कुशवाहा निवासी फरीदपुर चकताजपुर व रोशन लाल पुत्र हीरालाल निवासी महगांव थाना चरवा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया हैं।

# फिरौती के लिए अपहृत किया गया बालक को 12 घंटे में पुलिस ने किया बरामद

## पूर्व विधायक संजय गुप्ता ने खुलासे पर पुलिस अधीक्षक की प्रशंसा करते हुए पुरस्कृत करने की घोषणा की है

अखंड भारत संदेश

**मनौरी कौशांबी।** पिपरी थाना क्षेत्र के मनौरी बाजार से मंगलवार को शाम 4:00 बजे 5 वर्ष के बालक विष्णु केसरवानी उर्फ कार्तिक का अपहरण कर लिया गया था मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक खुद सक्रिय हुए और अपहरणकताओं की तलाश में उन्होंने एडिशनल एसपी क्षेत्राधिकारी एसओजी और पिपरी चरवा थाना पुलिस की 5 टीमें गठित कर बालक की सकुशल बरामदगी का निर्देश दिया एसपी के निर्देश पर पुलिस की पाचो टीम सक्रिय हुई और घटनास्थल के आसपास लोगों से वार्ता कर घटना में शामिल लोगों के बारे में जानकारी करने लगी पुलिस टीमों ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे से भी अपहरण की घटना में शामिल लोगों के फुटेज की



बालक की सकुशल बरामदगी पर एसपी का स्वागत करते व्यापारी


बालक के बरामद होने पर मिठाई बांटते परिजन

जांच करना शुरू कर दिया मोबाइल को भी सर्विलांस के जरिए ट्रेस किया जाने लगा सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के जरिए पुलिस को जानकारी लगी की बालक के पड़ोसी और पड़ोसी के रिश्तेदारों ने फिरौती के लिए बालक के अपहरण की घटना को अंजाम दिया है पुलिस ने देर रात एक युवक को हिरासत में ले लिया और उससे कड़ाई से पूछताछ किया पकड़े गए संदिग्ध युवक ने बताया कि बालक को इलाहाबाद में एक युवती के पास पहुंचा दिया गया है पुलिस ने आधी रात को युवती को हिरासत में लेकर बालक को सकुशल बरामद कर लिया है और बालक के अपहरण में शामिल युवती समेत तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है घटना में शामिल अन्य लोगों की गतिबिधियों की पुलिस टीम द्वारा जांच की जा रही है 12 घंटे के भीतर अपहरण की घटना का खुलासा होने के बाद पुलिस अधीक्षक ने खुलासे में लगी टीम को पुरस्कृत किया है पूर्व विधायक संजय गुप्ता ने अपहरण के सकुशल खुलासे पर पुलिस अधीक्षक की प्रशंसा करते हुए पुरस्कृत करने की घोषणा की है मनौरी कस्बे के व्यापारियों ने भी बालक की सकुशल बरामदगी और अपहरण कताओं की गिरफ्तारी पर पुलिस की प्रशंसा की है।

## न्यूज झरोखा

### मछली मारने गए युवक की नदी में डूबने से मौत



**कड़ा कौशाम्बी।** कड़ा धाम कोतवाली क्षेत्र के देवीगंज विहामिद पुर निवासी छोटू पुत्र गोले अपने चार साथियों के साथ गंगा नदी में मछली मारने गए थे इसी बीच छोटू गंगा नदी में डूब गए हैं जिससे उनकी मौत हो गई है मौत की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है। जानकारी के मुताबिक बुधवार 9 बजे छोटू अपने चार साथयो के साथ तिवारी पुर ताज मल्लाहन के सामने गंगा नदी मे मछली मरने गये थे इस दौरान साथियो संग गंगा नदी पार करके मछली मारने की बात हुई गंगा पार करते वक्त एक साथी बीच गंगा से हिमत ना होने के कारण वापस आ गया साथ ही उसने छोटू को भी वापस होने के लिए कहा परन्तु छोटू वापस नहीं लौटा और वह गंगा नदी पार भी नहीं हो सका किनारे पहुंचने से पहले ही छोटू गंगा नदी में डूब गया प्रशासन जब तक युवक का शव निकाल पाता तब तक काफी देर हो चुकी थीं और उसकी मौत हो गई है मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची है।

### नहीं पहुंचता सफाई कर्मी गंदगी से जूझ रहा चक गांव



**कौशाम्बी।** अधिकारियों की लापरवाही से स्वच्छता अभियान की धज्जियां उड़ रही हैं गांव-गांव चारों ओर गंदगी का साम्राज्य व्याप्त है सफाई कर्मियों को वेतन दिए जाने के बाद भी अधिकारी उनसे काम लेने में गंभीर नहीं है मंझनपुर विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत थाम्भा के मजरा चक में पूरी तरह से गंदगी का साम्राज्य कायम है पूरे गांव की गलियां गंदगी से भरी पड़ी है नालियां चोक हो गई है गंदा पानी की निकासी नही हो रही है पूरे गांव में जगह जगह कूड़े का अंबार लगा है लेकिन सफाई कर्मी सफाई करने गांव नहीं पहुंच रहा है कई बार ग्रामीणों ने ब्लाक से लेकर जिले के अधिकारियों से सफाई कर्मी के कारनामे को बताया लेकिन उसके बाद भी चक में सफाई नहीं हो सकी है बरसात शुरू होते ही पूरा गांव नर्क बन जाएगा लेकिन उसके बाद भी अधिकारी गांव की साफ-सफाई को लेकर गंभीर नहीं है।

### गंदगी से जूझ रहा नगर पालिका की कोडड बस्ती



**कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के नगर पालिका मंझनपुर की कोडड बस्ती में गंदगी का साम्राज्य कायम है पूरी बस्ती की गलियां गंदगी से भरी पड़ी है नालियां चोक हो गई है पूरी बस्ती में जगह जगह कूड़े का अंबार लगा है लेकिन नगर पालिका का सफाई कर्मी सफाई करने कोडड बस्ती नहीं पहुंच रहा है कई बार ग्रामीणों ने अधिकारियों से सफाई कर्मी के कारनामे को बताया लेकिन उसके बाद भी कोडड बस्ती में सफाई नहीं हो सकी है बरसात शुरू होते ही पूरी बस्ती नर्क बन जाएगी लेकिन उसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारी कोडड बस्ती की साफ-सफाई को लेकर गंभीर नहीं है जबकि केंद्र की मोदी सरकार स्वच्छता अभियान को लेकर बार-बार अधिकारियों को निर्देश दे रही है लेकिन उसके बाद भी मोदी सरकार का निर्देश अधिकारियों पर लागू होता नहीं दिख रहा है इतना ही नहीं नगर पालिका परिषद मंझनपुर में शामिल किए गए दर्जनों गांव में गंदगी व्याप्त है पुराने नगर पंचायत क्षेत्र के कुछ हिस्से में सफाई कर्मियों से सफाई कराकर नगरपालिका के जिम्मेदार स्वच्छता का ढिंढोरा पीट रहे हैं जबकि नगर पालिका में शामिल दर्जनों गांव की गलियां गंदगी से बजबजा रही हैं नालियों से जल निकासी की व्यवस्था ठीक नहीं है और गंदगी से पूरे बस्ती की जनता परेशान है।

# मान्यता प्राप्त अनुदानित मदरसों के प्रबन्धकों एवं प्रधानाचार्यों के साथ डीएम एसपी ने की बैठक

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा द्वारा उदयन सभागार में सभी उप जिलाधिकारियों एवं क्षेत्राधिकारियों तथा जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त अनुदानित मदरसों के प्रबन्धकों एवं प्रधानाचार्यों के साथ बैठक की जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था तथा सौहार्द्रपूर्ण वातावरण बनाये रखने हेतु सभी को धन्यवाद देते हुए अपेक्षा की है कि जनपद में इसी प्रकार का सौहार्द्रपूर्ण वातावरण बनाये रखेंगे जिलाधिकारी ने सभी प्रबन्धकों एवं प्रधानाचार्यों से कहा कि वे अपने-अपने मदरसों के बच्चों को समझायें कि वे शिक्षा एवं अपने कैरियर पर ध्यान दें तथा किसी


बैठक में उपस्थित प्रबंधक प्रधानाचार्य


प्रबंधक प्रधानाचार्य के साथ बैठक करते डीएम एसपी

भी प्रकार की असामाजिक कार्यों एवं साम्प्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने वाली गतिविधियों में संलिप्त न हों तथा सोशल मीडिया पर भी भड़काऊ टिप्पणी से दूर रहें। उन्होंने सभी प्रबन्धकों एवं प्रधानाचार्यों से कहा कि वे अपने-अपने मदरसों के बच्चों पर निगरानी रखें तथा मदरसों में किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधियॉ न होने दें। जिलाधिकारी ने कहा कि अगर कोई अप्रिय घटना घटित होती है तो प्रशासन द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेंगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा सभी प्रकार की गतिविधियों एवं सोशल मीडिया पर पैनी निगरानी की जा रहीं है। उन्होंने प्रबन्धकों एवं प्रधानाचार्यों से कहा कि अगर कोई दुष्प्रचार करता है तो उसे समझायें, यदि फिर भी कोई व्यक्ति नहीं मानता है और साम्प्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने का प्रयास कर सकता है तो उसकी सूचना तत्काल जिला प्रशासन को दी जाय, उसके विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेंगी बैठक में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अपने-अपने मदरसों के बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा प्रदान करें तथा उन्हें समझायें कि वे किसी भी प्रकार की असामाजिक कार्यों में संलिप्त न रहें तथा बच्चों पर निगरानी रखी जाय, जिससे वे किसी भी असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त न होने पाये। उन्होंने कहा कि अपने आस-पास भी निगरानी रखें, जिससे असामाजिक गतिविधियॉ न होने पायें। उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति अपराध/साम्प्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने का प्रयास करता है तो उसके विरूद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही की जायेंगी। उन्होंने कहा है कि अनावश्यक भीड़ एकत्रित न होने दिया जाय बैठक में प्रधानाचार्य एवं प्रबन्धकगणों ने कहा कि वे अपने-अपने मदरसों के बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान कर रहें है तथा मदरसों में बच्चों पर निगरानी रखी जायेंगी तथा किसी भी प्रकार की असामाजिक साम्प्रदायिक सौहार्द्र बिगाडने का प्रयास नहीं होने दिया जायेंगा बैठक में अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण एवं मदरसों के प्रधानाचार्य एवं प्रबन्धकगण उपस्थित रहे।

### महिला समेत दो लोगों पर चाकूओ से प्रहार

**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के चंपहा बाजार में मंगलवार की रात्रि 9:00 बजे दबंगों ने महिला गिरजा देवी और उसके भतीजे मिथलेश कुमार पर चाकुओं से ताबड़तोड़ प्रहार कर दिया है जिससे दोनों को गंभीर चोटें आई हैं विवाद के पीछे जमीन की रंजिश बताई जाती है घायल हालत में महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है मामले में पुलिस ने दो आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है हमले के बाद आरोपी फरार हो गए हैं।

### निरोधात्मक कार्यवाही में 20 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना करारी से दो थाना सराय अकिल से दस थाना पिपरी से दो थाना कोखराज से छः कुल 20 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय कर दिया है।

# महिला आयोग सदस्या को 19 पीड़ित महिलाओं ने सुनाई अपनी समस्याएं

अखंड भारत संदेश

**प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं को निस्तारित करने के दिये निर्देश, जिला अस्पताल में साफ-सफाई ठीक न पाये जाने पर कड़ी नाराजगी बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये**

**कौशाम्बी।** सदस्या, उ0प्र0 राज्य महिला आयोग सुश्री ऊषारानी ने आज पी0डब्ल्यू0डी0 गेस्ट हाउस में महिला उत्पीड़न की घटनाओं की गहन समीक्षा/महिला जनसुनवाई की। जनसुनवाई में कुल 19 पीड़ित महिलाओं ने अपनी समस्याओं से सदस्या को अवगत कराया, जिस पर उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश देते हुए कहा कि पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाय तथा जनकल्याणकारी योजनाओं से महिलाओं एवं बच्चों को लाभान्वित किया जाय। सदस्या ने विगत जनसुनवाई में प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर की गई कार्यवाही की प्रगति की भी समीक्षा की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा, समाज कल्याण अधिकारी सुधीर गुप्ता, प्रभारी महिला थाना सुशीला तिवारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी राजनाथ राम सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें बैठक से पूर्व


पीड़ितों की सुनवाई करती राज्य महिला आयोग की सदस्य

सदस्या, उ0प्र0 राज्य महिला आयोग ने संयुक्त जिला चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान महिला वार्ड में भर्ती मरीजों से वार्ता कर उनके स्वास्थ्य के बारे मे जानकारी प्राप्त करते हुए चिकित्सकों को बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने सी0एम0एस0 से कहा कि बाहर की दवायें न लिखी जाय सदस्या ने जिला अस्पताल में साफ-सफाई ठीक प्रकार से न पाये जाने पर कड़ी नाराजगी प्रकट करते हुए सी0एम0एस0 को साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।सदस्या द्वारा मिशन शक्ति फेज-4 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सैदनपुर में महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजना विषयक जागरूकता शिविर लगाकर महिला, पुरूष, बालक, बालिका सहित उपस्थित आम जनमानस को जागरूक किया गया।

### सार्वजनिक शौचालय के समरसेबल का चोरी से उपयोग कर रहा दबंग

**कौशाम्बी।** मूरतगंज बिकास खण्ड क्षेत्र के उमरछा मे सार्वजनिक शौचालय के उपयोग के लिए लगाया गया समरसेबल में बिधुत केबिल में छेड़खानी कर चोरी से एक दबंग सरकारी समरसेबल का गलत उपयोग कर रहा है मामले की शिकायत ग्राम प्रधान ने अधिकारियों से की है सार्वजनिक शौचालय उमरछा के इस समरसेबल के केबिल को दबंग ने अवैध रूप से अपनी चक्की में लगा लिया है और अपनी चक्की से बटन दबा कर वह सरकारी समरसेबल को चला लेता है आरोप है कि मना करने पर दबंग झगड़ा प्रसाद पर उतारू होता है ग्राम प्रधान ने खंड विकास अधिकारी से शिकायत की है उनका कहना है कि समरसेबल के पानी का दबंग दुरुपयोग कर रहा है तथा अपने निजी कार्य में ले रहा है समरसेबल की केबल में छेड़खानी करने के बाद उसको अपनी चक्की में डायरेक्ट लगा लिया है जिससे समरसेबल की जलने की प्रबल संभावना है सरकारी क्षति हो सकती है ग्राम प्रधान ने खंड विकास अधिकारी से समरसेबल की केबल को सुलभ शौचालय के कमरे के अंदर शिफ्ट करने की व्यवस्था करने की मांग करते हुए गलत तरीके से समरसेबल चलाने वाले दबंग पर कार्रवाई की मांग की है।

# प्राथमिकता पर निस्तारित किया जाए किसानों की समस्या : जिलाधिकारी

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार की अध्यक्षता में उदयन सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया जिलाधिकारी ने किसानों की समस्याओं को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को निस्तारित करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाय उन्होंने उप कृषि निदेशक को प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को नियमित रूप से किसान दिवस का आयोजन कराने एवं किसानों के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों को भी आमन्त्रित करने के निर्देश दिये उन्होंने कहा कि किसान दिवस में केवीके के वैज्ञानिकों द्वारा कृषि के उन्नत वैज्ञानिक तरीकों की जानकारी किसानों को दी जाय जिससे

**किसानों को धान की उन्नत किस्मों धान की नर्सरी एवं नैनो यूरिया की दी गयी विस्तृत जानकारी**



किसान दिवस की बैठक में डीएम सीडीओ वा अन्य

किसान कम लागत में अधिक उपज पैदा कर सकें उन्होंने जिला कृषि अधिकारी को किसानों के उपज की मार्केटिंग विपणन हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें किसान दिवस में वैज्ञानिक केवीके डॉ0 मनोज सिंह द्वारा खरीफ फसल धान के उन्नत किस्मों एवं धान की नर्सरी तथा धान की फसल को बीमारियों से बचाने के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी। इसके साथ ही डॉ0 नवीन वर्मा द्वारा किसानों को नैनो यूरिया के प्रयोग के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया गया कि इससे उत्पादन बढ़ जाता है तथा वायुमण्डल प्रदूषित भी नहीं होता है। जिला उद्यान अधिकारी द्वारा कृषकों की जिज्ञ-ासा पर मशरूम की खेती के लिए शासन द्वारा उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं सहित अन्य महत्वपूर्ण जानकारी विस्तार से दी गयी बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शशिकान्त त्रिपाठी उप कृषि निदेशक उदयनभान सिंह गौतम एवं जिला कृषि अधिकारी मनोज सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण एवं किसान बन्धु उपस्थित रहे।

# मरीज ने सीएमओ से पूछा किस अस्पताल का अल्ट्रासाउंड माने सही !

अखंड भारत संदेश

**विकास हॉस्पिटल के अल्ट्रासाउंड पर मरीज ने खड़े किए सवाल**

**कौशाम्बी।** सराय अकिल कस्बे में स्थित विकास हॉस्पिटल के अल्ट्रासाउंड पर मरीज ने सवाल खड़े किए हैं। अस्पताल द्वारा किए गए अल्ट्रासाउंड के बाद जब मरीज ने जिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड कराया तो दोनों रिपोर्ट में परिवर्तन था इस पर मरीज ने सीएमओ से शिकायत कर अस्पताल पर कार्यवाही की मांग की है।

बताते चलें कि सराय अकिल थाना क्षेत्र के बसुहार गांव निवासी चंद्रबली ओझा पुत्र स्वर्गीय राजमन ओझा द्वारा 5 जून को विकास हॉस्पिटल करन चौराहा सराय अकिल मे पेट की समस्या होने के पर अल्ट्रासाउंड कराया कराने जहाँ डॉक्टर विकास सिंह अल्ट्रासाउंड कक्ष में थे उन्होंने 700 रुपए जमा करा कर अल्ट्रासाउंड किया जिसकी रिपोर्ट नॉर्मल आई जिस पर मरीज को संतुष्टि नहीं हुई और मरीज की दिक्कत बढ़ने लगी जिसके बाद 13 जून को संयुक्त चिकित्सालय मंझनपुर में जाकर मरीज ने अपने पेट का फिर अल्ट्रासाउंड कराया जिसमें पित्ताशय में पथरी व लिवरफैटी व अन्य समस्या सामने आई है विकास हॉस्पिटल द्वारा किए गए अल्ट्रासाउंड की रिपोर्ट नॉर्मल आने से मरीज इस संशय में पड़ गया है कि कौन सी रिपोर्ट को सही मानकर अपना इलाज कराएं जिससे उसका जीवन बच सके अल्ट्रासाउंड की दो अलग-अलग रिपोर्ट आने पर मरीज ने सीएमओ से शिकायत कर उनसे सवाल किया है कि अल्ट्रासाउंड की किस रिपोर्ट को वह सही मानकर अपना इलाज कराएं जिससे उसका मर्ज ठीक हो सके।

# चिकित्सकों को राज्य मंत्री ने दिया चिकित्सा सेवा सम्मान पत्र

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** कोविड मरीजों की कोरोना काल में प्रदत्त चिकित्सीय सहायता हेतु डॉक्टर अरुण कुमार पटेल प्रभारी चिकित्सा अधिकारी अफजाल अहमद एल ए पीएचसी मंझनपुर के बेहतर कार्यों पर आयुष एवं खाद्य सुरक्षा राज्य मंत्री डॉ दयाशंकर मिश्र दयालु ने चिकित्सा सेवा सम्मान से सम्मानित किया है राज्य मंत्री का चिकित्सकों और कर्मचारियों ने जोरदार स्वागत किया है कोविड के समय डॉक्टर अरुण कुमार पटेल ने अपने कुशल नेतृत्व में जिला मुख्यालय मंझनपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के विस्तार पटल में 50 बेड हॉस्पिटल का कुशल संचालन करके प्रदेश स्तर पर अपनी गरिमा मई एवं संपूर्ण समर्पण भावना से किए गए चिकित्सकीय



कार्यक्रम में उपस्थित राज्यमंत्री

सेवा से जिले का नाम रोशन किया है डॉ अरुण कुमार पटेल ने अपने अधीनस्थ कोविड 19 के उपचार में लगे समस्त चिकित्सक एवं पैरामेडिकल को अपने साथ साथ सम्मानित कराने का गौरव प्राप्त किया इनके कार्य को डीजी हेल्थ और कमिश्नर प्रयागराज ने भी सराहा। इस मौके पर प्रदेश संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ,भाजपा जिला अध्यक्ष अनीता त्रिपाठी जिला संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ कौशांबी एवं शीतला प्रसाद पटेल पूर्व विधायक,एवं तमाम पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

### बीओबी के अभद्र मैनेजर से ग्राहक परेशान

**कौशांबी।** चायल तहसील क्षेत्र के इमामगंज चौराहे पर बैंक ऑफ बड़ौदा के शाखा प्रबंधक के अभद्र व्यवहार से बैंक ग्राहक परेशान है आए दिन बैंक ग्राहकों के साथ शाखा प्रबंधक उत्तेजित होकर उल जलूल बात करते हैं जिससे बैंक ग्राहक अपने को अपमानित महसूस करते हैं मामले की शिकायत लीड बैंक प्रबंधक से खाताधारकों ने की है जिस पर लीड बैंक प्रबंधक ने शाखा प्रबंधक से बात कर ग्राहकों को संतुष्ट करने का निर्देश दिया है बताते चलें कि बैंक ऑफ बड़ौदा इमामगंज के शाखा प्रबंधक बैंक परिसर और उसके आसपास निवास नहीं करते हैं और प्रतिदिन दूसरे जनपद से बैंक पहुंचते हैं जिससे समय पर वह बैंक नहीं पहुंच पाते शाखा प्रबंधक की इस लापरवाही से बैंक का कार्य भी प्रभावित हो रहा है और ग्राहकों को परेशानी झेलनी पड़ रही है बताया जाता है कि शाखा प्रबंधक दलालों से घिरे हैं और वह दलालों को अधिक तवज्जो देते हैं बैंक पहुंचे ग्राहकों से उत्तेजना से बात करना शाखा प्रबंधक की आदत बन गई है कभी-कभी तो शाखा प्रबंधक ग्राहकों को यह कहते भी सुने जाते हैं कि वह अपना बैंक ऑफ बड़ौदा से खाता बंद करा लें किसी दूसरे बैंक में खाता खुलवा ले जिससे बैंक ग्राहकों में आक्रोश है और मामले की शिकायत बैंक अधिकारियों से ग्राहकों ने की है लेकिन उसके बाद भी शाखा प्रबंधक अपनी लापरवाही पर सुधार करते नहीं दिख रहे हैं।

### तालाब पर कब्जा करने वाले दो दर्जन के खिलाफ मुकदमा

**कौशांबी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के रकसौली गांव में ग्राम सभा के सरकारी तालाब और खलिहान की भूमि पर बसपा सरकार के कार्यकाल में दर्जनों लोगों ने अवैध तरीके से कब्जा करके सरकारी भूमि पर मकान बना लिया था मामले की शिकायत ग्राम प्रधान ने डीएम से की है जिला अधिकारी ने एसडीएम मंझनपुर से प्रकरण की जांच कराई जांच के दौरान सरकारी भूमि पर दबंगों का अवैध कब्जा सही साबित हुआ और सरकारी तालाब और खलिहान की जमीन पर अवैध तरीके से पक्के घर बनाए जाने की रिपोर्ट एसडीएम ने डीएम को सौंप दी है डीएम के निर्देश पर दो दर्जन लोगों के विरुद्ध थाना में मुकदमा दर्ज हो गया है जिससे कब्जा धारकों में हड़कंप मचा है।

### गरीब की जमीन पर दबंग कर रहे हैं कब्जा

**कौशांबी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के लौगवा गांव के गरीब कल्लन देवी पत्नी निर्मल चन्द्र की जमीन पर दबंग जबरिया कब्जा कर रहे हैं गरीब महिला की जमीन पर कब्जा करने वाले हत्या के आरोप में 2 वर्षों तक जेल में बंद रहे हालांकि अदालत ने परीक्षण के दौरान दबंगों को निर्दोष साबित करार दिया और हत्या के मामले से बरी कर दिया दबंगों पर निदोर्षों के साथ जुल्म ज्यादती कर उनकी जमीन कब्जा करने का लगातार आरोप लग रहा है फिर दबंगों के कारनामे का एक मामला सुर्खियों में है मामले की शिकायत पीड़ित महिला ने डीएम से की है।

### शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना कौशाम्बी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त अनेठ पासी पुत्र मोती लाल पासी थाना कौशाम्बी को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया हैं

### चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 149 वाहनो का ई चालान व 02 वाहन का चालान कर 1000 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।

संपादकीय

## चिकित्सा शिक्षा में गुणवत्ता की कमी

**देश** में चिकित्सकों की कमी के बावजूद चिकित्सा शिक्षा में स्नातकोत्तर कक्षाओं में 1456 सीटें खाली रह जाना चिंता का सबब हैं। ये सीटें राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा (नीट पीजी) के बाद खाली रह गईं। इसे लेकर शीर्ष न्यायालय नाराजगी जताते हुए चिकित्सा परामर्श समीति (एमसीसी) को कड़ी फटकार लगा चुका है। हिदायत दी कि एक भी सीट खाली नहीं रहनी चाहिए। विशेष परामर्श से सीटें भरी जाएं। मगर अगली सुनवाई में न्यायालय ने केंद्र और एमसीसी के फैसले को सही मानते हुए कहा कि इसे मनमाना निर्णय नहीं कह सकते, क्योंकि पढ़ाई की गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जा सकता। यदि ऐसा करते हैं तो लोक स्वास्थ्य प्रभावित होगा। अतैए एमसीसी का निर्णय जनस्वास्थ्य के हित में है। बावजूद इसके सच यह है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की कमी के चलते बड़ी संख्या में सीटें खाली रह गईं। साथ ही कई प्रतिभावान छात्र जटिल विषयों में पीजी करना नहीं चाहते । जब कोई प्रचलित व्यवस्था संकट में आती है तो सवालों का उठना लाजिमी है। मेडिकल चिकित्सा के पीजी पाठ्यक्रमों में खाली सीटें रह जाने में छात्रों की रुचि नहीं होना भी है। इस परिप्रेक्ष्य में 2015-16 में शल्य चिकित्सक हृदय (कॉर्डियक) में 104, हृदयरोग विषेशज्ञ 55, बालरोग विषेशज्ञ 87, प्लास्टिक सर्जरी 58, स्नायु-तंत्र विषेशज्ञ (न्यूरोलॉजिस्ट)-48 और स्नायुतंत्र शल्यक्रिया विषेशज्ञों की भी 48 सीटें रिक्त रह गईं थीं। इस कमी के दो कारण गिनाए गए थे। एक -इन पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा के लिए योग्य अभ्यर्थी पर्याप्त संख्या में नहीं मिले। दूसरा- पीजी के लिए जो योग्य विद्यार्थी मिले भी, उन्होंने इन पाठ्यक्रमों में पढ़ने से मना कर दिया। अब 1456 सीटें खाली रहने के पीछे योग्य विद्यार्थियों का उपलब्ध नहीं होना बताया गया है। आखिर क्या कारण हैं कि चिकित्सा शिक्षा में सुविधाएं बढ़ जाने के बावजूद गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध क्यों नहीं कराई जा पा रही है ? ऐलौपैथी चिकित्सा विषेशज्ञों का मानना है कि विद्यार्थी उन पाठ्यक्रमों में अध्ययन करना नहीं चाहते, जिनमें विषेशज्ञता प्राप्त करने में लंबा समय लगता है। इसके उलट वे ऐसे पाठ्यक्रमों में दक्षता हासिल करना चाहते हैं, जहां जल्दी ही विषेशज्ञता की उपाधि प्राप्त कर धन कमाने के अवसर मिल जाते हैं। गुर्दा, नाक, कान, दांत, गला रोग एवं विभिन्न तकनीकी जांच विषेशज्ञ 35 साल की उम्र पर पहुंचने के बाद शल्य क्रिया शुरू कर देते हैं, जबकि हृदय और तांत्रिका-तंत्र विषेशयज्ञों को यह अवसर 40-45 साल की उम्र बीत जाने के बाद मिलता है। साफ है, दिल और दिमाग का मामला बेहद नाजुक है, इसलिए इनमें लंबा अनुभव भी जरूरी है। लेकिन यह समस्या अनवरत बनी रही तो भविष्य में इन रोगों के उपचार से जुड़े चिकित्सकों की कमी तय है। इस व्यवस्था में कमी कहां है, इसे ढूंढना और फिर उसका निराकरण करना तो सरकार और एलोपैथी शिक्षा से जुड़े लोगों का काम है। सवाल पूछा जा सकता है कि इसके कारणों के नेपथ्य में भारतीय चिकित्सा परिषद को खारिज कर ह्यराष्ट्रीय चिकित्सा परिषदह्य बनाना और चिकित्सा शिक्षा का लगातार महंगा होते जाना तो नहीं ? साल 2016 में एमएमसी अस्तित्व में लाने का निर्णय केंद्र सरकार ने लिया था। आरंभ में इसका मकसद चिकित्सा शिक्षा के गिरते स्तर को सुधारना, इस पेशे को भ्रष्टाचार मुक्त बनाना और निजी चिकित्सा महाविद्यालयों के अनैतिक गठजोड़ को तोड़ना था।

## यह आंदोलन का मुद्दा है क्या

**कांग्रेस** आजकल राजनीतिक पार्टी की बजाय प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बनती जा रही है। इसका ताजा प्रमाण फिर सामने आ रहा है। नेशनल हेराल्ड के मामले में सोनिया गांधी और राहुल को प्रवर्तन निदेशालय के सामने जांच के लिए पेश होना पड़ रहा है। हो सकता है कि जांच में दोनों बिल्कुल खरे उतरें। वैसे देश में मुझे तो एक भी नेता ऐसा दिखाई नहीं पड़ता जो कि दूध का धुला हो। कोई न कोई धांधली, ठगी, रिश्वत या दादागीरी का दांव मारे बिना कोई भी नेता अपनी दुकान कैसे चला सकता है? फिर भी हम मानकर चल सकते हैं कि राहुल और सोनिया बिल्कुल बेदाग निकलेंगे तो भी असली सवाल यह है कि किसी जांच एजेंसी के सामने पेश होने में उन्हें एतराज क्यों होना चाहिए?

यदि कानून सबके लिए एक-जैसा है तो वह उन पर भी लागू क्यों न हो? वे अपने आप को कानून से ऊपर समझते हैं, क्या? यदि वे निर्दोष हैं तो कोई जांच एजेंसी सत्तारूढ़ नेताओं की कितनी ही गुलाम हो, उन्हें किसी से डरने की क्या जरूरत है? भारत की न्यायपालिका आज भी निर्भीक और स्वतंत्र है। वह उनके सम्मान की रक्षा अवश्य करेगी लेकिन इस जांच को लेकर पूरी कांग्रेस जिस तरह से सड़क पर उतर आई है, वह अपना मजाक बनवा रही है। इससे कई बातें सिद्ध हो रही हैं। पहली तो यह कि कांग्रेस अपने सिर्फ दो नेताओं, मां और बेटे को बचाने के लिए जिस तरह जन-आंदोलन पर उतर आई है, उससे लगता है कि उसके पास जनहित का कोई और मुद्दा है ही नहीं। अपने नेताओं को बचाना ही उसके लिए सबसे बड़ा जनहित है। दूसरा, उसने जन-आंदोलन की राह अपनाकर भाजपा सरकार के प्रति जनता को जो शिकायत हो सकती थी, उस पर ढक्कन लगा दिया है। जरा याद करें कि चरण सिंह सरकार ने जब इंदिरा गांधी को गिरफ्तार किया था तो उस सरकार की इज्जत कैसे पैंदे में बैठ गई थी। यही अब भी होता लेकिन मां-बेटे ने यह प्रदर्शन करवाकर भाजपा सरकार के हाथ मजबूत कर दिए हैं। तीसरा, लोगों को आश्चर्य है कि कांग्रेस की हालत मायावती की बसपा की तरह क्यों होती जा रही है? उसके पास न तो योग्य नेता हैं और न ही प्रभावशाली नीति है। इसी का नतीजा है कि राष्ट्रपति के चुनाव में उम्मीदवार के लिए किसी कांग्रेस नेता का नाम सामने नहीं आ रहा है। सारे विपक्षी दलों को इस मुद्दे पर एक करने में भी कांग्रेस को सफलता नहीं मिल रही है। यद्यपि कांग्रेस के कुछ मुख्यमंत्री काफी सफलतापूर्वक काम कर रहे हैं लेकिन उन्हें भी जब मां-बेटे की सेवा में जोत दिया जा रहा हो तो आम लोग सोच में पड़ जाते हैं कि ये अनुभवी नेता लोग भी नेता हैं या किसी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के कर्मचारी हैं?

# अपनी कार्यशैली के दम पर दिलोदिमाग पर छाते योगी

दीपक कुमार त्यागी



**भारतीय** राजनीति में उत्तर प्रदेश की हमेशा महत्वपूर्ण भूमिका रही है, वैसे भी देखा जाये जनसंख्या के हिसाब से उत्तर प्रदेश भारत का सबसे बड़ा राज्य है, इसलिए यह भारत की राजनीति के केंद्र बिंदु में हमेशा अपना अहम स्थान बनाकर रखता है?। फिलहाल उत्तर प्रदेश की कमान एक ऐसे ओजस्वी युवा व्यक्तित्व भगवाधारी संन्यासी "योगी आदित्यनाथ" के हाथों में है, जिनका जीवन देश समाज व सनातन धर्म के लिए पूर्ण रूप से समर्पित है। वैसे तो "योगी आदित्यनाथ" का जन्म 5 जून 1972 को देवभूमि उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जनपद के पैतृक गांव पंचूर में हुआ था, जो उस समय अविभाजित उत्तर प्रदेश का हिस्सा था। एक आम मध्यवर्गीय गढ़वाली राजपूत परिवार में जन्मे "योगी आदित्यनाथ" के पिता का नाम आनन्द सिंह बिष्ट और माता का नाम सावित्री देवी है, योगी सात भाई-बहनों में पांचवें नंबर की संतान हैं, हालांकि संत परंपरा में पिता के नाम की जगह गुरु का नाम आता है, जिसका योगी पूरे सम्मान के साथ निर्वहन करते हैं। वह उत्तराखंड के हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय, श्रीनगर से विज्ञान स्नातक हैं। "योगी आदित्यनाथ" वर्ष 1993 में पढ़ाई के दौरान अचानक ही गोरखपुर चले आए थे, उस वक्त योगी के मन में क्या चल रहा था, यह उनके घरवालों व अन्य किसी दोस्त तक को भी नहीं पता था। जब यहां आकर उन्होंने देखा कि सम्पूर्ण पूर्वी उत्तर प्रदेश मजहबी जेहाद, हिन्दुओं के धर्मान्तरण, नक्सली व माओवादी हिंसा, आकंठ भ्रष्टाचार तथा माफियाओं के चलते जबरदस्त अपराध की अराजकता में जकड़ा हुआ है, जिसे देखकर "योगी आदित्यनाथ" का मन बेहद व्यथित हुआ। वैसे भी योगी का मन सनातन धर्म, संस्कृति, अध्यात्म, शिक्षा, समाज सेवा, सांस्कृतिक चिंतन, लेखन, हिन्दुत्वनिष्ठ राष्ट्रवादी राजनीति एवं गोरक्षा के कार्य आदि में ही अधिक लगता था। जिसके चलते उन्होंने नाथपंथ के विश्व प्रसिद्ध मठ "श्री गोरक्षनाथ मंदिर" गोरखपुर के गोरक्षपीठाधीश्वर महंत अवेद्यनाथ महाराज से उन्होंने संन्यासी बनने की इच्छा प्रकट की थी। जिसके पश्चात 15 फरवरी सन 1994 की पावन तिथि पर गोरक्षपीठाधीश्वर महंत अवेद्यनाथ महाराज ने अपने उत्तराधिकारी योगी आदित्यनाथ का दीक्षाभिषेक सम्पन्न किया था। 22 साल की उम्र में वह सांसारिक मोह-माया छोड़कर अब एक योगी बन गए और इसके बाद उनका नाम संत परंपरा के अनुसार बदल कर "अजय सिंह बिष्ट" से "योगी आदित्यनाथ" हो गया था। "योगी आदित्यनाथ" ने वर्ष 1996 में अपने गुरु महंत अवेद्यनाथ महाराज के लोकसभा चुनाव के प्रबंधन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन किया था। वर्ष 1998 में गुरुदेव महंत अवेद्यनाथ महाराज ने योगी को अपना उत्तराधिकारी घोषित करके लोकसभा प्रत्याशी घोषित करने का कार्य किया था। मात्र 26 वर्ष की आयु में "योगी आदित्यनाथ" के लोकसभा चुनाव में विजय के साथ इनके राजनीतिक करियर की धमाकेदार शुरूआत हुई थी। उस वक्त योगी को देश में सबसे कम उम्र का लोकसभा सांसद होने का गौरव भी प्राप्त हुआ था। दिन-प्रतिदिन "योगी आदित्यनाथ" पर मठ से जुड़ी व सामाजिक जिम्मेदारी बढ़ती चली गयी, उन पर नाथपंथ की सर्वोच्च सिद्धपीठ "श्री गोरखनाथ मंदिर" गोरखपुर के पीठाधीश्वर महंत के दायित्व के निर्वहन के साथ-साथ "श्री गोरक्षपीठ" के द्वारा संचालित महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के अंतर्गत लगभग साढ़े चार दर्जन शिक्षण, प्रशिक्षण, चिकित्सा एवं सेवा संस्थानों के प्रबंधक, अध्यक्ष एवं मार्गदर्शक की जिम्मेदारी भी आ गयी थी। वह देश में सनातन धर्म के एक महत्वपूर्ण रक्षक के साथ-साथ, शिक्षा-चिकित्सा संस्थानों में अनेक मौलिक प्रयोग कर विविध नवाचारों के प्रतिष्ठापक और विभिन्न पुस्तकों के लेख भी हैं। उनके द्वारा लिखित यौगिक षट्कर्म, हठयोगः स्वरूप एवं साधना, राजयोगः स्वरूप एवं साधना, हिन्दू राष्ट्र नेपाल - अतीत एवं वर्तमान पुस्तकें बेहद प्रसिद्ध हैं। वह "श्री गोरखनाथ मंदिर" द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका "योगवाणी" के प्रधान संपादक भी हैं। वह देश में नाथपंथ एवं नाथयोग दर्शन के एक प्रकांड विद्वान हैं। नाथपंथ एवं योगदर्शन के साथ-साथ देश के मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य, सामाजिक, सांस्कृतिक, विभिन्न ज्वलंत मुद्दों व राष्ट्रीय विषयों पर विभिन्न समाचारपत्र व पत्रिकाओं में "योगी आदित्यनाथ" के ज्ञानवर्धक आलेख निरंतर प्रकाशित होते रहते हैं, जिनमें "योगी आदित्यनाथ" के देश व समाज हित के अनमोल विचार एवं चिंतन की प्रतिध्वनि स्पष्ट रूप से नजर आती है। "योगी आदित्यनाथ" ने वर्ष 1998, 1999, 2004, 2009 और 2014 के लोकसभा चुनाव में लगातार जीत हासिल करके अपनी राजनीतिक धमक देश के ताकतवर राजनेताओं को दिखाने का कार्य किया था, उन्होंने उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल क्षेत्र ही नहीं बल्कि पूरे देश में मात्र 42 वर्ष की उम्र में लगातार पांच बार लोकसभा सांसद बनने का अहम रिकॉर्ड कायम किया था। "योगी आदित्यनाथ" देश में सांस्कृतिक, सामाजिक, राजनीतिक परिस्थितियों के अध्येता एवं समालोचक हैं। उनको एक सफल राजनेता, मुख्यमंत्री के साथ-साथ मौलिक चिंतक, शोध-अध्येता, दार्शनिक एवं व्यावहारिक योग के प्रकांड विद्वान के रूप में देश ही नहीं बल्कि दुनिया में ख्याति प्राप्त है। वह दुनिया में भारतीय सनातन धर्म एवं संस्कृति के आज मुख्य ध्वजवाहकों में से एक हैं, वह 'हिंदुत्व ही राष्ट्रीयता हैह्व के एक मुख्य उद्घोषक हैं। वह भारत में आज के दौर में चल रही धमार्धारित राजनीति के मुख्य प्रतिमान बन गये है। वह भारत की राजनीति में एक नई कार्य-संस्कृति के मुख्य प्रतीक बन गये हैं। देश व समाज हित की निष्पक्ष राजनीति करने के चलते वह लोक-कल्याण पथ के सर्वश्रेष्ठ पथिक हैं, वह सामाजिक समरसता के सच्चे वाहक हैं, उनका स्वानुशासित योगमय कठोर परिश्रमी जीवन आम जनमानस के लिए अनुकरणीय है।" देश-दुनिया में चर्चित भगवाधारी संन्यासी "योगी आदित्यनाथ" का मुख्यमंत्री के रूप में अब उत्तर प्रदेश में दूसरा कार्यकाल चल रहा है। वैसे तो "योगी आदित्यनाथ" पहले से ही भारतीय राजनीति का एक बेहद चर्चित, बेहद लोकप्रिय व प्रसिद्ध चेहरा रहें हैं, उनका देश व प्रदेश की जनता के बीच हमेशा जलवा कायम रहा है। वैसे जनता के दृष्टिकोण से देखा जाए तो वह "योगी आदित्यनाथ" को उनकी आक्रामक शैली की वजह से ही बेहद पसंद करती है। देश की जनता के बीच "योगी आदित्यनाथ" की छवि एक ऐसे बेबाक फायर ब्रांड नेता की बनी हुई है, जिससे जन अदालत में मोर्चा लेने के लिए विपक्षी दलों के दिग्गज राजनेताओं को भी बार-बार सोच विचार करना पड़ता है। वह भारत की राजनीति में एक ऐसे राजनेता हैं, जो कि सनातन धर्म संस्कृति की परंपराओं का सिर्फ अपने क्षणिक राजनीतिक हित साधने के लिए दिखावा ना करके, अपने रोजमर्रा के जीवन में दिल से जीने का कार्य करते हैं। "योगी आदित्यनाथ" के रोजमर्रा के जीवन में सनातन धर्म की छाप स्पष्ट रूप से झलकती है, जिसके चलते ही "योगी आदित्यनाथ" देश के बहुसंख्य सनातन धर्म के करोड़ों अनुयायियों के बीच आज बेहद लोकप्रिय हैं। "उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री का प्रथम बार पदभार संभालने के बाद से लगभग हर दिन योगी आदित्यनाथ अपनी आक्रामक हिंदुत्ववादी व जनहित की कार्यशैली के बलबूते देश की राजनीति में जबरदस्त ढंग से चचाओं में बने रहने में कामयाब रहे हैं। आज उनके कार्यकाल की सबसे अच्छी बात यह है कि योगी राज में छोटे-बड़े विभिन्न माफियाओं पर बिना किसी जाति-धर्म अमीर-गरीब के भेदभाव के कार्रवाई हो रही है। उन्होंने बिना किसी भेदभाव के ध्वनि प्रदूषण कम करने के लिए उत्तर प्रदेश में धार्मिक स्थलों से एक लाख से अधिक लाउडस्पीकर उतरवाने के बेहद असंभव कार्य को बेहद शांतिपूर्ण ढंग से करवा कर इतिहास रचने का कार्य किया है, देश के अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री के लिए योगी की यह निष्पक्ष कार्यशैली एक बहुत बड़ी नजीर है। आज योगीराज में उत्तर प्रदेश में बात-बात पर दंगा-फसाद करके अपनी मनमानी करने वाले लोगों व अपराध करने वाले लोगों के बीच योगीराज के बुलडोजर का जबरदस्त खौफ व्याप्त है, कभी उत्तर प्रदेश में कानून को अपनी जेब में रखने वाले निरंकुश बेखौफ अपराधियों में आज योगीराज के चलते कानून का भय व्याप्त है।" वैसे धरातल पर बिना किसी राजनीतिक दुर्भावना से ग्रस्त होकर निष्पक्ष रूप से आंकलन किया जाये तो इसबार उत्तर प्रदेश में दोबारा से "योगी आदित्यनाथ" की सरकार बनवाने में अपराधियों के खिलाफ बेखौफ होकर उनकी बुलडोजर चलवाने वाली छवि का बहुत बड़ा योगदान रहा है। प्रदेश के मतदाताओं के बीच यह संदेश चला गया कि योगी जो कहते हैं वह उस पर कायम रहकर धरातल पर कार्य करके दिखाते हैं, वैसे देखा जाए तो सार्वजनिक जीवन में यही छवि किसी भी राजनेता की सबसे बड़ी वास्तविक पूंजी होती है, जिसको सफलतापूर्वक "योगी आदित्यनाथ" ने एकत्र करने का कार्य अब कर लिया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में अपने प्रथम कार्यकाल में "योगी आदित्यनाथ" ने जिस प्रकार से अपराधियों पर जो बुलडोजर चलवाने वाली कार्यवाही की थी, योगी के उस बुलडोजर ने उत्तर प्रदेश के माफियाओं के बुलंद हौसलों व इमारतों दोनों को ध्वस्त करने का कार्य करते हुए जनता के दिलों में योगी के लिए बेहद सम्मानजनक स्थान बनाने का कार्य किया है। उत्तर प्रदेश के लोगों का मानना है कि योगी राज में पूर्ववर्ती सरकारों की भांति राज्य में अपराधियों को जाति-धर्म के आधार पर अपराध करने की छूट मिलना अब पूरी तरह से बंद हो गयी है, जिसके चलते राज्य में धरातल पर धीरे-धीरे कानून व्यवस्था में सुधार हो रहा है। उत्तर प्रदेश के विकास को नये आयाम देने के लिए राज्य में बड़ी-बड़ी बुनियादी ढांचागत परियोजनाएं का तेजी के साथ निर्माण किया जा रहा है, राज्य में विश्वस्तरीय सड़कों का जाल बुना जा रहा है, उत्तर प्रदेश के विकास को गति देने के लिए सड़कों को गड्ढों से मुक्त करने के लिए समय समय पर बृहद अभियान चलाये जा रहे हैं। योगी राज में हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर में बढ़ोतरी व सुधार के लिए कार्य किये जा रहे हैं, चिकित्सा शिक्षा के लिए मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं, घातक कोरोना महामारी व एन्सेफलाइटिस जैसी गंभीर बिमारियों के खिलाफ योगी सरकार का धरातल पर निरंतर युद्ध जारी है। किसानों को विभिन्न प्रकार से राहत देने के लिए योगी सरकार वचनबद्ध होकर कार्य कर रही है। महिला सशक्तिकरण व सुरक्षा के लिए योगी सरकार लगातार कार्य कर रही है।

# आखिर धर्म, जाति, समाज की सोच कहां से आई

किशन भावनानी

वैश्विक स्तरपर बीते कुछ वर्षों से हम मीडिया के माध्यम से देख व सुन रहे हैं कि धर्म, जाति, समाज, रंगभेद की घटनाओं में वर्ष दर वर्ष इजाफा होते जा रहा है कोई अवसर मिलते ही उसे झट से लपक कर अपने-अपने सामूहिक हितार्थ उस उपरोक्त श्रेणियों के वर्ग में ले लिया जाता है और फिर दंगों का सिलसिला जारी हो जाता है यह सिलसिला हम अमेरिका, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया इत्यादि अनेकयूरोपीय देशों से लेकर हमारे एशिया तक जारी हैं। हालांकि यह सदियों से है परंतु वर्तमान कुछ वर्षों से यह क्रम बढ़ते ही जा रहा है इसलिए ही किसी ने सच कहा है कि सृष्टि का रचनाकर्ता मनुष्य का जन्मदाता है पर मनुष्य ही धर्म जाति समाज का जन्मदाता है!! आखिर धर्म जाति समाज की सोच कहां से आई? जिसके बल पर मनुष्य इनमें विभाजित हो चुका है खासकर कुछ वर्षों से हम देख रहे हैं कि दो धर्म समुदायों में अधिक तकरार देखने को मिल रहा है जिसका असर वैश्विक स्तर पर पड़ रहा है।

साथियों बात अगर हम भारत की करें तो भारत शुरू से ही धर्मनिरपेक्ष मानसिकता का पक्षधर रहा है और शांतिप्रियता भारत के खून में ही समाई है। हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई आपस में ही हैं सब भाई भाई। परंतु बीते कुछ वर्षों में दो समुदायों में धार्मिक उन्माद का क्रम बढ़ते जा रहा है बीते कुछ महीने पहले हिजाब का मामला, तीन तलाक का मामला,बुलडोजर मामला, अस्सी बीस का मामला, ज्ञानवापी का मामला, लाउडस्पीकर मामला, अन्य स्थानों पर नमाज का मामला और अभी कुछदिन पहले एक समुदाय विशेष के पैगंबर के संबंध में एक प्रवक्ता की टिप्पणी से 10 जून से आज तक दंगों की चपेट में भारत के यूपी, झारखंड, पश्चिम बंगाल सहित कुछ राज्य झुलस रहे हैं उनपर एफआईआर तीनसव पार आरोपी गिरफ्तार,विभिन्न पार्टियों के नेताओं की उन्मादीबयानबाजी आए दिनों हम टीवी चैनलों पर देख रहे हैं जो हमारे विजन स्वर्ण भारत नया भारत, आत्मनिर्भर भारत के शुभ संकेत नहीं माने जा सकते। साथियों बात अगर हम दिनांक 14 जून 2022 को सीजेआई को पत्र लिखने की करें तो, कई रिटायर्ड जजों और वरिष्ठ वकीलों ने मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर यूपी में बुलडोजर कार्रवाई और गिरफ्तारियों पर संज्ञान लेने की मांग की है। 6 रिटायर्ड जजों समेत 12 लोगों ने पैगंबर मोहम्मद विवाद के संदर्भ में पत्र में लिखा कि हाल में यूपी के कई शहरों में विरोध प्रदर्शन हुए, जिसके बाद बड़े पैमाने पर लोगों को अवैध रूप से हिरासत में लिया गया। कई लोगों के घरों को बुलडोजर से तोड़ दिया गया। ये कार्रवाई गैरकानूनी है। नियमों के खिलाफ है। सुप्रीम कोर्ट को इस पर संज्ञान लेकर कार्रवाई करनी चाहिए। ऐसी रिपोर्ट मीडिया में आई है। साथियों बात अगर हम मूल विषय इस धर्म, जाति, समाज की करें तो यह मनुष्य के मस्तिष्क की ही देन है क्योंकि सृष्टि रचनाकर्ता ने तो खूबसूरत मनुष्य की रचना कर उसमें अनमोल बुद्धि रूपी सौगात बक्शी थी!! परंतु अब प्रश्न है कि आखिर धर्म जाति समाज की सोच कहां से आई ? इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में उपलब्ध जानकारी के अनुसार धर्म के उत्पत्ति का मुख्य कारण मनुष्य का सत्य को जानने की प्रवृत्ति के कारण हुआ और चूंकि सत्य को समझने की मानववृत्ति एक जन्मजात वृत्ति है, इसलिए यह जानने का कोई कारण दिखाई नहीं देता कि उसका प्रारंभ मानव इतिहास में काफी समय बाद हुआ। आदिम काल में मनुष्य ने प्रकृति के कार्यो को समझने का प्रयास किया होगा। यदि आज विज्ञान का युग है तो इसका यह अर्थ कदापि नहीं कि विज्ञान आदिम काल में रहा नहीं होगा। बिना बीज के वृक्ष कैसे उत्पन्न हो सकता है? पुरातन युग में भी कोई दार्शनिक या वैज्ञानिक रहे होंगे ही जिन्होंने प्रकृति के विभिन्न कार्य-कलापों को समझने का प्रयास किया होगा। सही बात तो यह है कि धर्म मानव जीवन की सहजवृत्ति है। धर्म की उत्पत्ति के किए हमें मानव प्रकृति को ही आधार मानना होगा, क्योंकि परिवर्तन होने के बाद भी मानव प्रकृति में एक अविच्छिन्नता की जाती है। जिस तरह आज का मानव सुख-दुख का अनुभव करता है, क्रोध और द्वेष का शिकार है, भूख और प्यास को अनुभव करता है, उसी तरह आदिमानव भी करता था।साथियों बात अगर हम इतिहास के दृष्टिकोण से धर्म जाति समाज उत्पत्ति की बात करें तो, इसी प्रकार ऐतिहासिक दृष्टिकोण से इस बात का पता लगाया जाता है कि धर्म का प्रादुर्भाव कब और किन-किन रुपों में हुआ था तथा इसके विकास की क्या गतिविधि रही ? इसमें संदेह नही कि धर्म की उत्पत्ति एवं विकास का वैज्ञानिक अध्ययन आधुनिक विज्ञानों जैसे- मानवशास्त्र , मनोविज्ञान तथा ऐतिहासिक पर्यप्रेक्षण द्वारा सम्भव हुआ और इन अध्ययनों के आधार पर ही कुछ सिध्दांतो का प्रतिपादन भी हुआ, परन्तु इन सिध्दांतों के पहले भी कुछ सिध्दांत प्रचलित थे जो कि अब इतने प्रचलित नही है । इन प्राचीन सिध्दांतो से भी धर्म की उत्पत्ति पर पर्याप्त मात्रा में प्रकाश डाला गया था। सर्वप्रथम इन प्राचीन सिध्दांतो पर ही विचार कर लेना ठीक होगा।

साथियों बात अगर हम जाति की उत्पत्ति संबंधी मीडिया में दी गई जानकारी की माने तो, जहां तक कि जाति की उत्पत्ति के संबंध में माना जाता है,ऋग्वेद के अनुसार, धर्म के सिद्धान्त की व्याख्या की जाती है जोकि हिन्दूओं के सबसे पवित्र ग्रन्थों में से एक है के अनुसार, विभिन्न प्रकार के वर्णों का निर्माण प्रारम्भिक पुरुष (सबसे पहला व्यक्ति) के विभिन्न अंगों से हुआ है, ब्राह्मण का निर्माण उसके मस्तिष्क से हुआ, क्षत्रिय का निर्माण उसके हाथों से हुआ, वैश्य का निर्माण उसकी जांघों से हुआ और शुद्र का निर्माण उसके पैरों से हुआ। मनोवैज्ञानिक विवेचना द्वारा इस बात का पता लगाया जाता है कि मानव मन में धर्म की उत्पत्ति कैसे और किन-किन कारणों से हुई ? मानव में सर्वप्रथम किन प्रवृत्तियों इच्छाओं संवेगो तथा प्रेरणाओं के कारण धर्म की भावना जागी जिसके कारण मनुष्य धर्म की ओर उन्मुख हुआ।

साथियों बात अगर हम मान्यताओं पर विश्वास की करें तो हिंदू धर्म, जैन धर्म, यहूदी धर्म, पारसी धर्म, ईसाई धर्म, इस्लाम धर्म, बौद्ध धर्म, सिख धर्म इसके अलावा भी अनेक धर्म, दुनिया में शिंतो, ताओ, जेन, यजीदी, पेगन, वूडू, बहाई धर्म, अहमदिया, कन्फ्यूशियस, काओ दाई आदि अनेक धर्म हैं लेकिन ये सभी उपरोक्त धर्मों से निकले ही धर्म हैं साथियों बात अगर हम निष्कर्ष पर पहुंचने की करें तो ये बहुत निंदा की बात है कि, अब 21वीं शताब्दी में भी और इस आयु और समय में जबकि मानव समाज ने वैज्ञानिक तौर पर इतनी तरक्की की है कि लोग मंगल ग्रह पर भी जमीन खरीदने की योजना बना रहे हैं, भारतीय समाज तब भी जाति धर्म समाज दंगों हेट स्पीच प्रथा जैसी प्राचीन व्यवस्था में विश्वास रखता है। अब समय आ गया है कि माननीय जीव को हेट स्पीच और सोच को बदलने की शुरूआत सबसे पहले स्वयं से कर उसके बाद समाज मोहल्ले शहर जिले राज्य से होते हुए राष्ट्रीय स्तरपर बदलाव की सौगात राष्ट्र को दें, ताकि भारत फिर सोने की चिड़िया और स्वर्णिम भारत होने का दर्जा प्राप्त कर सके। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि आखिर धर्म जाति समाज की सोच कहां से आई?

सृष्टि का रचनाकर्ता मनुष्य का जन्मदाता है पर मनुष्य धर्म जाति समाज का जन्मदाता है!! धर्म, जाति, समाज मुक्त मानवीय जीवन की ओर कदम बढ़ाना स्वर्ण भारत आत्मनिर्भर भारत की शान में मील का पत्थर साबित होगा।

# राष्ट्रपति चुनाव लोकसभा चुनाव की ड्रेस रिहर्सल

राजेश माहेश्वरी

**चुनाव** आयोग ने राष्ट्रपति चुनाव का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। देश के प्रथम नागरिक, सेनाओं के सुप्रीम कमांडर और संवैधानिक प्रमुख का चुनाव बेहद अहम होता है। इस बार राजनीतिक रूप से ये चुनाव दिलचस्प भी होगा। वास्वत में राष्ट्रपति चुनाव से सत्तारूढ बीजेपी की भविष्य की राजनीति सामने आएगी। वहीं विपक्ष की राजनीतिक दशा और दिशा भी ये चुनाव तय करेगा। राष्ट्रपति चुनाव में एनडीए का पलड़ा बिखरे विपक्ष के सामने भारी है। फिलहाल भाजपा-एनडीए को अभी अपने उम्मीदवार की घोषणा करनी है। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि एनडीए की ओर से राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार कौन होगा? जानकारों के अनुसार 2014 के बाद से भाजपा वही कर रही है, जो किसी ने सोचा नहीं होगा। जैसे 2017 में अचानक से रामनाथ कोविंद को राष्ट्रपति और वैंकैया नायडू को उपराष्ट्रपति चुना गया। उस वक्त तक इन दोनों नाम पर कोई चर्चा नहीं थी। इस बार भी कुछ ऐसा ही हो सकता है। वर्तमान राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद उत्तर प्रदेश के दलित और उपराष्ट्रपति वैंकैया नायडू आंध्र प्रदेश के कायस्थ परिवार से आते हैं। जिस वक्त रामनाथ कोविंद राष्ट्रपति बनाए गए थे, उस वक्त वह बिहार के राज्यपाल भी थे। मौजूदा राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद का कार्यकाल 25 जुलाई, 2022 को खत्म हो रहा है। मीडिया रिपोर्टस के मुताबिक ऐसा संभव है कि इस बार भाजपा महादलित या किसी आदिवासी को देश के राष्ट्रपति या फिर उपराष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार के रूप में उतार सकती है। खासतौर पर दक्षिण के महादलित या आदिवासी चेहरे को यह मौका मिल सकता है। चर्चा ये भी है कि एक बार फिर से भाजपा किसी दलित चेहरे पर दांव लगा सकती है। इसमें कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत के नाम की सबसे ज्यादा चर्चा है। मौजूदा समय भाजपा का पंजाब पर काफी फोकस है। किसान आंदोलन के बाद सिख समुदाय में भाजपा के प्रति नाराजगी बढ़ गई थी। ऐसे में संभव है कि सिख चेहरे को राष्ट्रपति या उपराष्ट्रपति का उम्मीदवार बनाया जा सकता है। किसी मुस्लिम चेहरे को भी राष्ट्रपति या उपराष्ट्रपति का उम्मीदवार बनाए जाने के कयास लगाए जा रहे हैं। पिछले दिनों में आई अलग-अलग मीडिया रिपोर्ट्स में इसके लिए दो नामों की चर्चा भी हो रही है। इनमें केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी शामिल हैं। बीजेपी सूत्रों का कहना है कि अगर पार्टी एक राजनीतिक संदेश देना चाहती है, तो वह इस बार एक आदिवासी उम्मीदवार को बहुत अच्छी तरह से पेश कर सकती है। ऐसे में जिन दो नामों की चर्चा हो रही है उनमें छत्तीसगढ़ की राज्यपाल अनुसुइया उइके और झारखंड की पूर्व राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू हैं। उइके मध्य प्रदेश से हैं, मुर्मू ओडिशा के एक आदिवासी जिले मयूरभंज के रहने वाली हैं। राज्यसभा के चुनाव और अन्य उपचुनाव भी हो चुके हैं। परिणाम लगभग तय है। उनके बाद सांसदों का अंकगणित कुछ बदल जाएगा और सत्तारूढ़ भाजपा का पक्ष कुछ भारी होना भी तय है। भाजपा की सीटें लोकसभा में काफी अधिक हैं, हालांकि क्षेत्रीय पार्टियों के साथ तालमेल बदला है और कई राज्यों की विधानसभाओं में स्थिति कमजोर हुई है, जिस कारण एनडीए को क्षेत्रीय पार्टियों का सहारा लेना होगा। इस दायरे में जगन मोहन की वायएसआरसीपी और बीजद आते हैं। अन्य सहयोगी एआईएडीएमके के सदस्य तमिलनाडु विधानसभा में घटे हैं। भाजपा ने यूपी चुनाव में फिर से सत्ता हासिल तो कर ली लेकिन उसकी संख्या घटी है। उसे राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में तुलनात्मक रूप से भी नुकसान हुआ है। सत्तारूढ़ भाजपा की अगुआई वाले एनडीए के पास कुल 10.79 लाख वोटों के आधे से थोड़ा कम यानी 5,26,420 है। उसे वाईएसआर कांग्रेस और बीजू जनता दल के सहयोग की दरकार है। पीएम नरेंद्र मोदी को राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार को लेकर अंतिम फैसला लेना है लेकिन इन दोनों क्षेत्रीय पार्टियों के सहयोग की भगवा दल को जरूरत होगी। अभी इन दोनों पार्टियों ने कोई संकेत तो नहीं दिए लेकिन पिछले दिनों वाईएसआर और ओडिशा के सीएम, दोनों नेताओं ने दिल्ली आकर मोदी से मुलाकात की थी। दोनों ने 2017 में रामनाथ कोविंद को अपना सपोर्ट दिया था। फिलहाल एनडीए को करीब 13,000 वोट कम पड़ रहे हैं।

## सफाई के राजमार्ग पर यू टर्न ही यू टर्न!

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

**टीवी,** समाचार पत्रों ने हमें लाख समझाया कि खाने से पहले और खाने के बाद साबून से हाथ धो लिया करो। और हम थे कि इन बातों को हवा करने में अपनी शान समझते थे। हम उसे विज्ञापन कम टाइमपास ज्यादा मानते थे। रिमोट हाथ में होता तो फट से चैनल का टेंटुआ दबा देते और कहते - यह फालतू की बक-बक सुनने की फुरसत किसे है? क्या हमें नहीं पता की हाथ की सफाई क्या होती है? इस देश में लोग कुछ सीखे न सीखे हाथ की सफाई जरूर सीखते हैं। इससे स्वच्छता और संपन्नता दोनों बनी रहती है। ऐसा नहीं है कि सरकारी विज्ञापन हाथ की सफाई के बारे में संविधान जैसी क्लिष्ट भाषा का प्रयोग करते हैं। भाषा तो सरल है, लेकिन बुद्धि का घड़ा औंधे रखा हो तो कोई बात दिमाग में कैसे घुसे? सो हमने भी इसे समझने की जहमत नहीं की। हमारे हाथ की सफाई के लिए सरकार ने स्वच्छ भारत के नाम पर लाखों-करोड़ों रुपया फूंक दिया। फिर उन्हीं लाखों-करोड़ों की उगाही के लिए कभी हमसे धूम्र शलाका फुंकवा दिया। तो कभी मुँह में खजांची बना दाने-दाने में केसर ढूँढ़वाने लगा दिया। हिसाब बराबर। तुम अपने घर खुश और हम अपने घर। कहते हैं सबका दिन आता है। सो हाथ की सफाई वाला दिन भी आया। आया तो आया ऐसा आया कि हाथ की सफाई से लेकर मुँह, नाक, आँख या यूँ कहें कि पूरे बदन को साबून से धोने की नौबत आ पड़ी। ऊपर से मुँह और नाक पर चिथड़े का टुकड़ा अलग से। कुछ दिनों तक यह टिटिम्मा भी खूब चला। सबका अंत आता है। मास्क का भी आया। जब कोई वस्तु अति होने लगती है, त उसका पतन भी अति करने वाला ही करता है। कुछ लोग जिंदगी को तपाकर कुंदन बनाने की कोशिश में लगे रहते हैं तो कुछ महाशय खुद लोगों के क्रंदन से पॉपुलर हो गए। माना कि हाथ की सफाई वाले विज्ञापन का हमने ठीक से पालन नहीं किया। इसका मतलब यह तो नहीं कि हाथ की सफाई के साथ-साथ मुँह, नाक और बदन की सफाई कहीं भारी न पड़ जाए।

## दिग्गज मुक्केबाज मेवेदर जापान के मिकूरू से भिड़ेंगे, पिता को दिया सफलता का श्रेय

**नई दिल्ली।** दिग्गज अमेरिकी मुक्केबाज फ्लायड मेवेदर सितंबर में जापान के मिश्रित मार्शल आर्ट (एमएमए) फाइटर मिकूरू असाकूरा से प्रदर्शनी मुकाबले में भिड़ेंगे। जापान के मिकूरू का 16-3 का जीत-हार का रिकॉर्ड है। मेवेदर पांच साल पहले अजेय रहते



हुए पेशेवर मुक्केबाजी को अलविदा कह चुके हैं लेकिन वह प्रदर्शनी मुकाबलों में हिस्सा ले रहे हैं। तीन साल पहले मेवेदर जापान में किक बॉक्सर तेनशिन नासुकावा को हराया था। उन्हें मुक्केबाजी के हाल ऑफ फेम में शामिल किया गया और उस दौरान वह भावुक हो गए थे। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय पिता को दिया। उन्होंने कहा कि मैंने कहा था कि मैं रोऊंगा नहीं पर क्या करूं... ये अविश्वसनीय (हाल ऑफ फेम में शामिल होना )है। यह मेरे करियर के श्रेष्ठ दिनों में से एक है।

## अफगानिस्तान ने 35 रन से जीता अंतिम टी20, जिम्बाब्वे को किया क्लीन स्वीप

**हरारे।** अफगानिस्तान ने जिम्बाब्वे के खिलाफ अंतिम टी20 में 35 रन से जीत दर्ज कर दौरे पर सभी छह सीमित ओवरों के मैच में



क्लीन स्वीप किया। अफगानिस्तान ने एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय में 3-0 की जीत के बाद टी20 श्रृंखला 3-0 से अपने नाम की। बाएं हाथ के युवा स्पिनर नूर अहमद ने अपने अंतरराष्ट्रीय पदार्पण में 10 रन देकर चार विकेट झटककर अपनी टीम को तीसरे टी20 में जीत दिलाई। अफगानिस्तान के आठ विकेट पर 125 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे को 17 वर्षीय अहमद ने नौ विकेट पर 90 रन पर रोक दिया। जिम्बाब्वे को पिछले महीने नामीबिया जैसी कमजोर टीम के खिलाफ भी टी20 श्रृंखला में हार मिली थी। इसके साथ ही घोषणा की गयी कि पूर्व कप्तान डेव ह्यूटन जिम्बाब्वे के कोच के तौर पर लालचंद राजपूत की जगह लेंगे।

जिम्बाब्वे क्रिकेट ने अपने कोचिंग दल में फेरबदल किया है जिसमें राजपूत को तकनीकी निदेशक की भूमिका दी गई है। मंगलवार को आपात बोर्ड की बैठक में ये बदलाव किए गए। राजपूत को 2018 में जिम्बाब्वे का कोच नियुक्त किया गया था और उनका अनुबंध 2021 में बढ़ाया गया था। लेकिन जिम्बाब्वे की टीम का तीनों प्रारूप में खराब प्रदर्शन जारी रहा और अफगानिस्तान की जीत के बाद उन्हें आखिर में हटा दिया गया। अफगानिस्तान ने कप्तान मोहम्मद नबी 31 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे जिससे टीम ने आठ विकेट पर 125 रन बनाये जो काफी कम स्कोर था।

## चोटिल हुए पूर्व नंबर 1 टेनिस खिलाड़ी एंडी मरे, सिंच चैम्पियनशिप से बाहर

**लंदन ।** ब्रिटेन के पूर्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी एंडी मरे ने सोमवार को घोषणा की कि वह पेट की चोट के कारण लंदन के क्वीन्स क्लब में होने वाली सिंच चैम्पियनशिप में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। 35 वर्षीय मरे क्वीन्स क्लब में सोमवार को मैच से पहले संवाददाता सम्मेलन संबोधित करने वाले थे। मरे के न आने पर आयोजकों ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सूचना दी कि वह विम्बल्डन चैम्पियनशिप से पहले होने वाले ग्रास-कोट टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। तीन बार के ग्रैंड स्लैम विजेता और पांच बार के क्वीन्स विजेता मरे ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, 'आज दोपहर एक स्कैन करवाने के बाद पता चला है कि मैं इस साल क्वीन्स में हिस्सा नहीं ले सकूंगा। यह प्रतियोगिता मेरे लिए बहुत मायने रखती है और इसमें हिस्सा न ले पाना निराशाजनक है।'

## नीरज चोपड़ा ने बनाया नया राष्ट्रीय कीर्तिमान, टोक्यो ओलंपिक में बनाए अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ा

**फिनलैंड।** टोक्यो ओलिंपिक में भाला फेंककर भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने एक नया कारनामा कर दिया है। नीरज ने फिनलैंड में पावो नुरमी गेम्स में अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया। चोपड़ा ने खेल के दौरान यहां 89.30 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ थ्रो का प्रदर्शन किया। इसके साथ उन्होंने अपने ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार कर रजत पदक जीत लिया। इससे पहले, नीरज ने टोक्यो ओलिंपिक के दौरान 87.58 मीटर का थ्रो कर राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था। इस थ्रो के दम पर ही उन्होंने टोक्यो में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीता था।

टोक्यो ओलंपिक में खेलने के बाद यह जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा का पहला टूर्नामेंट है और वह पहली बार फील्ड में उतरे। इस दौरान नीरज का सामना दिग्गज जेवलिन थ्रोअर्स से होना था।



इसमें पूर्व चैंपियन जोहानेस वेटर और वर्ल्ड चैंपियन एंडरसन पीटर्स शामिल हैं। पीटर्स ने हाल ही में अपना पर्सनल बेस्ट सुधारा था और डायमंड लीग में 93.07 मीटर जैवलिन थ्रो किया था। नुर्मी गेम्स 1957 से फिनलैंड के सबसे बड़े ट्रैक एंड फील्ड इवेंट में से एक है। यह वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर मीट का भी हिस्सा है।

**नीरज को मिला दूसरा स्थान**

नीरज का यह 10 महीने के बाद पहला टूर्नामेंट था और उन्होंने दूसरे प्रयास में 89.30 का थ्रो किया जो कि अब उनका निजी सर्वश्रेष्ठ थ्रो बन गया है। उन्होंने पहले प्रयास में 86.92 मीटर थ्रो किया था। नीरज के तीसरे, चौथे और पांचवें प्रयास अमान्य रहे। नीरज ने अपने आखिरी प्रयास में 85.85 मीटर के थ्रो के साथ समापन किया।

नीरज ने भले ही अपना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा लेकिन वह फिनलैंड के ओलिवियर हेलांडेर से पीछे रहकर दूसरे स्थान पर रहे, जिससे उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। हेलांडेर ने 89.93 मीटर के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। नीरज चोपड़ा ने इससे पहले 88.07 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड पिछले साल मार्च में पटियाला में बनाया था। उन्होंने 7 अगस्त, 2021 को 87.58 मीटर के थ्रो के साथ टोक्यो ओलंपिक का स्वर्ण पदक जीता था।

## भारत ने फिलीपीन्स को हराकर एएफसी एशियाई कप के लिए किया क्वालीफाई

**कोलकाता ।** भारतीय फुटबॉल टीम ने फलस्तीन की उलानबटोर में खेले गए ग्रुप बी के मैच में फिलीपीन्स पर जीत से एएफसी (एशियाई फुटबॉल परिसंघ) एशियाई कप फाइनल्स के लिए क्वालीफाई कर लिया। इस परिणाम का मतलब है कि फलस्तीन ने ग्रुप में शीर्ष पर रहने के कारण 24 टीम के फाइनल्स के लिए सीधे क्वालीफाई कर लिया जबकि चार अंकों के साथ दूसरे स्थान पर काबिज होने के बावजूद फिलीपीन्स बाहर हो गया। छह क्वालीफाईंग ग्रुप में से केवल शीर्ष पर रहने वाली टीम ही सीधे क्वालीफाई करती हैं। इसके अलावा अपने ग्रुप में दूसरी सर्वश्रेष्ठ टीम को भी आगे बढ़ने का मौका मिलता है। भारत के ग्रुप डी में छह अंक हैं और वह गोल अंतर में हांगकांग से पीछे दूसरे स्थान पर है। उसने अपने आखिरी ग्रुप मैच से पहले ही क्वालीफाई कर लिया। यह पहला अवसर है जबकि भारत ने लगातार दूसरी बाद एशियाई कप के लिए क्वालीफाई किया है। वह 2019 में ग्रुप लीग से बाहर हो गया है। भारत ने कुल मिलाकर पांचवीं बार - 1964, 1984, 2011, 2019 और अब 2023 में इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता के लिये क्वालीफाई किया।



## खेलो इंडिया के खिलाड़ियों को जेब खर्च भी देगा साई, 2189 खिलाड़ियों के लिए 6.52 करोड़ का बजट

**नई दिल्ली।** भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स में भाग लेने वाले 2189 खिलाड़ियों के लिए 6.52 करोड़ की राशि आवंटित की है। ये पैसे अप्रैल से जून तक के समय में जेब खर्च के रूप में खिलाड़ियों को दिए जाएंगे। साई एक खिलाड़ी के जेब खर्च के लिए 29785 रुपये खर्च कर रहा है। ये पैसे सभी 21 श्रेणियों के खिलाड़ियों को दिए जाएंगे, जिसमें पैरा एथलीट भी शामिल हैं।

साई की तरफ से बताया गया कि वार्षिक खेलो इंडिया स्कॉलरशिप स्कीम के तहत 6.28 लाख की आर्थिक मदद हर उस खिलाड़ी को दी गई है, जो किसी मान्यता प्राप्त ट्रेनिंग सेंटर में अभ्यास कर रहा है। इसमें 1.20 लाख का जेब खर्च भी शामिल है। जेब खर्च के लिए मिलने वाले सालाना 1.20 लाख रुपये सीधे खिलाड़ियों के बैंक अकाउंट में जमा किए जाएंगे। वहीं, बाकी का पैसा खिलाड़ियों की ट्रेनिंग, खाने, रहने और शिक्षा पर खर्च किया जाएगा। खिलाड़ी को खेलो इंडिया एकेडमी में ही रहना होगा, जहां उसे ट्रेनिंग दी जाएगी।




**घर जाने का किराया भी देगा साई–** साई की तरफ से दिए जाने खर्च में घर जाने के लिए लगने वाला किराया भी शामिल है। इसके अलावा घर में खाने का पैसा और खिलाड़ी के बाकी खर्चे भी साई ही वहन करेगा। खेलो इंडिया टैलेंत डेवलपमें स्कीम के तहत इसके लिए पैसा दिया गया है।

## हिंदू-मुस्लिम विवाद पर वर्ल्ड चैंपियन बॉक्सर निकहत जरीन ने तोड़ी चुप्पी, बोलीं- मेरे लिए तो...

**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाज निकहत जरीन ने धार्मिक मसले को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने लगातार धर्म के नाम पर उनकी आलोचना करने वाले लोगों को मुंहतोड़ जवाब देते हुए कहा कि वह बॉक्सिंग रिंग में देश का प्रतिनिधित्व करती हैं। जरीन से लोग उनकी मेहतन और उपलब्धियों से ज्यादा धर्म को लेकर सवाल करते हैं। अपनी धार्मिक पृष्ठभूमि को लेकर आलोचना झेलने वाली निकहत ने कहा कि उनके लिए हिंदू-मुस्लिम मायने नहीं रखता है।

बॉक्सिंग में करियर बनाने के लिए सामाजिक पूर्वाग्रहों का सामना करने वाली 25 साल की निकहत ने एक कार्यक्रम के दौरान स्पष्ट रूप से कहा कि वह किसी समुदाय के लिए नहीं खेलती हैं। उनका लक्ष्य भारत के लिए खेलना और भारत के लिए जीतना है। निकहत ने कहा, 'बतौर खिलाड़ी मैं भारत का प्रतिनिधित्व करती हूं।'निकहत ने कहा, 'मेरे लिए हिंदू या मुस्लिम मायने नहीं रखता है। मैं किसी भी समुदाय का प्रतिनिधित्व नहीं करती हूं। मैं सिर्फ देश के लिए उतरती हूं और पदक जीतकर खुश हूं।' निकहत



ने इस मामले के अलावा खिलाड़ियों के मानसिक दवाब को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा कि भारतीय खिलाड़ी मानसिक दबाव से निपटने में अभी पीछे हैं। उन्हें वैश्विक टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए ट्रेनिंग की जरूरत है।दरअसल, भारतीय खिलाड़ी छोटे-छोटे टूर्नामेंट में तो शानदार प्रदर्सन करते हैं, लेकिन ओलंपिक या वर्ल्ड जैसे बड़े टूर्नामेंट में लड़खड़ा जाते हैं। भारतीय बॉक्सर में कमी के सवाल पर निकहत ने कहा, 'हमारे खिलाड़ी बहुत ही प्रतिभाशाली हैं और हम किसी से कम नहीं हैं। हमारे पास गति, ताकत और कौशल भी है। बस मानसिक दबाव को झेलने के लिए ट्रेनिंग दी जानी चाहिए।' निकहत पिछले महीने फ्लाईवेट स्पर्धा में वर्ल्ड चैंपियन बनी थीं। 28 जुलाई से बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन होगा। इसमें निकहत भाग लेंगी। दिग्गज खिलाड़ी मैरी कॉम ट्रायल में चोटिल होने के कारण इस बार टूर्नामेंट में नहीं खेल पाएंगी। ऐसे में निकहत से भारत को पदक की उम्मीदें हैं।

## केएल राहुल का इंग्लैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट खेलना संदिग्ध

**नई दिल्ली।** भारतीय सलामी बल्लेबाज केएल राहुल की चोट ज्यादा बढ़ गई है। ऐसी खबरें हैं कि वह इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट में भी खेल नहीं पाएंगे। टीम इंडिया इस सीरीज में 2-1 से आगे चल रही है। पांचवां टेस्ट काफी महत्वपूर्ण हैं अगर इंग्लैंड जीता तो वह सीरीज को बराबर कर सकती है जबकि भारत के पास इस टेस्ट को जीतकर इतिहास बनाने का मौका होगा। इस खास टेस्ट के लिए बीसीसीआई ने पहले ही अपने प्रमुख खिलाड़ियों रोहित शर्मा, विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच टी-20 मैचों की सीरीज से राहत दी थी। राहुल वर्तमान में बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में रिहैबिलिटेशन के दौर से गुजर रहे हैं और अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि कर्नाटक का क्रिकेटर कब तक मैदान पर एक्शन से बाहर रहेगा। पता चला है कि उनकी शिकायत पूरी तरह दूर नहीं हुई है। सूत्रों ने संकेत दिया है कि इंग्लैंड श्रृंखला में उनकी भागीदारी संदिग्ध है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं कर सका कि क्या उन्हें सफेद गेंद



के खेल को भी छोड़ना होगा। भारतीय टीम दो ग्रुप में इंग्लैंड के लिए रवाना होगी। पहला बैच 16 जून को रवाना होगा जबकि दूसरा 20 जून को कोच राहुल द्रविड़, पंत और श्रेयस अय्यर सहित जाएगा। बता दें कि भारत और इंग्लैंड के बीच एकमात्र टेस्ट मैच 1 जुलाई से 5 जुलाई तक खेला जाएगा। अभी केएल राहुल की जगह कौन टीम में आएगा इसको लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। लेकिन माना जा रहा है कि टीम इंडिया के पास पहले से अच्छे ओपनर है ऐसे में इसकी जरूरत नहीं पड़ेगी।

**इंग्लैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के लिए भारतीय टीम**

रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल (उपकप्तान) शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, हनुमा विहारी, चेतेश्वर पुजारा, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), केएस भारत (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद शमी, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, उमेश यादव, प्रसिद्ध कृष्णा

## जॉनी बेयरस्टो ने इंग्लैंड के लिए टेस्ट में ठोका दूसरा सबसे तेज शतक

**नॉटिंघम ।** नॉटिंघम के ट्रेंट ब्रिज मैदान पर इंग्लैंड ने आखिरकार विकेटकीपर बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो के आतिशी शतक के साथ 5 विकेट से जीत हासिल कर ली। चाय के बाद क्रीज पर उतरी इंग्लैंड को 40 ओवरों में 150 से ज्यादा रनों की आवश्यकता थी। ऐसे में बेयरस्टो ने धुआंधार पारी खेलकर पहले तो शतक लगाया साथ ही इंग्लैंड के लिए एक बड़ा रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया। बेयरस्टो अब इंग्लैंड के लिए दूसरे सबसे तेज शतक बनाने वाले प्लेयर बन गए हैं। बेयरस्टो ने ट्रेंट ब्रिज के मैदान पर 77 गेंदों पर शतक लगाया। उनसे पहले इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज गिल्बर्ट जेसोप ने 1902 में चिर-प्रतिद्वंद्वी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 76 गेंदों में शतक बनाया था। बेयरस्टो के शतक की खास बात यह रही कि उन्होंने अर्धशतक 50 गेंदों में बनाने के बाद 100 तक पहुंचने में 27 गेंदें ही लीं। उन्होंने यह शतक चौथी पारी में बनाया जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। मैच में बेयरस्टो के 92 गेंदों में बनाए गए 136 रन के अलावा कप्तान बेन स्टोक्स ने भी 75 रन बनाए। 299 रन का पीछा करने उतरी इंग्लैंड टीम एक



समय 93 रन पर चार विकेट गंवा चुकी थी। ऐसे में जॉनी बेयरस्टो ने कप्तान बेन स्टोक्स के साथ साझेदारी बनाई। बेयरस्टो इस दौरान अकेले ही कीवी गेंदबाजों की खबर लेते रहे। उनके बल्ले से 14 चौके और सात छक्के निकले जबकि कप्तान बेन स्टोक्स ने 70 गेंदों में 10 चौके और चार छक्कों की मदद से 75 रन बनाए।

मैच जीतने के बाद जॉनी बेयरस्टो ने कहा- वहां बाहर होना बहुत मज़ेदार था। जब आप उस तरह के मूड में आते हैं तो आप बस आगे बढ़ना चाहते हो। बेन मुझसे कह रहे थे कि इसके बारे में मत सोचो। ऐसे ही चलता रहा। हम जानते हैं कि मध्यक्रम में हमारे पास कितनी ताकत है। आज हमारा दिन था और यह क्या दिन था। चाय के बाद उतरते वक्त हमने इसे एक दिवसीय मैच के रूप में देखा। पिच बहुत अच्छी थी, आउटफील्ड बहुत तेज थी। हम जिस ब्रांड का क्रिकेट खेलना चाहते हैं, ऐसे दिन बहुत रोमांचक होते हैं।

## चोटिल होने के बाद स्वदेश लौटे न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज काइल जैमीसन

**नॉटिंघम ।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज काइल जैमीसन ट्रेंट ब्रिज में दूसरे टेस्ट मैच के दौरान चोट लग गई थी जिसके बाद उन्हें मैच से बाहर होना पड़ा था। उनकी एमआरआई स्कैन से पता चला है कि उनकी पीठ के निचले हिस्से में तनाव के कारण अब वह स्वदेश लौटेंगे। टेस्ट के तीसरे दिन गेंदबाजी करते हुए 27 वर्षीय को चोट लग गई और कोच गैरी स्टीड ने उम्मीद की कि सितंबर या अक्टूबर में खेलने के लिए संभावित पुनर्वास कार्यक्रम शुरू करने से पहले चार से छह सप्ताह के आराम की आवश्यकता होगी।

तेज गेंदबाज ब्लेयर टिकर को जैमीसन के प्रतिस्थापन के रूप में टीम में बुलाया गया है और अगले सप्ताह लीड्स में तीसरे टेस्ट से पहले यूके पहुंचेंगे। टिकर के घरेलू टीम के साथी डेन क्लीवर को विकेटकीपर कैम फ्लेचर के प्रतिस्थापन के रूप में अपना पहला टेस्ट कॉल-अप प्राप्त हुआ है जो कि ग्रेड-दो दाएं-हैमस्ट्रिंग तनाव के साथ दौरे से बाहर हो गए हैं। फ्लेचर को दूसरे टेस्ट के चौथे



दिन क्षेत्ररक्षण के दौरान चोट लगी और उसे ठीक होने में छह से आठ सप्ताह लगेंगे।

मार्च में नीदरलैंड का सामना करने के लिए टी20 टीम के हिस्से के रूप में न्यूजीलैंड द्वारा क्लीवर को पहली बार बुलाया गया था। हालांकि मैच मौसम के कारण रद्द कर दिया गया था। स्टीड ने जैमीसन और फ्लेचर के प्रति सहानुभूति व्यक्त की और उनके प्रयासों के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। स्टीड ने कहा, खिलाड़ियों को चोट के कारण जल्दी से हटने के लिए मजबूर होना हमेशा दुखद होता है। काइल ने लॉर्ड्स में पहले टेस्ट में इतनी बड़ी भूमिका निभाई थी और मुझे पता है कि दूसरे टेस्ट में शामिल ना होने से वह कितना निराश था। वह स्पष्ट रूप से हमारे लिए एक बड़ी संपत्ति है और हम सुनिश्चित करेंगे कि हम धैर्य रखें कि वह इस साल के अंत में बहुत अधिक महत्वपूर्ण क्रिकेट के लिए पूरी तरह से फिट हो जाए।

उन्होंने आगे कहा कि ब्लेयर और डेन के लिए अगले सप्ताह हेडिंग्ले में अंतिम टेस्ट के लिए हमारे साथ जुड़ना रोमांचक है। ब्लेयर दौरे के पहले भाग के लिए हमारे साथ थे और उनका कौशल टीम के लिए एक मूल्यवान संपत्ति होगी।

यह डेन का टेस्ट टीम के साथ पहला अनुभव होगा और मुझे पता है कि वह यहां आने और इस भूमिका भिगोने का इंतजार कर रहा होगा। तीसरा टेस्ट 23 जून से हेडिंग्ले में होगा।

## फीडे महिला स्पीड चैस - विश्व ब्लिट्ज़ चैम्पियन बीबिसारा को हराकर वैशाली क्वाटर फाइनल में

**चेन्नई।** फीडे फीडे महिला स्पीड चैस टूर्नामेंट के मुख्य चरण के पहले प्ले ऑफ मुक़ाबले में भारत की आर वैशाली नें बेहतरीन परिणाम हासिल करते हुए कजाकिस्तान की वर्तमान विश्व ब्लिट्ज़ शतरंज चैम्पियन बीबिसारा अस्सौबाएवा को पराजित कर दिया है और साथ ही अंतिम 8 में सबसे पहले जगह बना ली है । वैशाली नें बेस्ट ऑफ थ्री सेट में खेले गए कुल 24 मुकाबलों में 13-11 से जीत हासिल करते हुए क्वाटर फाइनल में जगह बनाई। सबसे पहले सेट में दोनों खिलाड़ियों के बीच 5 मिनट +1 सेकंड के 8 मुक़ाबले हुए जिसमें वैशाली नें 5-2 से जीत हासिल की और बढ़त बना ली । इसके बाद दूसरे सेट में दोनों खिलाड़ियों के बीच 3 मिनट +1 सेकंड के 8 मुक़ाबले हुए जिसमें वैशाली नें 4.5-3.5 से जीत हासिल की और 9.5-5.5 से बढ़त बना ली और उन्हे जीत के लिए अब कम से कम 3.5 अंको की जरूरत रह गयी । तीसरे सेट में दोनों खिलाड़ियों के बीच 1 मिनट +1 सेकंड के 8 मुक़ाबले हुए और इस बार बीबिसारा नें वापसी की जोरदार कोशिश की पर वह वैशाली को जरूरी 3.5 अंक बनाने से नहीं रोक सकी । बीबिसारा 5.5-3.5 से से सेट तो जीत गयी पर वैशाली 13-11 से प्ले ऑफ जीतने में सफल रही ।

## पाकिस्तान आर्मी ने 2.8 प्रतिशत घटाया अपना रक्षा बजट

**इस्लामाबादः** पाकिस्तान की सेना ने कहा कि जनता की धारणा के विपरीत वर्ष 2022-23 के लिए रक्षा बजट को जीडीपी के 2.8 प्रतिशत से घटकर 2.2 प्रतिशत कर दिया गया है। दुनिया न्यूज टीवी को दिए एक साक्षात्कार में सेना के प्रवक्ता मेजर जनरल बाबर



इफ्तिखार ने कहा कि लोग अक्सर रक्षा बजट के बारे में बात करते हैं, लेकिन ''सीमित संसाधनों में हम सभी जिम्मेदारियों को पूरा कर रहे हैं, जबकि भारत ने हमेशा रक्षा बजट बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति बढ़ने और रुपए के कमजोर पड़ने जैसे कारकों के बाद वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए बजट आवंटन में कमी आई है। इफ्तिखार ने कहा, ''जब आप मुद्रास्फीति बढ़ने और रुपये के कमजोर पड़ने के मद्देनजर देखते हैं तो यह (रक्षा बजट) वास्तव में घट गया है। यह पिछले साल सकल घरेलू उत्पाद का 2.8 प्रतिशत था और अब 2.2 प्रतिशत पर है। इसलिए, रक्षा बजट जीडीपी के संदर्भ में लगातार नीचे जा रहा है।

## चीन ने भारतीयों पर दो साल पहले लगाया कोविड वीजा प्रतिबंध हटाया

**बीजिंग।** चीन ने कोविड-19 महामारी के मद्देनजर बीजिंग द्वारा लगाए गए सख्त वीजा प्रतिबंधों के चलते दो साल से अधिक समय से भारत में फंसे भारतीय पेशेवरों और उनके परिजनों को वीजा जारी करने की योजना का ऐलान किया है। इसके अलावा, चीन सरकार चीनी विश्वविद्यालयों में पढ़ रहे उन हजारों भारतीय छात्रों के आवेदनों का भी निपटारा कर रही है, जिन्होंने पढ़ाई के लिए अपने कॉलेज और विश्वविद्यालयों में लौटने की इच्छा जताई है।भारत स्थित चीनी दूतावास ने दो साल से अधिक समय के बाद अपनी कोविड-19 वीजा नीति को अद्यतन किया, जिसके तहत सभी क्षेत्रों में काम दोबारा शुरू करने के लिए चीन लौटने के इच्छुक विदेशी नागरिकों और उनके परिजनों से वीजा आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे। यह कदम उन हजारों भारतीय पेशेवरों और उनके परिजनों के लिए बड़ी राहत है, जो 2020 से ही स्वदेश में फंसे हुए हैं। पिछले महीने चीन में रह रहे कई भारतीय पेशेवरों ने विदेश मंत्री एस जयशंकर से बीजिंग पर भारत में फंसे अपने परिजनों को वापस आने की अनुमति देने का दबाव बनाने का अनुरोध किया था। नयी दिल्ली स्थित चीनी दूतावास ने कहा कि भारतीयों के अलावा उन चीनी और विदेशी नागरिकों के परिजन भी अपने परिजनों या रिश्तेदारों से मिलने की खातिर वीजा के लिए आवेदन दे सकते हैं, जिनके पास चीन का स्थायी निवास परमिट है। भारतीयों (जिनमें से कुछ की शादी चीनी नागरिकों से हुई है) के अलावा विभिन्न कंपनियों के लिए काम करने वाले कई चीनी कर्मचारी भी बीजिंग के वीजा प्रतिबंधों और उड़ानें रद्द होने के कारण भारत में फंसे हुए थे। हालांकि, चीनी दूतावास ने स्पष्ट किया है कि पर्यटन और निजी उद्देश्यों के लिए वीजा सेवा अभी भी निलंबित रहेगी। अप्रैल में भारत से लंबे समय से चल रही बातचीत के बाद चीन 'कुछ' भारतीय छात्रों को वापसी की अनुमति देने के लिए सहमत हो गया था। उसने नयी दिल्ली स्थित भारतीय दूतावास से लौटने के इच्छुक भारतीय छात्रों का विवरण जुटाने के लिए कहा था।

## विवेकानंद योग विश्वविद्यालय की अमेरिका के पूर्वी तट पर नया परिसर खोलने की योजना

**वाशिंगटन।** विवेकानंद योग विश्वविद्यालय ने पूर्वी तट पर एक नया परिसर खोलने की योजना तैयार की है। लॉस एंजिलिस परिसर में 12 जून को विश्वविद्यालय के पहले दीक्षांत समारोह में 23 छात्रों को मास्टर ऑफ साइंस (योग) की डिग्री दी गई थी। इसके न्यासी बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. एच. आर. नागेंद्र ने कहा, '' हम पूर्वी तट पर भी कुछ (विवेकानंद योग विश्वविद्यालय का परिसर) बनाने की योजना बना रहे हैं।'' उन्होंने बताया कि वह पूर्वी तट में विश्वविद्यालय का एक परिसर बनाने के लिए न्यूयॉर्क के प्रख्यात भारतीय-अमेरिकी प्रेम भंडारी के साथ बातचीत कर रहे हैं।योग गुरु नागेंद्र विश्वविद्यालय के चांसलर भी हैं। उन्होंने 2022 में बेंगलुरू में विश्व के पहले योग विश्वविद्यालय की स्थापना की थी। उन्होंने बताया कि अमेरिका में योग की बढ़ती लोकप्रियता, देश में योग चिकित्सकों, शिक्षकों और शोधकर्ताओं की बढ़ती मांग को देखते हुए यह फैसला किया गया है। योग गुरु नागेंद्र ने कहा कि यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र के प्रयासों का नतीजा है।

## बांग्लादेश का सबसे बड़ा 'पद्म पुल' तैयार, 25 जून को होगा उद्घाटन

**ढाकाः** बांग्लादेश के सबसे बड़े पुल 'पद्मा पुल' का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है और इसी माह 25 जून को प्रधानमंत्री शेख हसीना इसका उद्घाटन कर इसे राष्ट्र को समर्पित करेंगी। पद्मा नदी पर बने इस द्विस्तरीय पुल के अभी ऊपरी तल को सड़क परिवहन के लिए खोला जाएगा और निचले तल पर निर्माणाधीन रेलवे लाइन के शुरू होने पर ढाका (बांग्लादेश) से कोलकाता (भारत) की दूरी लगभग आधी रह जाएगी। ढाका-कोलकाता के बीच अभी संचालित हो रही 'मैत्री एक्सप्रेस ट्रेन' द्वारा इस पुल के प्रयोग से यात्रा का समय भी दो तिहाई कम हो जाएगा जिससे सैंकड़ों रेलयात्रियों को फायदा होगा। नई दिल्ली स्थित बांग्लादेश उच्चायोग के प्रेस मंत्री शाबान महमूद ने यहां पहुंचे भारतीय पत्रकारों के एक दल को पुल के दौरे के दौरान बताया कि पद्मा पुल के निर्माण पर 30,193.39 करोड़ टका (3.6 बिलियन डॉलर) की लागत आई है और इस संपूर्ण राशि का वित्त पोषण बांग्लादेश सरकार द्वारा किया गया है। उन्होंने बताया कि भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद विश्व बैंक इस परियोजना के लिए कर्ज संबंधी करार से पीछे हट गया था। इसके बाद शेख हसीना सरकार ने इस परियोजना को स्वयं वित्त पोषित करने का फैसला किया। देश की इस महत्वाकांक्षी परियोजना पद्मा पुल का निर्माण चीनी कंपनी, चाइना रेलवे मेजर ब्रिज इंजीनियरिंग ग्रुप कंपनी लिमिटेड (एमबीईसी) द्वारा किया गया है । अन्य परियोजनाओं में चीन की कंपनियों के शामिल होने व वित्तीय मदद के बावजूद शेख हसीना सरकार पूरी सतर्कता बरत रही है। बांग्लादेश के सूचना मंत्री डॉक्टर हसन महमूद ने शनिवार को ढाका में भारतीय पत्रकारों के



दल से बातचीत के दौरान सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं को खारिज किया था। महमूद ने कहा' पद्मा पुल निर्माण के लिए अंतरराष्ट्रीय निविदा जारी की गई थी और अंतरराष्ट्रीय निविदा में चीनी कंपनी को कुछ काम मिला...(निविदा बोली में) वे सबसे कम थे। अन्य परियोजनाओं में भी ऐसा हुआ है। इसी तरह से भारत में चीनी कंपनियां कई प्रोजेक्ट तैयार कर रही हैं, वैसा ही यहां पर भी है। हम (चीन से) कर्ज भी नहीं ले रहे हैं, एक-दो प्रोजेक्ट में ऐसा है, कर्ज को लेकर हम बेहद सतर्क हैं । '

ढाका में भारतीय अधिकारियों ने भी बताया कि बांग्लादेश अपने यहां चीनी कंपनियों को परियोजनाएं सौंपने को लेकर भारत की सुरक्षा चिंताओं का पूरी तरह ध्यान रख रहा है। प्रधानमंत्री शेख हसीना ने 4 जुलाई 2001 को मुंशीगंज जिले के मावा में पद्मा पुल का शिलान्यास किया था। इस पुल के शुरू होने के साथ बांग्लादेश का वह सपना साकार होगा जो उसने लगभग दो दशक पहले देखा था। बांग्लादेश ब्रिज प्राधिकरण के अनुसार, दो स्तरीय मुख्य पद्मा पुल 6.15 किलोमीटर लंबा है और इसके ऊपरी तल पर चार लेन की सड़क है जबकि निचले तल पर रेलवे लाइन है। इसके अनुसार यह पुल लौहागंज, मुंशीगंज को शरीयतपुर व मदारीपुर से जोड़ेगा। 25 जून से सड़क मार्ग के शुरू होने के साथ ही पद्मा पुल के जरिये देश का दक्षिण-पश्चिम भाग उत्तर और पूर्वी क्षेत्र से जुड़ जाएगा। फिलहाल सड़क मार्ग से वाहनों का संचालन शुरू होगा, क्योंकि पद्मा नदी पर रेलवे पुल अभी तैयार नहीं हुआ है। बांग्लादेश रेलवे के अधिकारियों के अनुसार, पद्मा नदी पर रेलवे पुल मार्च, 2024 तक चालू होने की उम्मीद है। इसके बाद 'मैत्री एक्सप्रेस ट्रेन' से ढाका (बांग्लादेश) से कोलकाता (भारत) के लिए यात्रा का समय दो तिहाई कम हो जाएगा। अभी मैत्री एक्सप्रेस 400 किलोमीटर का सफर तय कर 10 घंटे में कोलकाता से नादिया, गेदे होते हुए ढाका छावनी स्टेशन पहुंचती है। अधिकारियों के अनुसार, पद्मा पुल का निर्माण पूरा होने के बाद, ट्रेन कोलकाता स्टेशन से बनगांव जंक्शन, हरिदासपुर बॉर्डर, बेनापोल, जेसोर, नारेल और फरीदपुर होते हुए ढाका पहुंच सकेगी। इस मार्ग की दूरी करीब 251 किलोमीटर होगी जिसे तय करने में मैत्री एक्सप्रेस को साढ़े तीन घंटे से ज्यादा नहीं लगेंगे।

## अमेरिका में बाढ़ ने मचाई तबाही, 'येलोस्टोन नेशनल पार्क' में फंसे 10 हजार से अधिक लोग

**न्यूयार्कः** अमेरिका के येलोस्टोन में बाढ़ के कारण देश के सबसे पुराने राष्ट्रीय उद्यान से 10,000 से अधिक लोग फंसे हुए है जिनको जल्द निकालने का आदेश दिया गया है। बाढ़ के कारण कई पुल तथा सड़कें बह गईं हैं, हालांकि किसी के हताहत होने की अभी तक कोई खबर नहीं है। तीन राज्यों में फैले इस विशाल पार्क में केवल कैंप में मौजूद लोग ही बचे थे, जो अब वहां से बाहर निकल रहे हैं। अधीक्षक कैम शोली ने बताया कि 'येलोस्टोन नेशनल पार्क' एक



सप्ताह तक बंद रह सकता है और हो सकता है कि उत्तरी प्रवेश द्वार इस साल अब गर्मी में दोबारा खोला ही ना जाए।

## IMF की कंगाल पाकिस्तान को सलाह- बजट लक्ष्यों को पूरा करने के लिए करे अतिरिक्त प्रयास

**इस्लामाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए पाकिस्तान को नई सलाह दी है। IMF का कहना है कि पाकिस्तान को अपने बजट को उसके अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष कार्यक्रम के प्रमुख उद्देश्यों के अनुरूप लाने के लिए अतिरिक्त उपाय करने की आवश्यकता होगी। पाकिस्तान ने शुक्रवार को 2022-23 के लिए 9.5 ट्रिलियन (47 बिलियन डॉलर) के बजट जारी किया, जिसका उद्देश्य ढ्रस्स्न को बहुत जरूरी बेलआउट भुगतानों को फिर से शुरू करने के लिए मनाने के प्रयास करना था । इस्लामाबाद में lender's resident प्रतिनिधिए स्तेर पेरेज़ रुइज़ ने कहा कि 'हमारा प्रारंभिक अनुमान है कि पाक को बजट को मजबूत करने और इसे प्रमुख कार्यक्रम उद्देश्यों के अनुरूप लाने के लिए अतिरिक्त उपायों की आवश्यकता होगी।' इससे पहले पाकिस्तान के वित्त मंत्री ने शनिवार को कहा कि IMF ने ईंधन सब्सिडी, बढ़ते चालू खाते के घाटे और अधिक प्रत्यक्ष करों को बढ़ाने की आवश्यकता सहित बजट संख्या के बारे में चिंता व्यक्त की है। पाकिस्तान के वित्त मंत्री मिफ्ता इस्माइल ने कहा कि अगर सरकार जुलाई तक पेट्रोलियम उत्पादों पर सब्सिडी खत्म नहीं करती है तो पाकिस्तान डिफाल्टर हो जाएगा। इस्माइल ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को एक और श्रीलंका बनने से बचने के लिए एक कठिन निर्णय लेने के लिए कहा था, जो वर्तमान में आर्थिक उथल-पुथल में है। इस्माइल ने कहा कि अगर पेट्रोल उत्पादों की सब्सिडी खत्म नहीं की गई तो आइएमएफ का कोई सौदा नहीं होगा।

## ब्रिटेन ने शरणार्थियों को रवांडा भेजने वाली पहली उड़ान की रद्द

**लंदन।** ब्रिटेन ने देर रात उस उड़ान को रद्द कर दिया जिससे शरणार्थियों को वापस रवांडा भेजा जाना था। इससे पहले मानवाधिकारों से संबंधित यूरोपीय अदालत ने हस्तक्षेप करते हुए कहा था कि इस योजना से ''वास्तविक खतरा' है। शरणार्थियों के वकीलों ने सरकार की सूची में शामिल प्रत्येक व्यक्ति के प्रत्यर्पण पर रोक लगाने के लिए दलीलें पेश की। विदेश मंत्री लिज ट्रुस ने पहले कहा था कि विमान उड़ान भरेगा चाहे उसमें कितने भी लोग सवार क्यों न हो। लेकिन अपील के बाद विमान में कोई भी सवार नहीं हुआ।

उड़ान रद्द करने का फैसला तब हुआ जब अदालत में दायर की गयी अपीलों पर तीन दिनों तक जोरदार बहस हुई। प्रवासी अधिकार वकीलों और श्रमिक संघों ने प्रत्यर्पण पर रोक लगाने की मांग की। चर्च ऑफ इंग्लैंड के नेताओं ने इस विरोध में शामिल होते हुए सरकार की नीति को ''अनैतिक' बताया। विरोध के बावजूद प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने ब्रिटेन की नीति का बचाव करते हुए दलील दी कि यह जिंदगियों को बचाने और उन आपराधिक गिरोहों को नाकाम करने का वैध तरीका है जो छोटी-छोटी नौकाओं से प्रवासियों की तस्करी करते है।गृह मंत्री प्रीति पटेल ने कहा कि वह निराश हैं कि विमान उड़ान नहीं



**उड़ान रद्द करने का फैसला तब हुआ जब अदालत में दायर की गयी अपीलों पर तीन दिनों तक जोरदार बहस हुई। प्रवासी अधिकार वकीलों और श्रमिक संघों ने प्रत्यर्पण पर रोक लगाने की मांग की।**

भर सका लेकिन साथ ही कहा कि वह ''सही चीज करने से नहीं रुकेंगी। उन्होंने कहा, ''हमारा कानूनी दल इस उड़ान को लेकर लिए गए प्रत्येक फैसले की समीक्षा कर रहा है और अब अगली उड़ान की तैयारियां शुरू हो गयी है। गौरतलब है कि जॉनसन ने अप्रैल में रवांडा के साथ एक समझौते की घोषणा की थी, जिसमें गैरकानूनी रूप से ब्रिटेन में प्रवेश करने वाले लोगों को वापस प्रत्यर्पित किया जाएगा। ऐसे लोगों को स्वीकार करने के बदले रवांडा को सहायता के रूप में लाखों डॉलर मिलेंगे।

## मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन अगले महीने 'आई2यू2' शिखर सम्मेलन में लेंगे हिस्सा



**वाशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, इजरायल के प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाह्यान अगले महीने आयोजित होने वाले ऑनलाइन शिखर सम्मेलन 'आई2यू2' में हिस्सा लेंगे। व्हाइट हाउस ने यह जानकारी दी।

व्हाइट हाउस ने कहा कि चारों नेता शिखर सम्मेलन के दौरान खाद्य सुरक्षा संकट और सहयोग के अन्य क्षेत्रों को लेकर चर्चा करेंगे। बाइडेन प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने संवाददाताओं से कहा कि चार देशों के इस ऑनलाइन शिखर सम्मेलन को 'आई2यू2' नाम दिया गया है, जो 13 से 16 जुलाई तक बाइडेन की पश्चिम एशियाई देशों की यात्रा के दौरान आयोजित होगा। बाइडेन ने पुष्टि की कि वह अगले महीने सऊदी अरब की यात्रा पर जाएंगे और उसके नेताओं से मुलाकात करेंगे। बाइडेन 13 से 16 जुलाई तक पश्चिम एशिया की अपनी पहली यात्रा के दौरान इजराइल, वेस्ट बैंक और सऊदी अरब का दौरा करेंगे।

## कम्प्यूटर सिस्टम में खराबी से घंटों बाधित रहीं स्विटजरलैंड की हवाई सेवाएं

**जिनेवा।** कम्प्यूटर सिस्टम में आई खराबी से स्विटजरलैंड की हवाई सेवाएं घंटों बाधित रहीं। इस कारण भारी अफरातफरी का माहौल रहा। हवाई अड्डों पर विमानों के उतरने व वहां से विमानों की उड़ान बंद हो जाने से यात्रियों के परिजन भी परेशान रहे।

बुधवार सुबह अचानक तकनीकी खराबी की वजह से स्विटजरलैंड के हवाई क्षेत्र के बंद होने की सूचना प्रसारित की गयी। एयर ट्रैफिक कंट्रोल की ओर से बताया गया कि कंप्यूटर सिस्टम में आई खराबी की वजह से हवाई क्षेत्र का संचालन संभव नहीं है। एक अधिकारी ने बताया कि हवाई यातायात नियंत्रण प्रणाली को कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बताया गया कि हवाई यातायात नियंत्रण प्रणाली से जुड़े एक कंप्यूटर ने बुधवार को अचानक काम करना बंद कर दिया। इससे स्विट्जरलैंड के दो प्रमुख हवाई अड्डों, जेनेवा व ज्यूरिख पर विमानों के उड़ान भरने और विमानों के उतरने की प्रक्रिया को रोक दिया गया। विमानन अधिकारियों ने अगली सूचना तक हवाई क्षेत्र बंद रखने के आदेश जारी कर दिये।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम एवम् योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवम् क्रियायोग आश्रम अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश 211019 से प्रकाशित।

Title UPHIN 29506

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बंधित विवादों का न्याय क्षेत्र कौशाम्बी, प्रयागराज होगा।

## डेनमार्क-कनाडा हैंस द्वीप के बंटवारे पर सहमत

**कोपेनहेगन।** डेनमार्क और कनाडा के बीच आर्कटिक में बंजर और आबादी रहित चट्टानी (हैंस) द्वीप को लेकर 49 साल पुराना विवाद खत्म हो गया। दोनों देश इस छोटे द्वीप को बांटने पर सहमत हो गए। समझौते के मुताबिक, इस 1.3 वर्ग किलोमीटर के हैंस द्वीप पर एक सीमा रेखा खींची जाएगी। यह द्वीप डेनमार्क के अर्ध स्वायत्त क्षेत्र ग्रीनलैंड के उत्तर-पश्चिम तट और कनाडा के एलेस्मेयर द्वीप के बीच समुद्री मार्ग पर स्थित है। हैंस द्वीप पर खनिजों का कोई भंडार नहीं है।

डेनमार्क के विदेश मंत्री जेप्पे कोफोड ने कहा- 'यह स्पष्ट संकेत है कि सीमा विवादों को व्यवहारिक और शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाना संभव है जिसमें सभी पक्षों की जीत हो।' उन्होंने कहा कि दुनिया में युद्ध और अशांति के बीच यह अहम संकेत है।

कनाडा और डेनमार्क 1973 में नारेस जलडमरूमध्य के माध्यम से ग्रीनलैंड और कनाडा के बीच एक सीमा बनाने के लिए सहमत हुए थे। मगर वे इस बात से सहमत नहीं थे कि हैंस द्वीप पर किस देश की संप्रभुता होगी। बाद के वर्षों में इस विवाद को मीडिया ने 'व्हिस्की युद्ध' का उपनाम दिया गया। इस मुद्दे को कई बार उठाया गया। सहमति के मौके पर दोनों विदेश मंत्रियों ने व्हिस्की की बोतलों का आदान-प्रदान भी किया।

## मैक्सिको में फायरिंग : सुरक्षाबलों पर बंदूकधारियों ने की गोलीबारी; 10 अपराधी मारे गए, 3 पुलिसकर्मी भी घायल

**मेक्सिको।** मेक्सिको के में टेक्सकाल्टिट्लान में पुलिस और बंदूकधारियों के बीच गोलीबारी हुई। इसमें 10 बंदूकधारी मारे गए और 4 घायल हो गए। इस दौरान 3 पुलिसकर्मी भी घायल हुए। पुलिस ने इस घटना में शामिल 7 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। गोलीबारी मेक्सिको सिटी से लगभग 130 किमी दक्षिण-पश्चिम में टेक्सकाल्टिट्लान शहर हुई।

**पुलिस ने मौके से जब्त किए हथियार**

घटनास्थल से पुलिस ने 20 राइफल्स, पिस्तौल, हैंडगन, कारतूस, पांच वाहन, मिलिट्री यूनुफॉर्म और बुलेटप्रूफ जैकेट जब्त की हैं। मेक्सिको के जिस इलाके में गोलीबारी हुई, वहां ड्रग डिलर और गैंगवार का आतंक रहता है। इस घटना की जानकारी मेक्सिको अभियोजक कार्यालय ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर साझा की।

**हिंसा से सरकार परेशान**

इस हिंसा से राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर की सरकार परेशान है। पिछले दिनों मेक्सिको की राजधानी मेक्सिको सिटी में सुरक्षित सड़कों की मांग को लेकर लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया था। मैनुअल लोपेज




सरकार ने आश्वासन दिया था कि हिंसा और अपराध को लेकर लगाम कसी जाएगी। अब मंगलवार को सुरक्षाबलों पर हुई गोलीबारी ने सरकार की चिंता बढ़ा दी है।

**मेक्सिको में 2007 से खराब हालात**

मेक्सिको में 2007 के बाद से हिंसा और गैंगवार जैसे अपराधों में बढ़ोतरी हुई। 2007 में ड्रग माफियाओं से लड़ने के लिए पूर्व राष्ट्रपति फेलिप काल्डेरन ने सेना को पर उतार दिया था। इसके बाद से मेक्सिको में हिंसा तेज हो गई थी, जो आज भी थमने का नाम नहीं ले रही है।

## दुनिया के 39 देशों में फैला मंकीपॉक्स, 1600 से ज्यादा मरीजों की पुष्टि, 72 मरे

**जिनेवा।** मंकीपॉक्स को लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन खासा परेशान है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक टेड्रोस अधनोम गेब्रेयेसस के मुताबिक अब तक दुनिया के 39 देशों में मंकीपॉक्स फैल चुका है। 1600 से ज्यादा मरीजों में मंकीपॉक्स की पुष्टि हो चुकी है और 72 लोगों की मंकीपॉक्स के कारण मौत हो चुकी है। अब विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 23 जून को मंकीपॉक्स पर विचार करने के लिए विशेषज्ञों की बैठक बुलाई है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक ने बताया कि 23 जून को स्वास्थ्य विशेषज्ञों की बैठक का उद्देश्य यह तय करना है कि मंकीपॉक्स के कारण अंतरराष्ट्रीय चिंता वाली सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थिति उत्पन्न हुई है या फिर नहीं। उन्होंने बताया कि इस साल अब तक 39 देशों से मंकीपॉक्स के 1,600 से अधिक पुष्ट और लगभग 1,500 संदिग्ध मामलों की जानकारी सामने आई है। उन्होंने बताया कि 39 देशों में सात ऐसे देश हैं, जहां मंकीपॉक्स के मामले वर्षों से सामने आ रहे हैं, जबकि 32 नए प्रभावित देश हैं। इसके अलावा, इस साल अब तक पहले से प्रभावित देशों से 72 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि नए प्रभावित देशों में अभी तक किसी की मौत नहीं हुई है। हालांकि ब्राजील से मंकीपॉक्स के शिकार एक व्यक्ति के मौत की जानकारी सामने आई है, किन्तु इसे सत्यापित करने का प्रयास हो रहा।